सुप्रभात

रांची, बुधवार

03.01.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 171




12 आमिर खान की बेटी आज ट्रेनर नुपुर के साथ करेंगी शादी

## सीएम ने भेजा पत्र, कहा- आरोप बताये इडी, सहयोग करने को हमेशा तैयार

# गुरुजी से मिले हेमंत, आज विधायक दल की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में सियासी हलचल के बीच मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता और झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से भेंट की। मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास पर करीब आधे घंटे तक सीएम रुके। सूत्रों के अनुसार सीएम ने अपने पिता के साथ राज्य में जारी सियासत, इडी प्रकरण और अन्य संबंधित जानकारी दी। तीन जनवरी को सीएम हाउस में होने वाली बैठक में महागठबंधन के मंत्रियों, विधायकों के शामिल होने और संभावित फैसलों पर भी चर्चा की। इस बीच मंगलवार को सीएमओ की ओर इडी को पत्र भेजा गया। पत्र में कहा गया है कि जांच एजेंसी आरोप बताये, वह हमेशा सहयोग को तैयार हैं। पर समन के जरिये इडी मीडिया ट्रायल नहीं कराये।



### गुरुजी ने दिये टिप्स

गुरुजी से भेंट के दौरान सीएम हेमंत ने महत्वपूर्ण टिप्स और सहमति भी ली कि आगे अब क्या कदम उठाये जाने हैं। इससे पहले मंगलवार की सुबह सीएम ने महाधिवक्ता को सीएम हाउस बुलाया था। ईडी प्रकरण और इसके लिए संभावित कानूनी विकल्पों के संबंध में जानकारी ली थी।

### निकट भविष्य में कल्पना के चुनाव लड़ने की संभावना नहीं : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को गांडेय विधानसभा सीट से पत्नी कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने के कयासों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह सब भाजपा की दिमागी उपज है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन कयासों में कोई सच्चाई नहीं है। एक समाचार एजेंसी से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि ये अटकलें पूरी तरह गलत हैं। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के निकट भविष्य में चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है।

### आज की बैठक में बनेगी रणनीति

सीएम ने तीन जनवरी को जेएमएम विधायक दल की बैठक बुलायी है। इस बैठक में पार्टी के सभी मंत्री और विधायक शामिल होंगे। इनके अलावा गठबंधन दल यानी कांग्रेस, आरजेडी और माले के विधायकों को भी बैठक में बुलाया गया है। यह बैठक कांके रोड स्थित पुराने मुख्यमंत्री आवास के सभागार में शाम 4.30 बजे होगी। बैठक में इडी के समन और उसका सामना किये जाने पर चर्चा की संभावना है।

### इडी को भेजे पत्र में सीएम ने कहा

**मंगलवार** को दोपहर करीब दो बजे सीएम सचिवालय का एक कर्मी सीलबंद लिफाफा लेकर ईडी के दफ्तर पहुंचा। सीएम सचिवालय के कर्मी ने इडी को पत्र सौंप दिया। जानकारी के अनुसार सीएम की तरफ से इस बार ईडी को जो पत्र भेजा गया है, उसमें कहा गया है कि वह एजेंसी के साथ सहयोग के लिये तैयार हैं। लेकिन पहले उन्हें यह बताया जाये कि आखिर एजेंसी उन्हें किसलिए बुला रही है। वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि समन की जानकारी उनसे पहले मीडिया तक पहुंचाई जाती है। जिसकी वजह से उन्हें मीडिया ट्रायल का सामना करना पड़ रहा है। इडी उन्हें बार-बार समन कर रही है, जबकि उन्होंने सभी मामलों में अपना पक्ष स्पष्ट रूप से पहले ही रख दिया है। एजेंसी का समन राजनीति से प्रेरित है। बार-बार समन भेजकर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। सीएम ने यह भी लिखा है कि वे ईडी के सारे सवालों का जबाब दे चुके हैं, ऐसे में नया समन भेजने का कोई मतलब नहीं है। सीएम ने अपने पत्र में एजेंसी से यह आग्रह है कि ईडी उनके खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई न करे।

## न्यूज डायरी

### पूर्व भाजपा संगठन मंत्री हृदयनाथ का निधन



**रांची।** 2005 तक झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री रहे हृदयनाथ सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनके देहावसान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में झारखंड को रजत

**रांची।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 28 दिसंबर, 2023 से एक जनवरी तक चले 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के अंडर 14 बालिका एवं बालक वर्ग हॉकी मुकाबले में झारखंड की बेटियों ने कमाल कर दिया है। सदीपा तिर्की की कप्तानी में बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से हरा कर कांस्य पदक जीता है।

### रीमिक्स फॉल में डूबने से युवक की मौत

**खूंटी।** मारंगहादा थाना क्षेत्र स्थित पिकनिक स्पॉट रीमिक्स फॉल में मंगलवार सुबह डूबने से करीब 40 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे सुरक्षित शीतगृह में रख दिया।

### नये कानून को सुप्रीम कोर्ट में दी गयी चुनौती

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति के लिए चुनाव करने वाली समिति में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करने का प्रावधान वाले दिसंबर 2023 के नये कानून की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए दो याचिकाएं दायर की गयी हैं।

### हमारा देश और सभ्यता ज्ञान पर केंद्रित : मोदी

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)।** पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और उसकी सभ्यता हमेशा ज्ञान पर केंद्रित रही है। श्री मोदी ने यहां भारतीदासन विवि (बीयू) में 38वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा और तक्षशिला जैसे कुछ प्राचीन विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हैं।

### जापान के हवाईअड्डे पर दो विमानों की टक्कर

**टोक्यो।** टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे के रनवे पर मंगलवार को एक विमान की टक्कर दूसरे विमान से हो गयी। इस घटना के बाद विमान में आग लग गयी। हालांकि, सभी 379 यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया। दुर्घटना में शामिल तट रक्षक विमान के चालक दल के 5 सदस्यों की मौत हो गयी है।

### लॉज से आदिवासी युवती का शव बरामद

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के बांधपाड़ा स्थित लॉज के कमरे से मंगलवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक आदिवासी युवती कुमुदिनी हांसदा का शव दुमका पुलिस ने बरामद किया है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## रांची पहुंचे कांग्रेस के प्रभारी, एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

# इडी के डराने से झारखंडी डरनेवाले नहीं : जीए मीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने पहले दौरे पर मंगलवार को रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग बहादुर हैं। वे ईडी के डराने से डरनेवाले नहीं हैं। कुछ नहीं होगा। मोदी सरकार कोई भी एजेंसी लगा ले, झारखंड में इसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पूरा देश जानता है कि जहां-जहां चुनाव नजदीक आते हैं, वहां ईडी, सीबीआइ और न जाने कौन-कौन सी एजेंसी को लगा कर स्थिर सरकार को डराया जाता है। झारखंड के लोग इसे फेस करना जानते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत



टर्मिनल से बाहर निकलते ही गुलाम अहमद मीर का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़े की आवाज से पूरा एयरपोर्ट गूंज उठा। प्रदेश के नेताओं ने उनके स्वागत की जोरदार तैयारी की थी। एयरपोर्ट पर स्वागत करनेवालों में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, रांची नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजा, कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके बाद देर रात कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठकों का दौर चलता रहा।

# ट्रांसपोर्टर हड़ताल वापस लेने पर राजी, घोषणा शीघ्र

## एआइएमटीसी ने किया ऐलान, हिट एंड रन पर सरकार करेगी चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली, रांची।** दो दिनों से चल रही ड्राइवरों की हड़ताल जल्द ही खत्म होने के संकेत हैं। सरकार के साथ हुई बैठक के बाद ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट असोसिएशन (एआइएमटीसी) ने कहा है कि सभी मामलों का हल निकाल लिया गया है। जल्द ही हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया जायेगा, हालांकि इसकी तारीख नहीं बतायी गयी है। बता दें कि हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों ने देशभर में चक्काजाम कर दिया था। इसके बाद यातायात की समस्या के साथ फ्यूल का भी बड़ा संकट खड़ा हो गया। गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा, सरकार ने इस मुद्दे पर संज्ञान लिया और एआइएमटीसी के साथ विस्तृत चर्चा की। सरकार बताना चाहती है कि ये नये प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। इसे लागू करने से पहले एआईएमटीसी के साथ विचार विमर्श किया जायेगा। हैं। ट्रक एसोसिएशन ने भी कहा है कि हड़ताल जल्द ही वापस ली जायेगी। हड़ताल से कई समस्याएं हो गयी थीं। (शेष पेज 11 पर)

### मंगलवार को भी दिखा असर



बस सहित अन्य वाहन चालकों की ओर से नये हिट एंड रन कानून में बदलाव की मांग को लेकर एक से तीन जनवरी तक घोषित हड़ताल का असर दूसरे दिन मंगलवार को भी देखने को मिल रहा है। एक जनवरी को भी हड़ताल का असर देखने को मिला था। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में ज्यादातर बसों का परिचालन ठप है। विरोध प्रदर्शन के कारण दोपहिया और चार पहिया वाहनों में घबराहट पैदा हो गयी है। पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारें लग गयी हैं। आंदोलन में सबसे ज्यादा बंगाल, बिहार और यूपी से रांची आने वाली बसें है। राज्य के अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे हुए हैं।

# अबकी बार चार सौ पार तीसरी बार मोदी सरकार

## नये नारे के साथ भाजपा ने फूंका लोकसभा चुनाव का बिगुल

- विधानसभा स्तर पर नये वोटर्स को लेकर सम्मेलन व महिला सम्मेलन पर जोर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के हमलों के बीच भाजपा का जोश हाई है। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नया नारा तैयार तैयार किया है। भाजपा 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार' के नारे के साथ लोकसभा चुनाव के रण में उतरने वाली है।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में बड़ी बैठक हुई। जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में पार्टी के असंतुष्ट नेताओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही चुनाव पर एक कमेटी का गठन भी किया गया। लोकसभा को लेकर बैठक में तय हुआ है कि देशभर में विधानसभा स्तर पर नये वोटर्स को लेकर सम्मेलन और महिला सम्मेलन किये जायेंगे। बैठक में फर्स्ट टाइम वोटर्स, युवाओं और महिला मतदाताओं से संपर्क पर फोकस किया गया है। बैठक में राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सह-संयोजक तय किये हैं। (शेष पेज 11 पर)

### मरांग गोमके की जयंती पर आज खूंटी को कई सौगात

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बुधबार को खूंटी को कई सौगात देंगे। ओलंपिक में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की (तीन जनवरी 2024) को उनके पैतृक गांव टकरा में जयंती मनायी जा रही है। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा होंगे। गांव में मारंग गोमके के समाधि स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद का आयोजन होगा। कार्यक्रम में खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा सहित एवं जिला प्रशासन की टीम उपस्थित रहेगी। तैयारी को लेकर मंगलवार को प्रमुख छोटराय मुंडा, बीडीओ ज्योति कुमारी, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी गांव पहुंचे।

# इडी ने जेलर से पूछा- जेल से कैसे दी जा रही हैं धमकियां

- जेल से धमकी का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर प्रमोद कुमार से मंगलवार को इडी ने लंबी पूछताछ की। इडी अधिकारियों ने जेलर से पूछा कि आखिर जेल के अंदर से पत्रकारों को धमकियां कैसे दी जा रही हैं। इन्हीं धमकियों को लेकर इडी ने जेलर को तलब किया गया था। मंगलवार को करीब 10:45 बजे जेलर एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। रांची जेल से 29 दिसंबर को योगेंद्र तिवारी ने रांची के एक अखबार के प्रधान संपादक को फोन किया था। इस फोन कॉल पर धमकी दिये जाने की शिकायत सदर थाने में की गयी थी। इसका अनुसंधान राज्य सीआइडी भी कर रहा है। समन के बाद जेलर को जेल में योगेंद्र तिवारी के वार्ड की सीसीटीवी फुटेज व जेल के टेलीफोन बूथ के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के साथ बुलाया गया था। (शेष पेज 11 पर)

### इडी को मिले हैं कई सबूत



गौरतलब है कि योगेंद्र तिवारी के खिलाफ ईडी के आरोप पत्र में कई सनसनीखेज खुलासे भी हुए हैं। ईडी ने कोर्ट में जो आरोप पत्र सौंपा है, उसमें बताया गया है कि योगेंद्र तिवारी ने अवैध तरीके से बालू, शराब और जमीन कारोबार से पैसे जुटाये। इन पैसों के जरिए साल 2021 में शराब के थोक कारोबार का ठेका 14 जिलों में हासिल किया। कारोबार के लिए उसने अपने कर्मचारियों और करीबियों के नाम पर कंपनियां खोली, लेकिन इन कंपनियों से आया लाभ और संचालन योगेंद्र तिवारी के द्वारा किया जाता था।

### दाहू के पुत्र राहुल का इडी कोर्ट में सरेंडर

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ से अधिक की राशि की मनी लाउंड्रिंग मामले में फरार दाहू यादव का बेटा राहुल यादव ने मंगलवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में दिन के 11 बजे अपने वकील के साथ पहुंचा और राहुल यादव ने सरेंडर किया। सरेंडर के बाद उसके वकील अनिल सिंह महाराणा ने अदालत में कहा कि राहुल ईडी के पास पूछताछ के लिए जाने को तैयार है। पूछताछ में सहयोग करेगा। अदालत ने वकील के पक्ष सुनने के बाद आरोपी को पांच जनवरी तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया है।

## 17 को सार्वजनिक होगी रामलला की मूर्ति, ट्रस्ट ने तोड़ी चुप्पी

# गर्भगृह में स्थापना से पहले एक बच्चे की तरह होगा पूरा कार्यक्रम




रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम के बाल स्वरूप यानी रामलला के स्थापना समारोह के साथ भव्य राम मंदिर के लोकार्पण की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। अब तैयारी लगभग अंतिम दौर में है। 16 जनवरी को वाराणसी से 50 विद्वानों का समूह अयोध्या पहुंचेगा और 17 से अनुष्ठान की शुरुआत भी हो जायेगी। पंडित सुनील लक्ष्मीकांत दीक्षित ने बताया कि किस दिन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी और रामलला को एक बच्चे की तरह कैसे निद्रा करायी जायेगी। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट कहा कि गर्भगृह में रामदरबार नहीं बल्कि रामलला की बाल स्वरूप प्रतिमा स्थापित की जायेगी। अफवाहों पर ध्यान न दें। भव्य राम मंदिर में स्थापित करने के लिए रामलला की तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति का चयन हो गया है। इसे लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कोई बयान जारी नहीं किया है। ट्रस्ट की ओर से नयी मूर्ति 17 जनवरी को सार्वजनिक की जायेगी। रामलला की चयनित अचल मूर्ति को शोभायात्रा के जरिये नगर भ्रमण कराया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### सबको भायी मूर्तिकार योगीराज की मूर्ति



सोशल मीडिया पर मूर्तिकार अरुण योगीराज की फोटो के साथ रामदरबार की वायरल हो रही मूर्ति के सवाल पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का कहना है कि वे इस पर कुछ नहीं कहेंगे। रामलला की अचल मूर्ति के दर्शन के लिए इंतजार करना होगा। कौन सी प्रतिमा स्थापित होनी है, इसका अंतिम निर्णय ट्रस्ट को ही करना है। हालांकि, यह लगभग तय है कि कर्नाटक के प्रख्यात मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनायी गयी रामलला की मूर्ति राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित की जायेगी। वोटिंग में योगीराज की ओर से कृष्णशिला पर बनायी गयी मूर्ति पर सहमति बन गयी है। इंतजार सिर्फ ट्रस्ट की ओर से आधिकारिक घोषणा करने का है।

# आतंकी शर्तों पर पाक से वार्ता नहीं : भारत

- कनाडा का रवैया न भारत के पक्ष में और न ही उसके

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान, भारत पर दबाव बनाने और उसे बातचीत की टेबल पर लाने के लिए आतंक का सहारा लेता रहा है। हाल के दिनों में घाटी में आतंक की कई घटनाएं भी सामने आयी हैं। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि पड़ोसी मुल्क संग रिश्तों पर भारत का रवैया अटल है। आतंकवाद और बातचीत दोनों एक साथ संभव नहीं है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की मुख्य नीति ही आतंकवाद रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने अब वह खेल खेलना बंद कर दिया है और पड़ोसी मुल्क की आतंक की नीति को अप्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान अक्सर ही नापाक मंसूबों के लिए सीमा पार से आतंकियों को भारत की ओर भेजता रहता है। एक एजेंसी को दिये इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा, पाकिस्तान लंबे समय से सीमा पार से आतंकवाद का इस्तेमाल भारत पर बातचीत के लिए दबाव बनाने को कर रहा है। ऐसा नहीं है कि हम अपने पड़ोसी के साथ बातचीत नहीं करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## राज्य की सियासी हलचल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी प्रतिक्रिया

# राज्यपाल संवैधानिक व्यवस्था को मजाक बनने से बचायें : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/दुमका।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को हेमंत सरकार पर फिर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार असंवैधानिक कार्य कर रहे हैं। उन्हें अब लग गया कि अब उनका जेल जाना तय है, इसलिए झामुमो विधायक सरफराज अहमद को विधानसभा से इस्तीफा दिलवाकर पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्हें यह भी पता है कि उनकी पत्नी आरक्षित सीट से विधायक नहीं बन सकती है। हाई कोर्ट ने यह निर्णय दिया है कि राज्य से बाहर की बहु झारखंड में आरक्षण की सुविधा नहीं ले सकती है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल के हाथों में संवैधानिक व्यवस्था को बचाने की जिम्मेवारी है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड की परिस्थिति में अब विधानसभा का कार्यकाल एक साल से भी कम बचा है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में राज्यपाल ही संवैधानिक व्यवस्था का मजाक होने से बचा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अब जेल से अपराधी बड़े अखबार के संपादक को धमकी दे रहे हैं। योगेंद्र तिवारी का शिबू सोरेन से गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि ऐसे दुर्दांत अपराधियों को बाहर भेजा जाना चाहिए था लेकिन मुख्यमंत्री से उनके गहरे संबंध हैं। वे जेल से सत्ता का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें ट्रांसफर की प्रक्रिया मालूम है। यदि राज्य के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, डीजीपी की हस्ताक्षरित संचिका के निर्णय लागू नही हों तो समझा जा सकता है कि सत्ता का संचालन कोई और कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आकंठ में लिप्त हैं और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण भी दे रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए सरकार के खजाने से करोड़ो रुपए हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के महंगे वकीलों पर खर्च किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी के सातवें समन के बाद भी उनका पूछताछ से भागना यह बताता है कि जवाब देने से डर रहे हैं। ईडी के सवालों का उनके पास कोई जवाब नहीं है।

## कल्पना सोरेन के सीएम बनने से राज्य में होगा जंगलराज : मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया के जरिये कहा है कि कल्पना सोरेन के सीएम बनने से राज्य में जंगलराज हो सकता है। सीएम अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश में लगे हैं। झारखंड में भी बिहार के जंगल राज के जमाने का इतिहास दुहराने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि घपले-घोटाले एवं आदिवासियों की जमीन-जायदाद, जल, जंगल, जमीन, पहाड़, लूटकर थोड़े समय में ही बेहिसाब धन-दौलत जमा करने की भूख के चलते केस मुकदमे में फंसे सोरेन परिवार के एक्सीडेंटल सीएम हेमंत सोरेन के सारे पैंतरे फेल हो गये तो वे अब अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाकर खुद जेल जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्पना को मुख्यमंत्री बनाकर जेल से राजपाट चलाने की योजना को सफल बनाना हेमंत के लिये उतना आसान नहीं है।

## भू-अर्जन मुआवजा राशि का नहीं हो रहा भुगतान, राज्यपाल संज्ञान लें : लंबोदर

**गोमिया विधायक ने राज्यपाल से बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को समाप्त कराने का किया अनुरोध**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को बताया कि केंद्रीय सड़क परियोजनाओं में अधिग्रहित भूमि के बदले मुआवजा राशि का भुगतान प्रक्रिया संतोषजनक नहीं है जिसके कारण उन पथों के निर्माण कार्य में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने मुआवजा राशि का भुगतान को लेकर पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देने का अनुरोध राज्यपाल से किया। वहीं बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट को जिला बनाने को लेकर चल रहे आंदोलन को समाप्त कराने, लंबित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देने, गोमिया डिग्री कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति और तेनुघाट डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया और आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया।

उन्होंने बताया कि एनएचआई द्वारा स्वीकृत भारतमाला परियोजना के तहत बनारस से कोलकाता सिक्स लेन पथ में भू-अर्जन एवं वन भूमि अपयोजन की स्थिति अत्यंत खराब है। एनएचआई द्वारा स्वीकृत जैनामोड़-गोला फोर लेन पथ में भी भू-अर्जन की राशि एवं वन भूमि अपयोजन की स्थिति खराब है। यही स्थिति झारखंड सरकार के एसएचएजे द्वारा स्वीकृत बरलंगा-नेमरा पिरगुल चौक-बंगाल सिवाना पथ का भी है। इसके कारण इस पथ निर्माण काम की गति भी काफी धीमी है।

उन्होंने राज्यपाल का बताया कि गत 6 दिसंबर से बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) को जिला बनाने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी है। मगर अब तक राज्य प्रशासन, जिला प्रशासन एवं अनुमंडल प्रशासन मूकदर्शक है। इसके कारण आंदोलनकारी के साथ-साथ अनुमंडल के लोगों में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने राज्यपाल से गंझडी से हुरलुंग भाया चतरो चट्टी एवं रजरप्पा से ललपनिया पथ की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं कि इसको लेकर उन्होंने आवाज नहीं उठायी है, बावजूद इसके फलाफल शून्य है। इससे पहले उन्होंने राज्यपाल को नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक के साथ राज्यपाल से मिलनेवालों में समाजसेवी कौशल्या देवी एवं पर्वतारोही शशि शेखर भी थे।

### झारखंड में राजनीतिक उठापठक के बीच राज्यपाल गये चेन्नई, 8 को होगी वापसी

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक उठापठक के बीच राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन चेन्नई रवाना हो गये। वह मंगलवार क शाम 6.30 बजे चेन्नई को रवाना हुए। बताया जा रहा है कि वह 8 जनवरी को लौट सकते हैं। इस बीच चर्चा का बाजार काफी गर्म है। सभी आकलन करने में लगे हुए हैं। ईडी से बढ़ते खतरे को देखते हुए सीएम हेमंत सोरेन काफी प्लान पर एक साथ काम कर रहे हैं। पार्टी की तरफ से बुधवार को गठबंधन के विधायकों की बैठक सीएम आवास पर रखी गयी है। हालांकि बताया जा रहा है कि राज्यपाल अपने तय कार्यक्रम के तहत चेन्नई गये हैं।

### सचिवालय सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन, एसीपी, एमएसीपी के लिए बनी गाइडलाइन

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों-कर्मियों को समय पर प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने इनके वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश तय कर दिया है। इसके तहत झारखंड सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों-कर्मियों के प्रोन्नति, एसीपी, एमएसीपी के मामलें में देय तिथि, वर्ष के पिछले पांच वर्षों में से यदि किन्हीं चार वर्षों (48 माह) की वार्षिक गोपनीय अभ्युक्तियां उपलब्ध हो तो इनका अवलोकन कर इसके आधार पर पदाधिकारियों, कर्मियों देय प्रोन्नति, एसीपी, एमसीपी के मामले पर विचार किया जा सकता है। इस संबंध में कार्मिक सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। पहले स्पष्ट गाइडलाइन नहीं होने की वजह से विभागीय प्रोन्नति समिति के समक्ष रखे जाने वाले प्रस्तावों में स्पष्टता का अभाव रहता था, जिस वजह से कई परेशानी होती थी।

## हमारे देश में विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत: सीपी राधाकृष्णन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राज भवन में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ इस कार्यक्रम के तहत हमारे देश के एक क्षेत्र के युवा दूसरे क्षेत्र की संस्कृति से अवगत हो रहे हैं एवं आपस में संवाद कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की भाषा, खान-पान, रीति रिवाज, परम्परा अलग-अलग हैं लेकिन हमारे देश में विविधता में एकता है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस कार्यक्रम के तहत देश के युवा इसको भी आत्मसात कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवा देश के कर्णधार होते हैं, भविष्य के निमार्ता होते हैं। युवा अपना लक्ष्य निर्धारित कर एवं संयमित होकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। इससे आपकी प्रगति होगी और देश की भी प्रगति होगी। प्रगति के लिए मन से नकारात्मक भाव निकालना आवश्यक है। अपने ज्ञान का सकारात्मक उपयोग करें। जीवन में असफलता भी आती है लेकिन असफलता और अवसाद से आगे बढ़कर हमें लगातार कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल महोदय ने इस कार्यक्रम में एनआईटी कुरुक्षेत्र, हरियाणा तथा आईआईआईटी, रांची से आए प्रध्यापकों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

### भाजपा के पूर्व संगठन महामंत्री हृदयनाथ सिंह का निधन, शोक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पूर्व संगठन महामंत्री ह्दय नाथ सिंह के निधन पर शोक जताया है। मालूम हो कि हृदयनाथ सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। वे झारखंड भाजपा में वर्ष 2005 तक संगठन महामंत्री थे। शोक जताने वालों में गंगोत्री कुजूर, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, राज पालिवाल, विनोद शर्मा, प्रणव वर्मा, सुनील सिंह, जेपी पटेल, आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, मुनेश्वर साहू, नवीन जायसवाल, विवेक भवानी सिंह, शर्मिला रजक, काजल प्रधान, रीता मिश्रा, मिस्त्री सोरेन, दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन सिंह, प्रतुल शाहदेव, प्रदीप सिन्हा, अमित कुमार, अविनेश कुमार शामिल हैं।

## सेवाशर्त नियमावली को लेकर बीआरपी सीआरपी का लोकतांत्रिक आंदोलन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के बीआरपी सीआरपी अपने दैनिक कार्यों का निष्पादन काला बिल्ला लगाकर कर रहे हैं। मालूम हो कि बीआरपी सीआरपी अपनी लंबित समस्या के समाधान एवं सेवाशर्त नियमावली के लिए संघर्षरत हैं। परियोजना में बीआरपी सीआरपी को छोड़कर अन्य परियोजना कर्मी को उच्च वेतन के साथ सभी बुनियादी सुविधाएं प्राप्त है। यह कष्टकारी, निराशाजनक एवं अफसोस की बात है कि बीआरसी में सबसे अत्यंत अल्प मानदेय भोगी कर्मी बीआरपी सीआरपी हैं। बीआरसी में कार्यरत रात्रि प्रहरी/आदेशपाल को भी बीआरपी सीआरपी से ज्यादा मानदेय एवं अन्य बुनियादी सुविधा प्राप्त है। पारा शिक्षकों को मानदेय बीआरपी सीआरपी से फरवरी 2022 से ज्यादा दिया जा रहा है। साथ ही उनकी वार्षिक वृद्धि भी देय है। सरकार की इस दोहरी नीति से आहत होकर बीआरपी सीआरपी अपनी सेवा शर्त नियमावली को लागू करने के लिए आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में बीआरपी सीआरपी दो दिन के पेन डाउन स्ट्राइक के बाद अब काला बिल्ला लगाकर कार्य कर रहे हैं। संघ द्वारा आंदोलन की समीक्षा के लिए 7 जनवरी को बैठक रखी गई है। अगर विभाग से कोई सकारात्मक पहल नहीं होती है तब वृहद आंदोलन करने पर विचार होगा।

### देश के लिए नया काला कानून है हिट एंड रन : राजद

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा नए काला कानून व्यवसायिक वाहन चालकों भाइयों के लिए परेशान एवं हैरान करने वाला कानून है। इस नए कानून से पूरे देश के वाहन चालक के लिए एक नई मुसीबत लेकर नई साल में आने वाली है, प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार विदेशी कानून ड्राइवर भाइयों के लिए भारत में लागू करना चाहती है। केंद्र सरकार को पहले यह जानकारी होनी चाहिए कि भारत के वाहन चालकों को कम वेतन साथ ही साथ अन्य सुविधा भी नहीं मिलती है। कम वेतन में अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वैसी स्थिति में यह काला कानून व्यवसाय चालकों के लिए हैरान एवं परेशान करने वाली है।

## हिट एंड रन कानून किसी भी प्रकार के वाहन चालकों के लिए डेथ वारंट समान : आलोक दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि हिट एंड रन कानून किसी भी प्रकार के वाहन चालकों के लिए डेथ वारंट है। पार्टी के आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए हिट एंड रन कानून का विरोध किया है। साथ ही बस, ट्रक व अन्य वाहनों के चालक और संबंधित ऐसोसिएशन द्वारा राज्य व्यापी एवं देशव्यापी किए गए हड़ताल का समर्थन किया है। श्री दूबे ने कहा केन्द्र सरकार का विभिन्न वाहन चालकों के लिए लागू किया गया यह एक काला कानून है, जो एक तरह से डेथ वारंट है। हिट एंड रन कानून में किसी भी प्रकार से अगर दुर्घटना होती है और अगर ड्राइवर भागते हैं तो सजा और जुर्माना का प्रावधान होगा और जो चालक नहीं भागते हैं तो आम जनता उनकी जान ले सकती है। ऐसी परिस्थिति में उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। वर्तमान भाजपा की सरकार में प्रतिदिन ट्रेन हादसे हो रहे हैं। केन्द्र सरकार के मंत्रियों के लिए सजा का प्रावधान क्यों नहीं है। आलोक दूबे ने कहा कि कल से सभी स्कूल भी खुल रहे हैं और अगर बस चालकों की हड़ताल हो गई तो पठन-पाठन पर भी असर पड़ेगा।

**जनता को 1947 के बैलगाड़ी दौर में लाना चाहती है सरकार :** लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि हिट एंड रन कानून के लागू होने से पूरा देश अस्त व्यस्त हो गया है। केन्द्र सरकार देश की जनता को 1947 के बैलगाड़ी दौर में लाना चाहती है। इस कानून के माध्यम से छोटे छोटे ट्रांसपोर्टर बन्द कर अडानी और अंबानी के हाथों पूरी व्यवस्था सौंपने की प्रधानमंत्री की साज़िश है।

**काम छोड़कर भागने लगे हैं ड्राइवर :** डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा हिट एंड रन कानून को लेकर राज्य के ट्रांस्पोर्टरों एवं ड्राइवर की हड़ताल पर चले जाने से खाने पीने की सामग्री से लेकर पेट्रोलियम पदार्थ एवं गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर असर पड़ना शुरू हो गया है। ड्राइवर काम छोड़ कर भाग रहे हैं। उन्होंने कहा इस काले कानून का विरोध किया जाएगा।

### वाहन चालकों के समर्थन में उतरा राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा, कहा

## केंद्र सरकार काले कानून को वापस ले

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कोई भी वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है। इसलिए वाहन चालकों के द्वारा किए जा रहे हड़ताल का ओबीसी समाज की ओर से समर्थन करता हूं और प्रधानमंत्री से इस कानून में वाहन चालकों और दुर्घटना पीड़ितों के हितों को ध्यान में रखते हुए संशोधन की मांग करता हूं। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि गत संसद सत्र में पारित भारतीय न्याय संहिता में नए मोटर व्हीकल कानून के अनुसार अगर किसी के गाड़ी से एक्सीडेंट हो जाता है और वह भाग जाता है तो उसे 7 लाख का जुर्माना लगेगा। साथ ही 10 वर्ष तक की सजा होगी। अगर नहीं भागते हैं तो जुर्माना नहीं लगेगा। सुनने में यह अच्छा लगता है लेकिन व्यावहारिक रूप में यह आसान नहीं होता है। अधिकतर ऐसा देखा जाता है कि कोई एक्सीडेंट हुआ और वह ड्राइवर रुक गया तो भीड़ उसे पीट-पीट कर मार देने पर उतारू हो जाती है। ऐसे में कोई उस ड्राइवर की रक्षा के लिए नहीं आता है।

श्री गुप्ता ने कहा कि कोई भी वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है और कोई जरूरी नहीं है कि दुर्घटना में मृत व्यक्ति ही सही हो। गलत तरीके से वाहन चलाने के कारण दोषी व्यक्ति की भी दुर्घटना में अगर मृत्यु हो जाती है तो फिर जीवित व्यक्ति को कैसे न्याय मिलेगा। कैसे पता चलेगा कि गलती मृत व्यक्ति की थी जिसके कारण से दुर्घटना हुई। राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चालकों के हड़ताल से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गैस से लेकर सब्जी आपूर्ति भी बाजार से गायब होने लगी है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस पर अभिलंब संज्ञान लेने और हड़ताल समाप्त कराने का आग्रह किया। जिससे इस हड़ताल की मार से आम आदमी के जीवन पर असर न पड़े और वाहन चालकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

### संगम गार्डेन में आयोजित स्वागत समारोह में कांग्रेसियों का मनोबल बढ़ा

## पार्टी में संगठन सशक्तिकरण का काम जारी रहेगा : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के स्वागत में आयोजित समारोह में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में लोक सभा की 14 सीटों को जीतने की कोशिश होगी। पूर्व में भी संगठन सशक्तिकरण का काम जारी है और आगे भी जारी रहेगा। पंचायत से बूथ तक की कमेटी को मजबूत कर चुनाव में जाने की तैयारी की जा रही है।

**2024 के लिए पूरी तरह तैयार रहें झारखण्ड के कार्यकर्ता : प्रणव**

एआईसीसी के सचिव प्रणव झा ने कहा कि झारखण्ड के कार्यकर्ता 2024 के लिए पूरी तरह तैयार रहें। लोकतंत्र को बचाना है, संविधान की रक्षा करनी है और इसका दायित्व कांग्रेस के कंधों पर जाता है। समारोह को सम्बोधित करने वालों में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, सुखदेव भगत आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में अमूल्य नीरज खलखो, गुंजन सिंह, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, कालीचरण मुण्डा, अनादि ब्रम्ह, प्रदीप तुलस्यान, फुरकान अंसारी, ददई दूबे, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, डॉ एम तौसीफ, निरंजन पासवान, चंचल चटर्जी, संजय पांडेय, मंजूर अहमद अंसारी, केदार पासवान, रमा खलखो, केशव महतो कमलेश, अशोक चौधरी, अजय नाथ शाहदेव, गजेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, मदन मोहन शर्मा, शिव कुमार भगत, राजेश सिन्हा सन्नी, डॉ राकेश किरण महतो, भीम कुमार, डॉ कुमार राजा, नवल किशोर, उपेन्द्र सिंह, अजय सिन्हा, जगदीश साहू, शांतनू मिश्रा, महेश साहू, केके राम, अजय शर्मा, शमशेर आलम, रोशन बरवा, रामा राउत, राज यादव, रमा ठाकुर, पुनीत हेम्ब्रम, डॉ बिरसा उराँव, अजीत राय, जावेद अंसारी, प्रिंस सिंह, बिनोद कुशवाहा, छोटू सिंह, राकेश सिंह, संतोष सिंह, जैश रंजन पाठक, प्रमोद सिंह, जोसाई मार्डी, छोटू सिंह, सोनल शांति, डॉ संजय सिंह, रवींद्र वर्मा, सुरेश सिंह, रामभजन सिंह मुंडा, कृष्णा कुमार, बरतु मुंडा, मुन्ना मुंडा, विश्राम महतो, मुमताज खान, शमशाद अंसारी, बेबी सिन्हा, बॉबी भगत, संतोष मंडल, नेसार खान, सुखेर भगत, झबरू बरवा, कमलेश पांडेय, देव शर्मा, रौशन, अमरनाथ मुण्डा आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सुकुरहुटू में ट्रांसपोर्ट नगर का काम 65 प्रतिशत पूरा, मई तक कार्य हो जायेगा पूरा

# नए साल में मिलेगा ट्रांसपोर्ट नगर का तोहफा

**राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर, शहर को मिलेगी जाम और प्रदूषण से मुक्ति**

**ट्रांसपोर्ट नगर में चालकों को नो इंट्री का भी झंझट नहीं**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी वासियों को वर्ष 2024 में बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर का भी तोहफा मिल जायेगा। नगर विकास विभाग के निर्देश पर जुडको द्वारा एजेंसी केएमवी से तेजी से कम कार्य जा रहा है। मई 2022 में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। मई 2024 में इसका काम पूरा हो जायेगा। यह राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर होगा। अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। तीन तलों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

**पूरी तरह से इको फ्रेंडली बन रहा गेवियन वाल :** सबसे खास बात यह है की जो यहां पत्थर का गेवियन वाल बन रहा है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। इसकी जोड़ाई में कही भी सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है। कांके प्रखंड के सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 112 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो रहा है। प्रथम फेज में बड़े छोटे कुल 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा। निमार्णाधीन लेबल एक प्लेटफार्म पर 93 एक्स्ट्रा लार्ज (22 मीटर लम्बा), 11 लार्ज टेलर (18 मीटर) और 27 स्माल (16 मीटर) वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा। इसी तरह लेबल दो प्लेटफार्म पर 179 लार्ज और 50 स्माल वाहन खड़ा किये जायेंगे।

### दो लेबल के वेयर हाउस भी बन चुके हैं

बाहर से आने वाले वाहनों के माल को रखने के लिए दो लेबल के वेयर हाउस भी बन चुके हैं। लेबल एक वेयर हाउस 6176 वर्ग मीटर तथा वेयर हाउस दो 3900 वर्ग मीटर का बन गया है। बाहर आने वाले वाहनों के माल इसी वेयर हाउस में खाली कर ट्रक चालक मुक्त हो जायेंगे। अब ट्रांसपोर्टर छोटे वाहनों से इसे जगह तक पहुंचाएंगे। इससे शहर में बड़े वाहन वहां नहीं घुसेंगे और जाम नहीं लगेगा। धूल और धुआं से से मुक्ति मिलेगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। ट्रांसपोर्ट नगर आने के लिए वाहनों को नो इंट्री की झंझट भी नहीं झेलना पड़ेगा, क्योंकि रिंग रोड नो इंट्री से मुक्त है।

### आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री

जी प्लस-3 एकीकृत भवन में ट्रांसपोर्टरों एवं अन्य के लिए 16 ऑफिस का प्रावधान किया गया है। ड्राइवर और खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री और 150 लोगों के बैठने के लिए फूड कोर्ट भी रहेगा। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, दो वे ब्रिज, सर्विस स्टेशन, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, वाई फाई, लैंड स्केपिंग और मनोरंजन के लिए स्थान उपलब्ध रहेगा।

# झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, आज से छायेंगे बादल, रांची में पांच से बारिश के आसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कड़ाके की ठंड के बीच झारखंड में मौसम बदलेगा। राज्य में चार से छह जनवरी तक बारिश के आसार हैं। बोकारो, पलामू, गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है, वहीं रांची में पांच जनवरी से बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि तीन, सात और आठ जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों जैसे पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा, लोहरदगा जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। वहीं पांच जनवरी को पश्चिमी एवं मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़) में बारिश हो सकती है। छह जनवरी को भी राज्य में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान है।

### सात व आठ जनवरी को भी छायेंगे आंशिक बादल

झारखंड में तीन जनवरी की सुबह में कोहरा और बाद में आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। सात और आठ जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इधर रांची और इसके आसपास के इलाकों में मौसम के मिजाज की बात करें तो तीन व चार जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रह सकता है। पांच से छह जनवरी को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना है। सात व आठ जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

# राज्यपाल से अधिकारी और नेताओं ने की मुलाकात, दी नववर्ष की बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को राज्य के पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ आजसू के विधायक मिले। सभी ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें नये साल की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में विधानसभा सदस्य लम्बोदर महतो ने राज भवन में भेंट की तथा उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इनके अलावा महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं अनिल पालटा ने उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज भवन में भेंट की तथा उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।





# ड्राइवर बंधु अफवाहों पर ध्यान ना दें, हम आपके साथ : चैंबर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कामर्स ने कहा कि ड्राईवर बंधु अफवाहों पर ध्यान न दें, चैंबर उनके साथ है। मोटर व्हीकल कानून में हुए संशोधन के नये प्रावधान से ड्राइवर बंधु विचलित नहीं हों। यह केवल प्रस्तावित बिल है जो अधिसूचित नहीं हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किये जाने के बाद ही यह कानून प्रभावी होगा। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस समेत राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं इस कानून के प्रावधान में संशोधन के लिए केंद्र सरकार से वार्ता कर रहे हैं। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन, बिरसा बस स्टैंड एसोसिएशन, स्कूल बस एसोसिएशन भी इस कानून में संशोधन के लिए लोकतांत्रिक तरीके से प्रत्येक स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा ताकि ड्राइवर बंधुओं का अहित न हो। इसलिए ड्राइवर बंधु किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें और वाहनों का परिचालन सामान्य रखें। झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बुधवार को चेंबर भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कानून के प्रावधान से ड्राइवरों ही नहीं बस मालिक और ट्रक मालिक भी प्रभावी होंगे। हम किसी भी स्थिति में ड्राइवर बंधुओं का अहित नहीं होने देंगे। झारखण्ड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ललित ओझा ने कहा कि बंद किसी समस्या का समाधान नहीं है, हमें स्ट्राइक से बचना चाहिए। यह कानून आया नहीं है बल्कि प्रस्तावित किया गया है। किसी भी स्थिति में ड्राइवर बंधु के साथ अन्याय होने नहीं दिया जायेगा।

रांची बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि प्रस्तावित प्रावधान सभी प्रकार के चालकों पर लागू होता है। केंद्र में विभिन्न संस्थाएं सरकार से वार्ता कर रही हैं, ऐसे में किसी भी स्थिति में वाहनों का परिचालन बंद नहीं करना चाहिए। वर्तमान में हो रहा विरोध बिना सोचे समझे हो रहा है।

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मनोनित कार्यकारिणी सदस्य अरूण बुधिया ने कहा कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस इस मामले पर गंभीर है और राष्ट्रीय स्तर पर सरकार के साथ वार्ता कर रही है।

झारखंड प्रदेश बस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय पांडे ने कहा कि कानून के प्रावधान पूर्णतः जनविरोधी हैं। ड्राइवर इस प्रस्तावित कानून से विचलित नहीं हों, संगठन के स्तर पर लोकतांत्रिक तरीके से सभी संभव प्रयास किये जायेंगे। किसी भी स्थिति में इस कानून के प्रावधान को लागू नहीं होने दिया जायेगा।

ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष राणा बजरंगी सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन द्वारा हड़ताल नहीं किया गया है। ड्राइवरों को किसी साजिश के तहत भ्रमित किया जा रहा है।

चैंबर महासचिव परेश गप्तानी ने अपील करते हुए कहा कि कानून में संशोधन के लिए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स हर स्तर पर कारवाई करेगा। सह सचिव अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने कहा कि कोई भी कानून संबंधित लोगों के हिसाब से बनना चाहिए। चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू ने एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन प्रोटोकॉल पर भी विचार की बात कही। रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के श्याम बिहारी सिंह और चैंबर के अनिश बुधिया ने कहा कि अभी फाइनल कानून की प्रतीक्षा की जानी चाहिए।

प्रेस वार्ता में उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, उप समिति चेयरमेन, सुनिल सिंह चौहान, परिवहन व्यवसायी लक्ष्मण साहू, अरूण मिश्रा, मदन पारीख, धीरज ग्रोवर, संजय बडाइक, रिषभ छापडिया, रंजीत तिवारी, सम्राट, संजय पांडे, असफाक आजम, राकेश सिंह, रितेष मिश्रा, गोपाल पारीख, सुनिल माथुर, हरेंद्र प्रसाद, प्रवीण कुमार, इरफान, संजय यादव, अबदुल्ला, जियाउल के अलावा विभिन्न संगठन के पदाधिकारी शामिल थे।

## सभी ड्राइवर 'स्टेयरिंग छोड़ो' आंदोलन का कर रहे समर्थन, कानून वापसी की मांग

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ रांची में विरोध, नहीं चलीं बसें, यात्री रहे परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन के नए कानून लाने के बाद देशभर के वाहन चालक विरोध में उतर आये हैं। राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में भी चालकों का संगठन इसका विरोध कर रहा है। मंगलवार को एक तरफ बसें नहीं चलीं, तो दूसरी तरफ ट्रेनों में यात्रियों की भीढ़ दिखी। लोग बस हड़ताल को देखते हुए अंतिम समय में गणतव्य तक पहुंचने के लिए ट्रेन की ओर कूच कर गये। चालकों के विरोध की वजह से राजधानी के सभी बस स्टैंड से विभिन्न जिलों में जाने वाली बसों की सेवा बाधित रही। सरकारी बस स्टैंड से जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, कोडरमा जैसे जिलों में जाने वाली गाड़ियां बंद पड़ी रहीं। खादगढ़ा और आईटीआई बस स्टैंड से भी अन्य राज्यों के लिए चलने वाली गाड़ी बंद रही।



स्टैंड से नहीं खुलीं बसें, यात्री बैरंग लौटे।



बस नहीं चलने से यत्रियों ने ट्रेन का लिया सहारा, स्टेशन में उमड़ी भीड़।

बसों की सेवा बाधित होने से आम लोगों को खूब परेशानी हुई। हजारीबाग के बरही जाने के लिए इंतजार कर रहे यात्री ओमप्रकाश ने कहा कि वह सुबह से ही बसों के इंतजार में दर-दर भटक रहे हैं लेकिन किसी भी स्टैंड से हजारीबाग जाने के लिए उन्हें बस नहीं मिल रही है।

ट्रेन से जाने के लिए उन्हें शाम तक का इंतजार करना पड़ेगा, ऐसे में बस ही एकमात्र साधन है लेकिन बस चालकों की हड़ताल से उन्हें मंजिल तक पहुंचने में काफी देर हो रही है। रांची से कोडरमा के लिए जा रहे एक दंपती ने कहा कि सरकार को चालकों की मांग पर विचार करना चाहिए, नहीं तो चालकों की हड़ताल आम लोगों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर देगी।

बस चालकों की हड़ताल से छोटे वाहनों के चालक मोनोपोली कर रहे हैं। बस स्टैंड से लोगों को आसपास जिले में जाने के लिए दोगुना से ज्यादा भाड़ा चार्ज कर रहे हैं। बस सेवा प्रभावित होने से खादगढ़ा बस स्टैंड पर मौजूद बस चालकों ने भी कहा कि वह भी यही चाहते हैं कि गाड़ियों का चक्का जाम ना हो, लोगों को बसों के लिए भटकना न पड़े लेकिन सरकार ने जिस तरह का नया कानून लाया है, ऐसे में हम सभी ड्राइवर स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। सरकार के इस कानून के खिलाफ मंगलवार को राजधानी के कई बस चालक काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करने की बात कर रहे हैं तो वहीं कई बस चालक संगठन आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं।

# आज नहीं चलेंगे ऑटो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला ऑटो चालक यूनियन की एक आपात बैठक कल यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रस्तावित हिट एंड रन काले कानून की आलोचना की गई। साथ ही साथ सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 3 जनवरी बुधवार को सभी ऑटो चालक ऑटो परिचालन बंद रखेंगे। उसके बाद जाकिर हुसैन पार्क पर एक पुतला दहन कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में कहा गया कि यदि सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेती है तो आगे भी चालकों का आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में अध्यक्ष-अर्जुन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष-शैलेंद्र वर्मा, महासचिव-सुनील सिंह, उपाध्यक्ष-सुरेंद्र पांडे, पंकज सिंह, सचिव-सुरेंद्र प्रजापति, शमीम अंसारी, शमाउन मंसूरी, गोपाल सिंह, सत्यनारायण यादव, विनोद सिंह, विजय यादव, प्रिंस वर्मा समेत सैकड़ो चालक उपस्थित थे।

## हाइकोर्ट और सिविल कोर्ट खुला



**रांची।** एक सप्ताह के अवकाश के बाद मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट खुल गया। कोर्ट की कार्यवाही सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। एक सप्ताह के अवकाश के बाद कोर्ट में चहल पहल देखी गयी। दोनों ही कोर्ट में सुनवाई हुई।

# रांची जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 20 जनवरी को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव 20 जनवरी को होगा। आज बुधवार से नामांकन फॉर्म की बिक्री प्रारंभ होगी। इच्छुक उम्मीदवार तीन से आठ जनवरी तक नामांकन पत्र ले सकेंगे और साथ ही इसी अवधि में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्र की शुल्क 150 रुपए एवं नामांकन दाखिल के समय पद के अनुसार 2000 से 5000 रुपए तक शुल्क का भुगतान करना होगा। आरडीबीए के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सहायक कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के साथ-साथ कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्यों का चुनाव होगा। इसके साथ चुनावी सरगर्मी शुरू हो गयी है।

# आरोपी अधिवक्ता की जमानत अर्जी सिविल कोर्ट में खारिज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दहेज प्रताड़ना के आरोपी सिविल कोर्ट के वकील गोंदा थाना क्षेत्र के टिंबर गली भीठा कांके रोड निवासी मो. नईमुद्दीन उर्फ नईम नूरी अंसारी को जबरदस्त झटका लगा है। मालूम हो कि पीड़िता ने 17 अगस्त 2023 को गोंदा थाना में अपने पति नईमुद्दीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा कि उसकी शादी 22 नवंबर 2000 को नईमुद्दीन के साथ हुई थी। सहमति पर दूसरी शादी 25 जून 2006 को हुई। आगे आरोप लगाया है कि 20 जून 2023 को उसके पति और उसकी दूसरी पत्नी ने उसे बुरी तरह पीटा और लात.घूंसों मारकर घर से बाहर निकाल दिया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने 20 सितंबर को याचिका दाखिल की थी।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज खूंटी में कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज खूंटी के टकरा में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री पूर्वाह्न 11 बजे खूंटी आयेंगे और भाजपा के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। उसके बाद श्री मुंडा अपराह्न एक बजे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा को श्रद्धांजली और टकरा नाला पर वियर योजना के निर्माण का शिलान्यास और वहीं उद्वह सिंचाई योजना निर्माण का उद्घाटन करेंगे। वहीं अपराह्न दो बजे खूंटी प्रखंड के गडुगिया मोड़ पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम फुदी से हड़ाम-बड़ाम वाया बरकोरगी कानाडीह मोड़ तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। सांसद प्रतिनधि ने बताया कि मौके पर ईस्टर्न स्टॉरेज पॉण्ड का उद्घाटन करेंगे। मंत्री टकरा मैदान में स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास करेंगे और ग्रामीणों से बातचीत भी करेंगे। वे महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ वार्ता करेंगे और स्व एतवा नायक के परिजनों से भी मिलेंगे।



## अनिमेष जैन एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक नियुक्त

**रांची।** अनिमेष जैन को एक जनवरी से एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जैन एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख के रूप में झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और रांची में कोयला खनन मुख्यालय के लिए जिम्मेदार होंगे। एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के सीईओ बने हुए हैं।

# प्रीमियम विंटर एंड वेडिंग लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी 9-10 जनवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची फैशन प्वाइंट का 9 और 10 जनवरी को होटल कैपिटल हिल में प्रीमियम विंटर एंड वेडिंग लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी होगी। इसमें मुंबई, बेगलुरु, दिल्ली, पंजाब, हैदराबाद, कोलकता, सूरत से सेलिब्रिटी से रियल ज्वेलरी एंड डिजाइनर्स अपने एक्सक्लूसिव कलेक्शन पेश करेंगे। एग्जिबिशन में कुर्तियां, सूट, साड़ी, पैंट, पलाजो और दुपट्टा के कई आइटम उपलब्ध होंगे। इस एक्सीबिशन में ब्राइडल कलेक्शन, वेस्टर्न, ऐडो वेस्टर्न, सेलिब्रिटी कलेक्शन, होम डेकोर, रियल ज्वेलरी, एथिनिक वियर, त्योहारों और शादियों को देखते हुए सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें पसंदीदा कपड़े, ज्वेलरी, शादी के लिए लहंगा और डिजाइनर्स ड्रेसेज कस्टमाइज करवा सकते हैं। एग्जिबिशन से संबंधित जानकारी रीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल और रिषिका नागपाल ने दी।

# एक्का वर्ल्ड कार्निवल का रंगारंग समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक्का वर्ल्ड कार्निवल के अंतिम दिन मंगलवार को भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। कार्निवल के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीपी सिंह उपस्थित थे। श्री सिंह ने कार्निवल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। रांची वासियों को स्वस्थ मनोरंजन का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि मछली घर लोगों का पसंदीदा घूमने की जगहों में एक है। उन्होंने विजेताओं और वॉलिंटियर्स को सर्टिफिकेट और मोमेंटो भी प्रदान किया। मंगलवार को सबसे पहले स्टोरी टेलिंग कंपटीशन आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने जमकर हिस्सा लिया और स्टोरी सुनाई। मम्मी नू पसंद, मॉम विद किड्स फैशन शो में महिलाएं अपने बच्चों के साथ शामिल हुई। पान ईटिंग कंपटीशन में महिलाओं ने हिस्सा लिया और जमकर पान खाया। लायर लायर कंपटीशन में पत्नियों के सामने पतियों की पोल खोली गई। लाई डिटेक्टर मशीन पर पतियों को बैठा कर उनसे पत्नियों के सामने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, पूर्व प्रेमिका और कई तरह के सवाल पूछे गये। झूठ बोलने पर मशीन से गाना बजता था। दर्शक इस कार्यक्रम को देखकर लोटपोट हो गये। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया। मेरे हाथों में नौ-नौ चूड़ियां, बेस्ट बैंगल प्रतियोगिता में महिलाओं ने रैंप पर चल अपनी चूड़ियां दिखायी।




देर शाम स्टैंड अप कॉमेडी शो का आयोजन किया गया। लाइव रिपोर्टिंग कंपटीशन में बच्चों ने अपने रिपोर्टिंग का हुनर दिखाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा शाहदेव, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाहदेव, सौरव, आनंद आदि सक्रिय है। इवेंट्स का आयोजन सिनेमेट्रिक्स के द्वारा किया जा रहा है।

# जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के मोमेंटो का हुआ अनावरण, 107 खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से आज जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में दो बजे से होगा। इस समारोह में विभिन्न खेल से जुड़े खिलाड़ियों, कोच और खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष रितेश उरांव, सचिव निरंजन भारती, खेल प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो ने दी। बताया कि कार्यक्रम में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रांची सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद महुआ माजी मौजूद रहेंगी। इस दौरान 107 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। जिसके मोमेंटो का अनावरण किया गया।

**छह कैटेगरी में किया जाएगा पुरस्कृत :** इस वर्ष छह कैटेगरी में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरू सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरू द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है। जो पुरस्कार विजेता खिलाड़ी समारोह में उपस्थित रहेंगे, उन्हें ही पुरस्कृत किया जायेगा। किसी भी प्रतिनिधि को पुरस्कृत नहीं किया जायेगा।

**जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार 2023 :** महेंद्र सिंह धोनी, सलिमा टेटे, संगीता कुमारी, निक्की प्रधान, गोल्डी मिश्रा, दीप्ति कुमारी, विजय हांसदा, अंकित टोप्पो, सपना कुमारी, फ्लोरेंस बारला, आशा किरण बारला, श्रीकांत साहू, छोटी कुमारी, सुनील बहादुर, कृष्णा खलको, दिनेश कुमार, मोहम्मद वसीम, कोमलिका बारी, विकास बारा, शिवानी टोप्पो, अश्वनी कुमारी, अमिशा केरकेप्ता, नारायण महतो, चंचला कुमारी, अमिशा उरांव को जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।

**जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 :** रूपा रानी तिर्की, गुरू चरण बेसरा, निशांत तिर्की, शशांक महतो, आकाश उरांव, गीता कुमारी, विशाल बहादुर, विशाज कुमार, लवली चौबे, अनु सेठ, निशिमा कुमारी, आदित्य कुमार, अंकिता भगत, दिव्यम मंडल, नोवल टोप्पनो, जोसफ टोप्पनो, रानी मुन्नी, लवली कुमारी, दीप्ति कुल्लु, अलबेला रानी, ममता कुमारी, सिमरन कुमारी, सुशांत उरांव, विकास उरांव, ललिता बोपयी, अंजु टुडु को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 से नवाजा जाएगा।

**गुरू सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार 2023 :** हरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रवेश्वर साहू, दीपक गोप, आंनद गोप, मनोज प्रसाद, एडम होरो, ज्योति साहू, अनवर खान, आशु भाटिया और संजीव कुमार को गुरू सिलवानुस डुंगडुंग को मिलेगा।

**गुरू द्रोणाचार्य पुरस्कार 2023 :** मधुकांत पाठक, शेखर बोस, जयदीप सरकार, बीएस राव, पुर्णिमा महतो, रिजवान अली, गणेश भारती, चंचल भट्टाचार्य, बीना केरकेट्टा और प्रतिमा बरवा को गुरू द्रोणाचार्य पुरस्कार 2023 दिया जाएगा। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार में प्रतीक सिंह आदि को दिया जायेगा।

## आज का राशिफल 03-01-2024

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : सप्तमी 19:49 बजे समाप्त। नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी 14:46 बजे समाप्त। योग : शोभन 06:21 बजे समाप्त। करण : बव 19.49 बजे समाप्त। चंद्रायु 21.0 घंटे। दिशाशूल : उत्तर।

**मेष** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-3-6-9

**वृष** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-7-9

**मिथुन** : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। साझे के काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कर्क** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। शुभ कार्यो में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

**सिंह** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-1-3-5

**कन्या** : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-4-6-8

**धनु** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

**मकर** : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। आय के योग बनेंगे। शुभांक-3-5-6

**मीन** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। शुभांक-3-5-6

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का हुआ संगीतमय पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आपन तेज समारोह आपे, तीनों लोक हांक ते कापे ... के सुरताल से मंगलवार को हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंजता रहा। अवसर था 83वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी व आशा मोदी ने परिवार संग श्री हनुमान की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़-चना एवं फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया।



श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा अर्पित की। फल, प्रसाद पल्लव अग्रवाल और केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार ने निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, डफली, झांझ, करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया।

मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली के जयकारों से हरमू रोड गूंजता रहा। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गयी। सभी भक्तजनों में केसरिया पेडा, चना-गुड़, संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### आज होगा बाबा का दिव्य शृंगार

**बुधवार** (3 जनवरी) को बाबा श्याम सहित सभी देवी-देवताओं एवं गुरुजनों का दिव्य मनोरम शृंगार किया जाएगा। दीपाटोली कोकर निवासी अजित अग्रवाल, चंचल अग्रवाल के पुत्र शिवम अग्रवाल के जन्मउत्सव के अवसर पर अग्रवाल परिवार शृंगार सेवा निवेदित करेगा।

### श्री श्याम भंडारा 6 को

**शनिवार** (6 जनवरी) को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 94वां श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है।

# गोस्सनर सिने फेस्ट का आयोजन 1 एवं 2 मार्च को

## पोस्टर हुआ रिलीज, कॉलेज का जनसंचार विभाग करेगा आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज के जनसंचार विभाग के तत्वावधान में 1 और 2 मार्च, 2024 को गोस्सनर सिने फेस्ट -3 का आयोजन किया जा रहा है। यह फिल्म फेस्टिवल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

प्रोफेसर इंचार्ज इलानी पूर्ति, बर्सर प्रवीण सुरीन, मास कम्युनिकेशन विभाग की कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो आशा रानी केरकेट्टा, एचओडी प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग, प्रो अनुज कुमार, विद्यार्थी प्रतिनिधियों ने मंगलवार को इसका पोस्टर रिलीज किया। प्रोफेसर इंचार्ज ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इस फिल्म फेस्टिवल में प्रसिद्ध निमार्ता, निर्देशक और झारखंड के उभरते हुए कलाकार भी उपस्थित होंगे।



**फेस्टिवल में ये कार्यक्रम :** डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो एलबम, साइंस फिक्शन फिल्म्स और बच्चों के फिल्म्स प्रदर्शित किये जायेंगे। साथ ही, फिल्म निर्माण से संबंधित कार्यशाला एवं प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम में म्यूजिक बैंड द्वारा भी प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

**मंच उपलब्ध होगा :** प्रोफेसर इंचार्ज इलानी पूर्ति ने बताया कि उभरते निर्देशकों, एडिटर, सिनेमेटोग्राफर को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिये जायेंगे। साथ ही, प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स भी दिये जायेंगे।

मौके पर सुभाशीष और पहले सेमेस्टर से अनल टोप्पो, रेशमी कुमारी, सौरव कुमार, अलका शर्मा और अमीषा एक्का मौजूद रहे।

### अधिक जानकारी के लिए कॉलेज के जनसंचार विभाग से करें संपर्क

**प्रोफेसर इंचार्ज** इलानी पूर्ति ने बताया कि सिनेमा जगत में अपनी रुचि रखने वाले लोग अपनी बनायी हुई फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो एलबम इत्यादि जमा करने के लिए गोस्सनर सीने फेस्ट की वेबसाइट पर जा सकते है। अधिक जानकारी गोस्सनर कॉलेज जनसंचार विभाग के कार्यालय और सोशल मीडिया पेज से प्राप्त की जा सकती है।

# ब्रदर्स एकेडमी की ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 7 जनवरी को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी की ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 7 जनवरी को नये सत्र के लिए ऑफलाइन मोड में आयोजित की जायेगी। नये सत्र के लिए 9 अप्रैल 2024 से बैच शुरू होंगे। ब्रदर्स एकेडमी के प्रबंधन ने बताया कि जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन ttp://www.brothersacademy.co.in/admissions.php पर भरा जा सकता है। साथ ही, आवेदन पत्र रांची में हमारे लालपुर या डोरंडा परिसर से भी प्राप्त किये जा सकते हैं और भरे जा सकते हैं।

प्रबंधन ने बताया कि जी-सैट बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह परीक्षा ही आइआइटी-जेइइ और नीट कोचिंग के लिए ब्रदर्स ऐकेडमी में नामांकन कराने का एकमात्र तरीका हैं। सभी प्रतिभागियों को हम पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40 प्रतिशत छात्रवृत्ति देंगे और प्रत्येक पाठ्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पूर्ण 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया जायेगा। वर्तमान में कक्षा 7, 8, 9 और 10 में पढ़ रहे छात्र नियमित स्कूली अध्ययन के साथ आइआइटी-जेइइ और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन का लक्ष्य मानते हुए एक साल / 3 साल / 4 साल / 5 साल फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ / नीट के लिए 2 साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इसमें उन्हें कक्षा 10 पास करने के बाद 2 वर्ष के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन प्रशिक्षण के साथ कक्षा 11 और 12 के अपने नियमित स्कूल सिलेबस को भी पढ़ाया जायेगा।



# महावीर मंडल को सौंपा गया अयोध्या धाम से आया पूजित अक्षत कलश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इसमें 22 जनवरी 2024 को श्री रामनवमी जन्मभूमि तीर्थ छेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धूमधाम से एवं सफल बनाने के लिए रखी गई। बैठक में श्री अयोध्या धाम से आये हुये पूजित अक्षत कलश को श्री महावीर मंडल रांची को सौंपा गया।

बैठक में मुख्यरूप से अशोक पुरोहित, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, हिन्दू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह जी एवं श्री चैती दुगार्पूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक एव कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू उपस्थित थे। बैठक का संचालन कैलाश केसरी एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्जुन राम ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा 22 जनवरी 2024 को श्री रामनवमी जन्मभूमि तीर्थ छेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर श्री महावीर मंडल के सभी प्रमुख अखाड़ो एवं मंदिरो में महावीरी पताका लगाया जायेगा। दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जायेगा । बैठक में श्री मिश्रा ने बताया अयोध्या से आये पूजित कलश एव अक्षत को घर घर तक श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा पहुंचाया जायेगा।

बैठक में प्रतापनगर कार्यक्रम संयोजक राजेश अग्रवाल, उपेन्द्र रजक, राम मनोज साहू, साहिल कुमार, सुमित साहू, जैमिश तिग्गा, दुर्गा साहू, संजीव सोनी, अमित सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये।

# रांची में यादव मिलन समारोह का आयोजन सात को

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा में नववर्ष के अवसर पर यादव मिलन समारोह का आयोजन सात जनवरी को वाइबीएन स्कूल सेक्टर -02 धुर्वा में किया जायेगा। यादव मिलन समारोहन दिन के 11:00 बजे से शुरू होगा। यादव मिलन समारोह को लेकर सुखेंद्र यादव ने बताया कि हर वर्ष यादव मिलन समारोह का आयोजन किया जाता हैं। इस बार भी अपने समाज के सभी भाइयों एवं गण्यमान्य लोगों को विशेष रूप से शामिल होने के लिए आग्रह किया गया हैं। सुखेंद्र यादव ने बताया कि इस समारोह में सैकडों लोगों को खाने की व्यवस्था की गयी है।

# रांची विवि को मिला नया प्रॉक्टर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय को मुकुंद चंद्र मेहता के रूप में नया प्रॉक्टर मिल गया है। उन्होंने मंगलवार को प्रॉक्टर के पद पर योगदान भी कर दिया। इस दौरान रांची विवि के वीसी डॉ प्रो अजीत कुमार सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों ने नये प्रॉक्टर का स्वागत किया।

बताते चलें कि रांची विवि के वीसी ने डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को विवि का नया प्रॉक्टर नियुक्त किया है। इससे पूर्व ने रांची विवि के दो टर्म रजिस्ट्रार रहे हैं।

# जिला बार एसोसिएशन के 47 सदस्यों के निधन पर डेथ क्लेम के रूप में 1.32 करोड़ का भुगतान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जिला बार एसोसिएशन के 47 सदस्यों का निधन पिछले दो साल में हुआ है। यह जानकारी बार एसोसिएशन के एडहॉक कमेटी के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने दी है। बार एसोसिएशन ने इन अधिवक्ताओं के परिजनों को डेथ क्लेम के रूप में एक करोड़ 32 लाख 75 हजार रुपए का भुगतान किया है। सबसे अधिक जनवरी 2022 से मार्च 2022 के बीच 24 वकील के परिजनों को डेथ क्लेम की राशि का भुगतान किया गया है।

इसके अलावा, बार मेडिक्लेम के तहत 1.83 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान वकीलों ने लिया है। एसोसिएशन के प्रत्येक सदस्य को पिछले एक साल में 3675 रुपये उसके खाते में बार एसोसिएशन के फंड से जमा किया गया है। पूर्व में भी सदस्यों के खाते में राशि जमा की जाती थी। जो काफी कम होता था। बार एसोसिएशन को शपथपत्र, वकालतनामा, हाजिरी फॉर्म समेत अन्य तरह के फॉर्म की बिक्री से हर महीने मोटी राशि प्राप्त होती है। पूर्व में 100 रुपये का शपथपत्र में सिर्फ 40 रुपये बार एसोसिएशन के खाते में जमा होता था। वर्तमान में पूरी राशि खाते में जमा होती है। जिसका लाभ वहां के सदस्यों को मिल रहा है।

## खबर एक नजर में

### आचार्यकुलम की छात्राओं ने प्राप्त किये प्रथम स्थान





रांची। नवदेहली केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से संचालित, जगदीश नारायण ब्रह्मचर्य आश्रम आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, लगमा, दरभंगा, जिले में बिहार-झारखंड राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा 26 एवं 27 दिसंबर 2023 को आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में बिहार व झारखंड से 107 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इसमें आचार्यकुलम नामकुम रांची से श्रीमद्भागवत गीता कंठ पाठ में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आद्या विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आचार्यकुलम रांची की ही माहेश्वरी मोहन्ता ने सुभाषित कंठ पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि दोनों छात्राओं ने झारखंड एवं आचार्यकुलम परिवार का मान बढ़ाया है। दोनों छात्राओं ने साध्वी देवेष्टि के सानिध्य में संपूर्ण शास्त्र कंठस्थ किये हैं। प्रतियोगिता में जाने से पूर्व स्वामी दिव्य देव एवं प्राचार्या का मार्गदर्शन भी सराहनीय है। इन दोनों छात्राओं का चयन वर्ष 2024 में होने वाली राष्ट्रीय स्तर कि प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

### नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों की ऊंची उड़ान




**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में नए साल के पहले ही दिन एक खुशखबरी मिली। विद्यालय के दो छात्र-छात्राओं जो कि भाई-बहन भी हैं ने खेल गांव और ओडिशा में आयोजित स्टेट ओपन कराटे टूनार्मेंट में पदकों की झड़ी लगा दी। दसवीं की छात्रा सोनाली कुमारी ने क्रमशः काता और कुमीते में माइनस 45 केजी केटेगरी में रजत पदक और सातवीं के छात्र सत्यम राज पंडित ने क्रमशः काता और कुमीते में कांस्य और रजत पदक जीता कर विद्यालय को नव वर्ष का उपहार दिया। प्राचार्या किरण यादव ने विजेताओं को कहा कि इस पुरस्कार का वास्तविक श्रेय उनके अभिभावकों को जाता है।

### कांग्रेस महानगर आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष बने शिवा कच्छप



**रांची।** झारखंड प्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमिटी की ओर से शिव कुमार कच्छप को कांग्रेस महानगर आदिवासी मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शिवा कच्छप को अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की , पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, बलेस तिर्की, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जोसाई मांरडी , हमेंद्रर हसदा, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष ,मोमताज खान , समसाद अंसारी, इत्यादि ने बधाई दिया है। अध्यक्ष बनाये जने के बाद शिवा कच्छप ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### छठे दिन भी एनसीसीएफ के दफ्तर में लटका रहा ताला



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा का सभी छात्र संगठनों ने मंगलवार को भ्रष्टाचारी आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ को हटाने की मांग को लेकर उनका पुतला दहन किया। बताते चले कि विगत 6 दिनों से छात्र-छात्राएं आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ के काले कारनामों खिलाफ सभी छात्र संगठनों ने हल्ला बोल दिया है। छात्रों का कहना है कि जब से इस कंपनी ने रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को संभाला है, तब से कंपनी गलतियों का अंबार लगाते जा रही है। इस मामले को लेकर छात्र आजसू के सदस्यों ने राज भवन के सचिवालय में राज्यपाल के नाम से मांग पत्र सौप कर शिकायत भी दर्ज कराया है। सभी छात्र संघ के सदस्य कुलपति से वार्ता करना चाह रहे हैं, लेकिन कुलपति वार्ता करने को तैयार नहीं है। छात्रों का कहना है कि जब तक आउटसोर्सिंग कंपनी के फजीवाड़े को लेकर वीसी से वार्ता नहीं होती है, तब तक सभी छात्र संगठनों का धरना जारी रहेगा।

# झारखंड में खत्म हो गयी ऐतिहासिक माघ जतरा की परंपरा

**खूंटी (हि.स.)।** पांच-छह साल पहले तक जनवरी माह शुरू होते ही लोगों को माघ जतरा (माघ मेला) का बेसब्री से इंतजार रहता था, लेकिन सदियों से चली आ रही माघ जतरा की परंपरा अब छोटानागपुर में पूरी तरह खत्म हो गयी है। आधुनिकता के दौर में शहरीकरण, मेला टांड़ की खरीद-बिक्री और ऑनलाइन शॉपिंग की संस्कृति लोगों की खरीदारी और मिलने-जुलने के मुख्य माध्यम माघ जतरा को लील गयी।




अब से लगभग चार-पांच साल पहले तक खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला आदि जिले की विभिन्न जगहों पर माघ मेला लगता था। चूंकि यह मेला माघ महीने से शुरू होकर फाल्गुन तक चलता था, इसलिए इसे माघ जतरा या माघ मेला कहा जाता था। अलग-अलग दिनों में अलग-अलग जगहों पर माघ जतरा लगता था। जतरा कहीं एक सप्ताह तक चलता था, तो कहीं तीन या चार दिन। खूंटी, तोरपा, तपकारा, मुरहू,, डोड़मा, जरियागढ़, कामडारा, सिमडेगा, सिसई, कर्रा, लापुंग सहित अन्य जगहों पर एक सप्ताह तक माघ जतरा लगता था और काफी प्रसिद्ध था।

माघ मेला से राजस्व की वसूली के लिए संबंधित अंचल कार्यालय से बोली लगायी जाती थी। सिमडेगा के माघ मेला को गांधी मेला कहा जाता था। उसकी शुरुआत गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी को होता था। माघ मेला से स्थानीय लोगों को रोजगार तो मिलता ही था, सरकार को भी अच्छा-खासा राजस्व प्राप्त था। लेकिन, मेला टांड़ की भूमि के अतिक्रमण या जमीन के मालिक द्वारा भूखंड की बिक्री कर दिये जाने के कारण अधिकतर जगहों पर जमीन की कमी से जतरा लगना बंद हो गया। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री और जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कहते हैं कि अब वह आनंद कहां। माघ जतरा किसी खास जगह खत्म होने के बाद दूसरी जगह शुरू होता था। खूंटी के बाद मुरहू में मेला लगता था। इसके बाद तपकारा, डोड़मा, कामडारा के बाद जरियागढ़ और कर्रा में मेला लगता था। मनोज कुमार कहते हैं कि आधुनिकता और शहरीकरण ने माघ जतरा की परंपरा को खत्म कर दिया। यह लोगों के मिलने और अपने संबंधों को प्रगाढ़ करने का बहुत बड़ा माध्यम था।

### खूंटी में 2017 में लगा अंतिम माघ मेला



**खूंटी** में संभवतः 2017 में अंतिम माघ मेला लगा था। मुरहू और हास्सा में भी उसके बाद माघ जतरा नहीं लगा। तोरपा, तपकारा, जरियागढ़, कर्रा, लापुंग और कामडारा में भी वर्षों पहले माघ मेला का अस्तित्व समाप्त चुका है। तपकारा के रहने वाले मनोज कुमार जायसवाल और अखिलेश शर्मा कहते हैं कि जब वे लोग छोटे-छोटे थे, उस समय मेला काफी भव्य होता था। आठ दिनों तक लगने वाला मेला रात भर चलता था। रात को संभ्रांत परिवार की महिलाएं खरीदारी के लिए निकलती थीं।

### नये रिश्ते तय करने का माध्यम



**तोरपा** के व्यवसायी कृष्ण गुप्ता कहते हैं कि माघ जतरा झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों की सांस्कृतिक परंपरा की पहचान थी। माघ मेला के बहाने यहां के आदिवासी और मूलवासी अपने जवान लड़के-लड़की के वैवाहिक संबंध की बात करने के लिए आते थे। मेला के बहाने लड़का-लड़की एक-दूसरे को देखकर पसंद करते थे। मेला देखने के बहाने लोग मेहमान नवाजी का भरपूर लुत्फ उठाते थे। वे कहते हैं कि आधुनिकता के दौर में यह सब लुप्तप्राय हो चुका है। जरूरत है इस संस्कृति को बरकरार रखने की।

स्पीड न्यूज

### प्रीतम साहू बने रांची टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के सदस्य



**खलारी।** मैकलुस्कीगंज निवासी सह भाजपा रांची जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू को रांची टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में भारत सरकार दूरसंचार विभाग पीएचपी विभाग ने बीएसएनएल व एमटीएनएल सीएमडी को एक पत्र देकर इसकी जानकारी दी है। पीएचपी के एसओ दिनेश चंद्रा ने बीएसएनएल सीएमडी को लिखे पत्र में प्रीतम साहू के एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बनाये जाने की जानकारी दी गई है। प्रीतम साहू को बधाई देने वाले में सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि श्याम सिंह, फुलेश्वर महतो, शैलेंद्र शर्मा, अनिल गंझु, अरविंद सिंह, शशि भूषण सिंह, कार्तिक पाण्डेय, भरत रजक, आनंद सिंह, शशि प्रसाद साहू, जितेंद्र पाण्डेय, जितेंद्र भारती, रामधारी गंझू, कृष्णा चौहान, कुलदीप प्रसाद साहू, दिनेश प्रसाद गुप्ता, दिलीप पासवान शामिल हैं।

### यात्री बस और ट्रकों का परिचालन ठप

**इटकी।** केंद्र सरकार की हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को इटकी-रांची चलने वाले यात्री बसों और ट्रक चालकों ने परिचालन ठप रखा। वाहनों के परिचालन नही होने से जनजीवन प्रभावित रहा। बसों के परिचालन नही होने से यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रांची में ड्यूटी व दिहाड़ी मजदूरी करने वाले मजदूरों को कठिनाई हुई। चालकों के हड़ताल के कारण गैस सिलेंडर भी नही पहुंची, जिससे कई घरों के चूल्हा नहीं जला। वहीं सब्जी बाजार पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है।

### तमाड़ में डीलरों की हड़ताल जारी, गरीब परेशान

**तमाड़।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर करीब दो सौ करोड़ के बकाये कमीशन की राशि सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर राज्य के सभी पीडीएस डीलर सोमवार से हड़ताल पर हैं। इसी वजह से तमाड़ के करीब 98 राशन डीलर हड़ताल पर चले गये हैं। वहीं जनवरी के दूसरी सप्ताह से पंचपरगना का विख्यात टुसू मेला शुरू होगा। ऐसे में राशन दुकान बंद रहने पर गरीब तबके के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लोगों का कहना है कि राशन दुकान से मिलने वाले चावल और गेहूं से अच्छे से दोनों समय पेट भर जाता है। राशन नहीं मिलने पर किसान सहित गरीब वर्ग के लोगों का त्योहार फीकी पड़ जायेगा।

### नीमडीह में विधायक ने उपलब्ध कराया ट्रांसफार्मर

**तमाड़।** प्रखंड अंतर्गत उलीडीह पंचायत के नीमडीह के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा को 25 एवं 63 केवीए की दो ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना दी गई थी। विधायक द्वारा विभाग से संपर्क कर दोनों ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करा दिया। ट्रांसफार्मर का उदघाटन विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो ने फीता काट कर किया। मौके पर समीर कुमार, निर्मल महतो, जगदीश महतो शामिल थे।

# तितली पार्क से तितलियां गायब, ठगे जा रहे सैलानी

## कोल्ड ब्लडेड जीव है तितली इंट्री फी लेकर खोला जा रहा तितली पार्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** नववर्ष पर बिरसा जैविक उद्यान, रूक्का डैम सहित सभी पिकनिक स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है। कई परिवार यहां जैविक उद्यान में तितली पार्क का अवलोकन करने पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां तितलियां नहीं देखकर अपने आप को ठगे महसूस कर रहे हैं। जैविक उद्यान के तितली पार्क में टिकट लेकर पहुंचे सैलानी, लेकिन पार्क में तितलियां नहीं थीं। बताया गया कि तितली की आयु मात्र 15 दिन ही होते है। तितली कोल्ड ब्लडेड जीव हैं। जिस कारण ठंड के मौसम में तितली की मौत हो जाती है और प्रजनन भी नही होता है। इस बात की जानकारी सैलानियों को नहीं थी। सैलानी टिकट काउंटर से टिकट लेकर पार्क के अंदर प्रवेश कर रहे थे, लेकिन पार्क में तितलियां दिखाई ही नही दी। इससे सभी सैलानी निराश होकर लौट रहे हैं। खासकर स्कूल की छुट्टी होते ही तितली देखने के उत्साहित बच्चे जब तितली पार्क पहुंचे तो पार्क में तितली नहीं देखकर काफी निराश हुए। यहां पहुंचे सैलानी उद्यान प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जता रहे थे। ज्ञात हो कि ठंड के समय में तितलियां नहीं दिखाई देती हैं। जैसे ही बसंत ऋतु आती है। फिर से तितलियां दिखाई देने लगती हैं। नये फूलों का वे पाराग चूसती हैं।



पार्क में तितली नहीं मिली, तो फूलों का लुत्फ उठाते पर्यटक।

### तितली नहीं, फूलों ने किया स्वागत

तितली पार्क में तितली नहीं मिलने से निराश सैलानी तितली पार्क के खुबसूरत फूलों से अपना मन बहलाये। तितली पार्क में लगे विभिन्न प्रकार से सुंदर फूल सैलानियों का स्वागत कर रहे थे। वहीं रंग बिरंगें खुबसूरत फूल देख कर सैलानियों के साथ आए बच्चे भी काफी उत्साहित थे।

### सांपघर बंद है, तो तितली पार्क भी बंद होना चाहिए

सांप के कोल्ड ब्लडेड जीव होने के कारण जैविक उद्यान का सांपघर 15 नवंबर से 15 फरवरी तक के लिए बंद है। वहीं तितली भी कोल्ड ब्लडेड जीव होने के बावजूद तितली पार्क को बंद नही कर खुला रखा गया है। जैविक उद्यान आने वाले उत्साहित सैलानी व बच्चों को तितली नही होने की जानकारी नही हो सकी और सभी टिकट लेकर पार्क में प्रवेश करते गए। जैविक उद्यान के रेंज अफसर राम बाबू ने बताया कि तितली पार्क के गेट पर तितली कम होने का बोर्ड लगा दिया गया है। वहीं सैलानियों का कहना था कि जब तितली नहीं है तो पार्क को बंद रखना चाहिए। सिर्स टिकट बेचने के लिए पार्क खुलवाकर पर्यटकों के साथ धोखा किया जा रहा है।

## मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत, थाना पहुंचे ग्रामीण

**बेड़ो।** चचकोपी गांव में बीते वर्ष 31 दिसंबर को दो चचेरे भाइयों के बीच आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना के बाद इलाज के दौरान घायल लगभग 26 वर्षीय अफरोज अंसारी पिता मुद्दीन अंसारी की 2 जनवरी को रिम्स में मौत हो गयी। इधर गांव में हुई मारपीट की घटना के बाद घायल के पिता मुद्दीन अंसारी ने बेड़ो थाना में मारपीट की घटना को लेकर तीन अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कराया थाए जिनमें 26 वर्षीय कुदरत अंसारी 20 वर्षीय फरीद अंसारी और अरबाज अंसारी तीनों के पिता स्वर्गीय सलीमुद्दीन अंसारी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार अफरोज अंसारी का अपने चचेरे भाइयों के साथ कुछ पैसों की लेनदेन हुई थी। इसी पैसे की लेनदेन को लेकर अफरोज अंसारी के सर में लकड़ी के डंडा से वार कर घायल कर दिया था। जिसके बाद परिजनों ने घायल अफरोज अंसारी को उठाकर इलाज के लिए मांडर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। जिसके बाद 2 जनवरी मंगलवार की सुबह अफरोज अंसारी का इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर घटना के बाद अफरोज अंसारी की हुई मौत के बाद दोषियों की अभिलंब गिरफ्तारी को लेकर अफरोज के शव के साथ चचकोपी गांव के ग्रामीण बेड़ो थाना पहुंचे। इसके बाद बेड़ो थाना पुलिस के आश्वासन के बाद शव को वापस घर ले गए और अंतिम संस्कार किया।

## दोस्त के साथ पार्क में घुमने चली गयी थी पत्नी

# पति ने पेट में चाकू मार की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एक जनवरी को पत्नी अपने दोस्त के साथ पार्क घुमने गई और रात में नहीं लौटी तो पति ने आत्महत्या कर ली। घटना थाना क्षेत्र के कुच्चू गांव की है। भेलवाटोली निवासी स्व चरकू मुंडा का तीन बेटा राम मुंडा, अर्जुन मुंडा व प्रेमजीत मुंडा अपने नानी के घर कुच्चू में रहकर मजदूरी करते थे। बड़ा बेटा राम मुंडा 30 वर्ष का विवाह तीन वर्ष पूर्व हुआ था। बताया गया कि एक जनवरी को पत्नी पूजा देवी पार्क घुमने के नाम से घर से निकली और घर नहीं लौटी। इसके बाद रात तीन बजे के करीब पति राम मुंडा ने अपने पेट में चाकू मार लिया। जिससे उसका पेट फट गया। बताया गया कि जब घटना हुई भाई अर्जुन मुंडा घर में दूसरे कमरे में सोया था। भाई के कराहने पर वह पहुंचा और मदद के लिए आवाज भी लगाया, लेकिन कोई नहीं पहुंचा और उसकी मौत हो गई। राम मुंडा के संबंध में बताया गया कि वह एक वर्ष पूर्व भी अपना गला काट लिया था। स्वजनों ने बताया कि युवक मृर्गी रोग से पीड़ित था। कभी-कभी उसका मानसिक संतुलन भी बिगड़ जाता था। वहीं मौत की सूचना मिलने पर पहुंची पत्नी ने बताया कि पति पागल जैसा व्यवहार करता था। घटना के बाद स्वजनों ने पोस्मार्टम कराने से इनकार कर दिया।



मृतक के घर पर जमा आसपास की महिलाएं।

## एक नजर में

### ड्राइवर संघ बुंडू ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बुंडू।** ड्राइवर संगठन बुंडू के बैनर तले अनुमंडल कार्यालय बुंडू में प्रदर्शन कर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय मार्ग 33 पर छिटपुट वाहन चली। केंद्र सरकार से ड्राइवर के विरोध में बनाई गई कानून को वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान काला कानून को वापस लेने की मांग कर रहे थे। ड्राइवर संघ की ओर से डीएसपी बुंडू और थानेदार को भी हड़ताल को लेकर एक को प्रति दी गई।

### जिप सदस्य ने गरीबों में बांटे कंबल



**चान्हो।** प्रखंड के सोनचिपी तथा आसपास के गांव में जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने मंगलवार को गरीब असहाय निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए गांव के लगभग 50 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचारए बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है। मौके पर नेयाजुल खान, मुस्तकीम अंसारी, चंदन कुमार दुबे, छोटू सिंह, एहसान अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### 12 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते हुए अफीमए गांजा की अवैध खेती को देखते हुए प्रशासन द्वारा इसके रोक थाम के लिए सख्त कदम उठाया जा रहा है। पुलिस द्वारा अवैध अफीम एवं गांजे की फसल को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। लुंगटू और तमराना के जंगली इलाके में अफीम की लगभग 12 एकड़ खेती को नष्ट किया गया।

## खलारी : वाहन चालकों ने किया चक्का जाम

### हिट एंड रन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** केंद्र सरकार द्वारा जारी नए हिट एंड रन कानून में सजा शक्त करने के विरोध में चालको ने कोयलांचल के सड़के भी सुना कर दिया। कोयलांचल के सभी ट्रक हाइवा टेम्पू एवं बस चालकों ने सरकार के नए हिट एंड रन कानून के विरोध में अपना विरोध दर्ज किया। नए कानून के विरोध में चालको ने कोयलांचल में कोयला ट्रकए हाइवा सवारी बस टेम्पू सहित अन्य वाहन चक्का जाम कर दिया। वही एनके एरिया के सभी परियोजनाओं में संचालित हाइवा ट्रक कतार में खड़ा कर दिया गया। जिससे परियोजना के कोई भी कोल डम्प में कोयला नही गिरा, जिससे कि कोयला साइडिंग में कोई भी रेल रैक नही लगा। ट्रक चालकों के बन्दी से सीसीएल एनके एरिया को करोड़ो का नुकसान होने का संभावना जताया गया। इस कानून से कोयलांचल के पैट्रोल पंप में भी कोल वाहन बस ट्रक सहित अन्य का वाहन तेल लेते नजर नही आये। उधर नए कानून के खिलाफ डकरा पिपरवार टेम्पू एसोसिएशन ने भी डकरा अम्बेडकर चौक में टेम्पू को खड़ा करके अपना विरोध दर्ज किये। दुर्घटना के बाद चालक के भाग जाने पर 10 लाख का जुमार्ना और 7 साल की सजा का प्रावधान बनाया गया है। ऐसे सख्त कानून के खिलाफ ऑटो चालक कड़ी शब्दो भर्त्सना करती है और सरकार से ऐसे कानून को वापस लेने की मांग करती है।

### बाइक के धक्के से गैस सिलेंडर लदा ऑटो पलटा

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी मार्ग के भुसुर मड़ई के समीप एक तेज रफ्तार बाइक के धक्के से आगे चल रहा गैस सिलेंडर लदा ऑटो पलट गया। इस घटना में बाइक सवार ओरमांझी थाना क्षेत्र के बरीडीह निवासी जितेन्द्र महतो (25 वर्ष), पिता रावण महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार की शाम करीब सात बजे की है। पुलिस घायल युवक को इलाज के लिए ओरमांझी सीएचसी में भर्ती करायी है। युवक अपनी बाइक से तेज गति से सिकिदिरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान भुसुर मड़ई के समीप आगे चल रहे ऑटो को पीछे से धक्का मार दिया, जिससे सिलेंडर लदा ऑटो पलट गया।

### बेड़ो में जंगली हाथियों का आतंक, रौंदी फसलें

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में सोमवार की रात लगभग दो बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के एक महिला किसान दुलारी मुंडा के आलू के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया।

## विहिप ने किया प्राणप्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण पत्र और अक्षत का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ताओं व रामभक्तों द्वारा अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण पूजित अक्षत वितरण प्रारंभ किया गया। झारखंड- बिहार के धर्म प्रचारक देवीलाल सिंह, प्रांत मंत्री बिरेंद्र साहू, विभाग मंत्री किषुन झा व बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो के साथ कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर अक्षत बांटकर 22 जनवरी को अपने आसपास के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने का आह्वान किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री बिरेंद्र साहू ने बताया कि ओरमांझी प्रखंड के 18 पंचायत के लिए कार्यकर्ताओं व रामभक्तों की अलग-अलग टोली बनायी गयी है। जितनी भी टोलियां बनाई गई हैं सभी प्रत्येक गांव के घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरण करेंगे।

### ग्रामीणों के बीच कलश और पत्रिका का वितरण

**ठाकुरगांव।** विहिप बुढ़मू खंड द्वारा मंगलवार को प्रखंड के बंसरी, बरौदी, भांटबोड़या आदि गांवों में अयोध्या से आये कलश व पत्रिका का वितरण किया गया। विहिप के खंड प्रमुख रंजन कुमार महतो, मुकेश कुशवाहा ने ग्रामीणों के बीच अक्षत बांटे गये।

## सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर मौजा सिलवे के उलातू पाहन टोली शीशीपीड़ी भुआल टोली आदि गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर आंदोलन करने तथा वोट वहिष्कर करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गांव-टोलों में बुनियादि सुविधाओं का घोर अभाव है। रांची-पुरुलिया सड़क से मात्र डेढ किलोमीटर की दूरी पर उक्त गांव और टोले अवस्थित है। इन गांव टोलों में जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब है। सड़क पर सैकड़ों गड्ढे हो गए हैं। रांची पुरुलिया सड़क के मिलन चौक के पास से उक्त गांव टोलों में प्रवेश करने के लिए एक पक्की सड़क है, जो मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो गए है। उक्त सड़क का विधायक और सांसद के द्वारा फरवरी 2023 में सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास भी हो चुका है, लेकिन अब तक काम शुरू नही हुआ है। इससे भी ग्रामीण काफी आक्रोषित हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि उलातू पहान टोली के नीचे छुनूक दह पर गूंगा नाला मे पूल बनाने ढेलूवा खूंटा पक्की सड़क से नीचे गढा टोली तक पीसी सडक भुआल टोली मे पीसीसी सड़क बनाने बनाने नल जल से पेय जल सुविधा उपलब्ध कराने इत्यादि की मांग की है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़

(अति अल्पकालीन निविदा)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 13/2023–24 दिनांक 02.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक – 08.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक – 09.01.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक – 09.01.2024 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |

9. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of 1.0 HP DC Motor Pump Complete set at Chutu Singh, River Side Bhurkunda, Block -Patratu under D.W.&S. Division, Ramgarh for the Year 2023-24 | RMG/ Solar/GR-No.-1 | 409568.00 | 8200.00 | 750.00 | 3 Month |


(क) निविदा का विस्तृत नियम एवं शर्तें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(ख) परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा।
(ग) पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉची के पत्रांक 2133 रॉची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR.NO.314955 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


## चान्हो : शहीद सुनील शाही को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** शहीद सुनील कुमार शाही के सोलहवीं शहादात दिवस पर मंगलवार को उनके पैतृक गांव प्रखंड के हुरहुरी में शाहिद के प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, जिला परिषद् सदस्य आशुतोष तिवारी शामिल हुए, जिन्होंने शहीद सुनील शाही के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि शहीदों की शहादत बेकार नहीं जाती है। लोग उनसे सीख लेते हैं। हमारा क्षेत्र का इतिहास रहा है कि इसमें वीर शहीद पैदा हुए हैं। जिन्होंने अपनी मातृ भूमि की रक्षा के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर दिया। साथ ही उन्होंने शहीद के माता-पिता से मिलकर भी उन्हें एहसास दिलाया कि आप महान हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि धन्य हैं वो मां बाप जिन्होंने ऐसे शहीद पुत्र को जन्म दिया। विधायक ने शहीद के माता-पिता एवं उनके परिवार से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक ने शहादत दिवस पर गरीबए जरूरतमंद एवं बुजुर्गों के बीच कम्बल का भी वितरण किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ईस्तियाक अंसारी अपगंगू उरांव विधायक प्रतिनिधि सुजीत शाही अजित सिंह मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर टांगरबसली में कार्यक्रम

**मांडर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मांडर प्रखंड के सुरसा पंचायत और टांगरबसली पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ विभाग के प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। आयुष्मान कार्ड आदि की जानकारी दी। आरबीआई के साख फाउंडेशन से पूजा ठाकुर ने फाइनेंशियल लिटरेसी के बारे में बतलाया। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़कर लोग बहुत सारे फायदे उठा सकते हैं। इस दौरान लाभुकों ने अपना अनुभव भी साझा किए। जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी ली। संचालन दिव्ययान कृषि विज्ञान केंद्र के ओपी शर्मा ने किया। मौके पर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो मुखिया फुलमनी मिंज राकेश भगत मौजूद थे।


## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(पंचम) इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 02/2022–23

दिनांक – 28.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निर्मित दुकानो की आवंटन समयावधि फरवरी 2024 से फरवरी 2027 तक के लिए की जानी है जिसमे निबंधित संस्था/प्रतिशठान/अच्छे आचरण वाले व्यक्ति प्रति दुकान के लिए आवेदन शूल्क– 1000/– (एक हजार) रूपये जमा कर नगर पंचायत कार्यालय से दिनांक – 02.01.2024 से 17.01.2024 तक कार्यालय दिवस में आवेदन प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। निबंधित डाक/कार्यालय में प्राप्त आवेदनो को दिनांक 18.01.2024 से 22.01.2024 तक सत्यापन की जायेगी एवं दिनांक – 24.01.2024 से 25.01.2024 तक आपति निराकरण की जायेगी तथा दिनांक 30.01.2024 को दुकानो की बन्दोबस्ती की जायेगी। नियम व शर्त के अनुसार अन्य कागजात आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। तय समयावधि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। दुकानो का आवंटन उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में गठित कमिटि के सदस्यों के समक्ष कार्यालय, नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा तैयार सूची को प्राथमिकता दी जायेगी एवं लॉटरी के माध्यम से की जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित/रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को रहेगा। दुकानो की बन्दोबस्ती की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 सं0 | आवंटन की जाने वाली दुकानो का स्थान | दुकानो की संख्या | आवंटन का स्थान | आवंटन की तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि प्रति दुकान (रूपये में) | प्रतिमाह किराया प्रति दुकान (रूपये में) | आवेदन प्रपत्र का शूल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत टाउन हॉल के सामने, वार्ड सं0 01 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10'0"X9'0" (प्रथम तल–05 दुकान) | 05 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 25.01. 2024, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 150000/– | 1500/– | 1000/– |
| 3 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्केट कम्प्लेक्स में अवस्थित 12 दुकान, जिसका साईज 9'0"X10'0". | 12 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 25.01. 2024, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 250000/– | 2500/– | 1000/– |
| 4 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्केट कम्प्लेक्स के दोनो कोने पर अवस्थित 02 दुकान जिसका साईज 19'0"X10'0". | 02 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 25.01. 2024, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 350000/– | 3500/– | 1000/– |

नोट :– निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR.NO.314927 Urban Development(23-24):D

# बदलाव का प्रयास

कांग्रेस जिस प्रकार तीन राज्यों में ह ारी उससे यह संदेश साफ हो गया कि परम्परागत नीतियों से अब राजनीति में सफलता मिलना कठिन है। युवा और नये चेहरों को जैसा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने किया वैसा करने का प्रयास कांग्रेस ने आंरभ कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान की राजनीति से बाहर भेज दिया है। अब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में नए लोगों को आगे लाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। पिछले लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। दोनों नेताओं में चल रही आपसी खींचतान के चलते राजस्थान में कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों की अदावत के चलते ही राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से भी बाहर हो चुकी हैं। 2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी और अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी। राजस्थान में दोनों बड़े नेता के अलग-अलग दो गुट बन गए थे। सचिन पायलट को बगावत के चलते उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। वही उनके समर्थक कई मंत्रियों को भी पदों से हटा दिया गया था। उस समय पायलट के पास विधायकों की संख्या कम रह गई थी। कांग्रेस की यह हार कई मायनों में निर्णायक है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस का आत्मबल कम हो गया है वहीं गठबंधन में भी उसका प्रभाव कम हो गया है। राजनीति में युवा और नये चेहरे का प्रयोग तेलंगाना में सफल होने से कांग्रेस की उम्मीद बढ़ गयी है। वैसे कांग्रेस का वोट प्रतिशत बरकरार है आवश्यक है चुनाव में बेहतर रणनीति के साथ आने का।

# 2024 चुनाव में यूपी

देश में सबसे अधिक लोकसभा सीट वाले यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 403 में से 255 सीटें जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। तभी से पार्टी के रणनीतिकार 2024 में यूपी की सभी लोकसभा सीटें जीतने के भी दावे करने लगे। बीजेपी के बारे में कहा जाता है कि वहां चुनावी तैयारी कभी भी थमती नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत के बाद बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में यूपी से 80 सीटें जीतने का जो लक्ष्य निर्धारित किया उसके बाद उसकी तैयारी की रफ्तार देखते ही बनती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी में बीजेपी को 80 में से 62 सीटें मिली थीं। उसकी सहयोगी अपना दल को 2 सीटों पर जीत मिली जबकि बीएसपी को 10 और सपा को 5 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। कांग्रेस के खाते में एक सीट आई थी अब राम नामी रथ का वेग कितना प्रंचड होगा इसका अहसास तीन राज्यों में बेहतरीन जीत से सामने आ चुका है। इस बार बीजेपी का दावा और तैयारी एनडीए को सभी 80 सीटों पर जीत दिलाने की है। पिछली बार की हारी सीटों पर बीजेपी को नंबर दो से नंबर एक बनना है। इसके लिए बाकायदा अभी से 2024 तक के कार्यक्रम निर्धारित किए जा चुके हैं। बीजेपी के आत्मविश्वास की एक वजह यह भी है कि 1985 के बाद पहली बार यूपी में कोई सरकार अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा पूर्ण बहुमत से सत्ता में लौटी है। यूपी में बीजेपी 2014 के बाद से लगातार हर चुनाव शानदार तरीके से जीत रही है। अब इंडिया गठबंधन निश्चित तौर पर यूपी में पूरी ताकत लगायेगा लेकिन वर्तमान समय में जिस प्रकार की स्थितियां पैदा हो रही है उसमें उसके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करना कठिन है। यूपी भाजपा का गढ़ बन चुका है और यह इंडिया गठबंधन के लिये एक बड़ी चुनौती साबित होगा।

# श्रीराम, पूरे राष्ट्र की प्रेरणा, आदर्श और केंद्र बिंदु हैं






- डॉ दिलीप

> राम पूरे राष्ट्र के प्रेरणा, आदर्श और केंद्र बिंदु हैं। हमारे देश में, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम अपनी विरासत के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। एक-दूसरे से टकराने के बजाय, हमें सभी को एक साथ लाने के तरीके खोजने चाहिए। हमारा देश दुनिया का अकेला देश है जहां दो तरह की चीज की गई है- जय और विजय।

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद लखनऊ और अयोध्या की यात्रा पर आए। सनातन चिंतन से संबंधित कार्यक्रमों में सहभागी हुए। सनातन ग्रंथों के संबंध में उनका ज्ञान विलक्षण है। श्लोकों का धाराप्रवाह उल्लेख करते हैं। उनकी व्याख्या करते हैं। वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता प्रमाणित करते हैं। उनका स्पष्ट मानना है कि सनातन चिंतन पर अमल से भारत एक बार फिर विश्वगुरु बन सकता है। इसके आधार पर सामाजिक समरसता और सौहार्द की स्थापना हो सकती है। इतना ही नहीं विश्व की समस्याओं का समाधान भी सनातन चिंतन से हो सकता हैं। क्योंकि इसमें मानव कल्याण की कामना है।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 'हिन्दुस्थान समाचार' के तत्वावधान में अयोध्या में आयोजित उत्सव में सहभागी हुए। यहां श्रीराम कथा पर चर्चा की। लखनऊ में उन्होंने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित की पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक गीता पर आधारित है। यहां गीता पर आरिफ मोहम्मद का ज्ञान परिलक्षित हुआ। वह महामना मदन मोहन मालवीय के जयन्ती समारोह में भी शामिल हुए। महामना के व्यक्तित्व और कृतित्व को सनातन विचार से जोड़ते हुए रेखांकित किया। लखनऊ में महामना मालवीय मिशन द्वारा मालवीय जयंती का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान थे।

आरिफ मोहम्मद ने वेद, पुराण और उपनिषदों का उद्धरण देते हुए भारतीय संस्कृति की महत्ता का प्रतिपादन किया। कहा-यह भारत है जिसने ज्ञान और उसके प्रसार का मानवीय चिंतन दुनिया को दिया। सूर्य सिद्धांत यूरोपीय पुनर्जागरण का आधार है। नौवीं शताब्दी में भारतीय सूर्य सिद्धांत ग्रंथ को लेकर भारतीय मनीषी अरब गए थे। बगदाद के सुल्तान ने उसका अनुवाद कराया। इसके बाद यह ग्रंथ स्पेन के राजा ने मंगवाया। उसका अनुवाद वहां हुआ। यूरोपीय पुनर्जागरण इसी भारतीय सिद्धांत पर आधारित है।उपनिषद कहते हैं ज्ञान प्राप्त करो फिर उसको साझा करो

कपिल मुनि ने ज्ञान प्राप्त किया। फिर उसे अपनी मां को सुनाया। यह प्रसार की ही ललक थी। भारतीय चिंतन में सेवा सहायता पूजा की भांति है। इसमें भेदभाव नहीं है। इस भारतीय विरासत पर अमल तय हो जाए तो सभी कार्य अपने आप होते चलेंगे। भारतीय ज्ञान का सारांश गीता में हैं। भारत में ज्ञान की पूजा हुई। इस मार्ग से भटके तभी भारत परतंत्र हुआ। ज्ञान का प्रसार बंद कर दिया। इसलिए गुलाम हुए। जो ज्ञान को साझा नहीं करता वह सरस्वती का उपासक नहीं खलनायक होता है।

महामना मालवीय ने इसी चेतना का जागरण किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इसका एक निमित्त या पड़ाव मात्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भारतीय संस्कृति का जागरण कर रहे हैं। ज्ञान की तरह पवित्र करने वाला कुछ नहीं है। ब्रह्मचारी वह है जो विद्यार्थी है। जिसमें जिज्ञासा है। विज्ञान का महत्व है। विज्ञान प्रकृति पर नियन्त्रण का प्रयास करता है। ज्ञान ब्रह्म की ओर ले जाता है।भारत आगे बढ़ रहा है। लेकिन कोई यह नहीं कहता कि भारत से खतरा है। क्योंकि भारत की यह संस्कृति नहीं है। एकता का आधार आत्मा है। मनुष्य ही नहीं जीव जन्तु सभी में आत्मा है। इसलिए भेदभाव नहीं होना चहिये।

लखनऊ में ही आरिफ मोहम्मद खान ने हृदय नारायण दीक्षित की पुस्तक गीता अंतर संगीत का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोग का संदेश देने वाली गीता भारतीय संस्कृति के सभी ग्रंथों का सार है। आरिफ मोहम्मद खान ने अपने उद्बोधन में गीता के विभिन्न श्लोकों का उद्धरण देते हुए कर्मयोग की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि फल की इच्छा न रखते हुए पूरे मनोयोग से अपने कार्य में पूर्णता लाने का संदेश केवल गीता में ही दिया गया है।

हृदय नारायण दीक्षित ने गीता में कर्म की उपयोगिता और जीवन चक्र तथा गीता में संस्कृति की निरंतरता और उसकी प्रासंगिकता का प्रतिपादन किया। 'हिन्दुस्थान समाचार' द्वारा आयोजित अयोध्या उत्सव में उन्होंने कहा कि राम हर क्षेत्र में हैं। देश की हर भाषा और बोली में समाहित हैं। यहां के लोगों ने राम को अपने-अपने तरह से और अन्य परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रयास किया है। सबसे पहले आदि कवि वाल्मीकि ने उन्हें देखा अथवा महसूस किया। उनकी रामायण पूरे देश में विभिन्न रूपों में मौजूद है। हमने अपने बच्चों को राम के आदर्श से व्यक्तित्व निर्माण समझाया। मानवता के विकास का प्रयास किया। यही सनातन संदेश है।

अयोध्या में उत्सव का माहौल है, लोग बहुत खुश हैं, इस मौके का इस्तेमाल हमें अपने देश की एकता अपनी अखंडता मजबूत करने के लिए करना चाहिए, भारत की संस्कृति हमारी सब की संस्कृति है, साझी संस्कृति है भगवान राम उसके प्रतीक हैं। अयोध्या उत्सव में है। प्रतीक्षा में है। बाबर विदेशी था और उसने राम मंदिर पर ही नहीं, भारत के प्रेरणा मंदिर पर हमला किया। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसी शायर ने कहा है कि राम के वजूद पर है हिंदोस्ता को नाज, अहले नजर रखते हैं इमाम ए हिंद। मलायलम में रामायण का मतलब है रामन्दे आयनम अर्थात भगवान राम ने धर्म की स्थापना के लिए यात्राएं की। जैसे सूर्य के दक्षिणायन या उत्तरायण होने की चर्चा होती है, दक्षिण भारत ने राम को सदियों से सहेज कर रखा है।

राम पूरे राष्ट्र के प्रेरणा, आदर्श और केंद्र बिंदु हैं। हमारे देश में, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम अपनी विरासत के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। एक-दूसरे से टकराने के बजाय, हमें सभी को एक साथ लाने के तरीके खोजने चाहिए। हमारा देश दुनिया का अकेला देश है जहां दो तरह की चीज की गई है- जय और विजय। विजय तब जब आप किसी को हराइए। जय मतलब सभी की जय...। यह पूरी दुनिया का उत्सव है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# बिजली का उत्पादन

भारत को वर्ष 2032 तक कोयला-आधारित बिजली उत्पादन की 26 गीगावॉट अतिरिक्त क्षमता की जरूरत पड़ सकती है। यह इस समय निर्माणाधीन 25 गीगावॉट क्षमता वाली परियोजनाओं से अलग होगा। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

सीईए ने राष्ट्रीय बिजली योजना की एक रिपोर्ट के मसौदे में कहा है कि इस समय विकसित की जा रही कोयला-आधारित परियोजनाओं के अलावा वर्ष 2031-32 तक देश को 17-28 गीगावॉट कोयला-जनित बिजली की अतिरिक्त जरूरत पड़ सकती है।सीईए ने राष्ट्रीय बिजली योजना के मसौदे को गत बृहस्पतिवार को हितधारकों की राय जानने के लिए जारी किया है। इसके बारे में सुझाव एवं आपत्तियां पांच दिसंबर तक दी जा सकती हैं।

बिजली अधिनियम, 2023 के मुताबिक, सीईए को पांच साल में एक बार राष्ट्रीय बिजली योजना तैयार करनी है। इस अधिनियम में प्रावधान है कि बिजली योजना तैयार करते समय सीईए पहले इसका मसौदा जारी करेगा और फिर उस पर लाइसेंसधारकों, उत्पादक कंपनियों और आम लोगों से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित करेगा।

इस मसौदा दस्तावेज के मुताबिक, वर्ष 2031-32 तक बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की जरूरत भी 51 गीगावॉट से लेकर 84 गीगावॉट तक रह सकती है।

रिपोर्ट के मसौदे में कहा गया है कि निर्माणाधीन जल-विद्युत संयंत्रों की स्थापना में देरी होने पर वित्त वर्ष 2026-27 में क्षमता निर्माण में अतिरिक्त कोयला-बिजली की जरूरत करीब चार गीगावॉट होने की संभावना है।

सीईए की रिपोर्ट में यह पाया गया है कि अत्यधिक मांग की स्थिति में बिजली की जरूरत बढ़ने पर कोयला-आधारित क्षमता एवं भंडारण जरूरत और बीईएसएस दोनों ही बढ़ जाते हैं।

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अखिल भारतीय स्तर पर बिजली की सर्वाधिक मांग 272 गीगावॉट और 1,874 अरब यूनिट तक रह सकती है। वहीं वित्त वर्ष 2031-32 के लिए बिजली की मांग 363 गीगावॉट और 2,538 अरब यूनिट रहने की संभावना है।

# दुनिया एक परिवार

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**महर्षि** वसिष्ठ ने विश्वामित्र से कहा दुष्टों एवं असुरों सहित राक्षसराज रावण के संहार करने एवं ऋषि-महर्षि तथा आम जन के उद्धार के लिये विद्यालोक से अयोध्या में रामावतार होने वाला है। उनकी पराशक्ति सीता जनकपुर में अवतरित होने वाली है। आप वापस सिद्धाश्रम (आज का बक्सर शहर) लौट जाइये। ज्योंही जनकपुर में सीता विवाह का नियत समय आयेगा आप किसी बहाने अयोध्या जाकर श्री राम को लेते आइयेगा और राम एवं सीता का विवाह करा दिजिएगा। ब्रम्हर्षि सिद्धाश्रम लौट आये और राम-सीता विवार के नियम समय का प्रतीक्षा किये। इस बीच की अवधि में विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की रचना की। गायत्री मंत्र भक्ति का मंत्र है। भू यानी भू लोक में अर्जित की हुई सारी संपति रिश्ते नाते इत्यादि, भुव : यानी मन, बुद्धि एवं चित, स्वः यानी अहंकार जब तत् सविता यानी सदगुरु को समर्पित कर दिया जाए तो इन्द्रियां देवतुल्य हो जाती है। जिस प्रकार प्रकृति के देवता परमात्मा के लिये कार्य करते हैं उसी प्रकार मन बुद्धि तथाअतः करण परा का हो जाता है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इसका सारांश यह है कि साधन के माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाए तो नहीं होगा। विश्वमित्र जी इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। चाहे नारदजी हो, उद्धव जी हो या चण्डकौशिक मुनि हो जिन्होंने सोचा कि साधन के द्वारा ज्ञान हो जाए उन्हें नहीं हुआ। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा तो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)


**वीर बाल दिवस'** के अवसर पर भोपाल के ईदगाह हिल्स स्थित गुरुद्वारा पहुंच कर मत्था टेका और गुरु गोबिंद सिंह जी एवं उनके चारों साहिबजादों के अद्भुत शौर्य और अतुलनीय बलिदान को नमन किया।

**- मोहन यादव सीएम मध्य प्रदेश**

## आपके ट्वीट

**ईश्वर** एवं गुरु तत्त्व की समन्वित अभिव्यक्ति अपने आश्रितजनों को श्रेष्ठता अर्थात परमात्मा का साक्षात्कार कराने वाले वेद योगादि विद्याओं के प्रवर्तक आद्य गुरु महायोगी भगवान दत्तात्रेय के आविर्भाव दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ ।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**पुरानी** कश्ती को पार लेकर फकत हमारा हुनर गया है,
नए खिवैया कहीं न समझें नदी का पानी उतर गया है

**-कुमार विश्वास**

# प्रेट्रोलियम उत्पाद को जीएसटी में लाकर सस्ता किया जाना जरूरी

**एनके मुरलीधर**

देश में जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई 2017 से लागू हुई , सितंबर महीने में जीएसटी काउंसिल की 45 वीं बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई लेकिन पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका हाल के दिनों में पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के मद्देनजर गैर बीजेपी शासित राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से इन उत्पादों पर लगे एक्साइज ड्यूटी को कम करने की गुहार लगाई थी लेकिन खुद वैट की रकम कम करने से इनकार करते रहे।

**तेल का गणित**

2014-15 के बाद से ऑयल और पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स वसूली के जरिए जमा होने वाली राशि में 370 फिसदी का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में ही 3.71 लाख करोड़ की कमाई केंद्र सरकार को इससे हुई। बेस प्राइस के दोगुने से अधिक दाम पर पेट्रोल/डीजल बिहार सहित कई राज्यों में मिल रहा है। वो पैसा राज्य और केंद्र सरकार के खजाने में जा रहा है । मान लीजिये किसी विशेष दिन डीलरों को पेट्रोल 41.10 रुपए प्रति लीटर की दर पर मुहैया कराया जा रहा है इस पर 32.90 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी और साथ में 3.84 रुपए प्रति लीटर का डीलर कमीशन जुड़ेगा और झारखंड में 20.19 पैसा वैट चार्ज होता है। इस तरह से 98.3 पैसे में झारखण्ड की जनता को मिल जाता। अगर पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर जीएसटी लागू हो जाता है तो आम जनता को बहुत फायदा होगा। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 40 फीसदी तक गिरावट आ सकती है। लेकिन सरकारी खजाने का बुरा हाल हो जायेगा। जरा सा भी वैट घटाता है तो आसानी से होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिये कई राज्य इसका विरोध करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग टैक्स पर ही निर्भर होते जा रही है।

## आर्थिक

सरकार के लिए तेल रूपी दुधारू गाय अगर जीएसटी के दायरे में आ जाती है तो फिर परिणाम देखिए। जीएसटी में 28 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे ऊँचा स्लैब है, मान लीजिए अगर पेट्रोल-डीजल को उसी स्लैब में रखें तो राज्य और केंद्र सरकार को मिलाकर 72% का सीधा नुकसान होगा। केन्द्र सरकार के आय के अनेकों साधन हैं लेकिन राज्यों के पास आय के साधन सीमित है। शराब और पेट्रोलियम उत्पाद पर टैक्स दो सबसे बड़ा जरिया है । ऐसे में पेट्रोल-डीजल पर सरकार जो भी फैसला ले, उसमें राज्यऔर केंद्र दोनों के हितों का ख़्याल रखना जरूरी होगा। आम जनता की जेब भी ज्यादा ढीली न हो।

**ऐसे में जो विकल्प सामने आते हैं**

पहला तरीका इस कमाई की भरपाई करने के लिए 28 फीसदी जीएसटी के अलावा सरचार्ज भी लगा दिया जाए। जैसे लग्जरी कारों पर केंद्र सरकार ने किया है।

दूसरा तरीका ये हो सकता है कि केंद्र सरकार पहले बड़े मात्रा सेस लगाये फिर पूरे पर जीएसटी लगाए। और जीएसटी नॉन रिफंडेबल हो। उससे होने वाली आमदनी को केंद्र और राज्य सरकार बाँट ले। समस्या यह है कि इसके लिए दोनों सरकारों को इस फॉमूर्ले पर तैयार होना होगा जो कि राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी कठिन लगता है ।

**अगर तैयार भी हो भी गए तो**

इसमें सिर्फ आंकड़ों की हेराफेरी ही हो पायेगी निष्कर्ष कुछ नहीं निकलेगा। या जनता की जेब ढीली होगी या सरकार को राजस्व नुकसान उठाना पड़ेगा। जीएसटी को कम करके ऐसे चार कदम है जिससे सरकार को काफी लाभ हो सकता है और घाटा पूरा हो सकता है

## कार्टून वर्ल्ड

**खाद्य संकट और निर्धन देश**



## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**- रितु लकड़ा, कांके रांची**

## चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है लेकिन मामला नियंत्रित नहीं है।

**-अवंतिका राज, लोहरदगा**

# चासनाला त्रासदी की टीस... आपातकाल और काला पत्थर

## संस्मरण

**मुकुंद**

**चासनाला** शहीद स्मारक में कालकलवित 375 मजदूरों को श्रद्धांजलि देकर एशिया की बड़ी खान दुर्घटनाओं में से एक के जख्म फिर हरे हो जाते हैं। ...और आंख बंद करते ही इस त्रासदी पर बनी फिल्म 'काला पत्थर' ( 24 अगस्त, 1979) का नायक अमिताभ बच्चन सामने आने लगता है।

समूचे देश के लिए वो डरावनी तारीख 27 दिसंबर, 1975 है। चासनाला कोलियरी की डीप माइंस खान में जल प्लावन से इन मजदूरों की जिंदगी दफन हो गई थी। इस जल प्लावन से कोयलांचल ही नहीं, पूरा देश दहल उठा था। शहीद स्मारक में इनकी बरसी पर वेदी के पास सर्व धर्म सभा कर फूल चढ़ाए जाएंगे। इस खान का यह काला अध्याय न्यायिक जांच पड़ताल का भी हिस्सा बना। सालों बाद अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। दरअसल इस खान में रिसने वाले पानी को एकत्र करने के लिए बड़ा बांध बनाया गया था। हिदायत भी दी गई थी की बांध के 60 मीटर की परिधि में कभी भी विस्फोट नहीं किया जाएगा।

कहते हैं कि कुछ अधिकारियों ने इस चेतावनी की अनदेखी की। 27 अक्टूबर को शक्तिशाली विस्फोट हुआ और इस लापरवाही की वजह से इन खनिकों ने जल समाधि ले ली। दुर्घटना के कई महीनों बाद तक खान से पानी नहीं निकल सका। इसके लिए पोलैंड और रूस के वैज्ञानिकों की मदद ली गई। ...और जब पानी बाहर आया तो अपने पीछे सड़ी-गली लाशों का अंबार छोड़ गया। इनमें से अधिकांश की पहचान बैटरी वाली बत्ती, टोपी, कपड़ों आदि से की गई। महीनों दामोदर नदी के किनारे जल रही चिताओं पर गिद्ध और चील मंडराते रहे। न्यायिक जांच के निष्कर्षों के बाद तत्कालीन कुछ अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। चासनाला, धनबाद से 20 किलोमीटर दूर है। यह खान कोल इंडिया के भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की थी।

देश में आपातकाल लगाए जाने की वजह से दिसंबर की भीषण ठंड में राजनीतिक पारा गरम था। चासनाला त्रासदी के समय केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ में कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा था। चंडीगढ़- हरियाणा और पंजाब की राजधानी भी है। कांग्रेस के सभी बड़े नेता इस अधिशवन के बहाने सिटी ब्यूटीफुल की सुखना लेक के नजारों का लुत्फ उठा रहे थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र को चंडीगढ़ में ही डरा देने वाली यह खबर मिली। सुनते ही दोनों एक-दूसरे का मुंह ताकने लगे। बोले कुछ नहीं...। इंदिरा गांधी ने आंखें बंदकर गहरी सांस ली। और जब आंख खोली तो जगन्नाथ मिश्र इशारा समझकर कुर्सी से उठे और अधिवेशन स्थल से बाहर निकलकर तेज कदमों से कारों की तरफ बढ़ गए। मगर इस दौरान देशी-विदेशी अखबारों ने सवालों की बौछार कर दी। डॉ. मिश्र उलटे पांव पटना लौटे। तब तक खान मजदूरों के परिवारों में असंतोष फैल चुका था।

इस दौर में देश का हिंदी सिनेमा समानांतर और यथार्थवाद को बड़े परदे पर दिखाने की ओर बढ़ रहा था। निमार्ता-निर्देशक यश चोपड़ा लीक से हटकर सिनेमा गढ़ रहे थे। कहते हैं कि उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में इस समाचार का फॉलोअप पढ़ा। उन्हें पहली नजर में ही यह त्रासदी क्लिक कर गई। उन्होंने डायरी में अपनी आगामी फिल्म का नाम लिखा-काला पत्थर।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### हिट एंड रन वापस ले केंद्र : सिन्हा



**रामगढ़।** रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के सचिव अरूण कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि हिट एंड रन कानून वापस ले केंद्र सरकार। उन्होंने कहा कि कानून के तहत यदि किसी वाहन चालक द्वारा दुर्भाग्यवश दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो इसके लिए चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माना का प्रावधान किया गया है, जो अनुचित है। श्री सिन्हा ने कहा कि कोई भी वाहन चालक यह नही चाहता की वाहन चलाते समय उसके वाहन से एक चिंटी की भी मौत हो। दुर्भाग्यवश इस तरह की घटनाएं होती हैं। सिन्हा ने कहा कि जब कहीं दुर्घटना होती है तब लोग बजाय घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने की वाहन चालक को पीटने लगते हैं। जबकि इस तरह की घटनाएं नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबतक कभी भी जनहित में कोई कार्य नही किया है और वे लोगों की परेशानियों को बढ़ाने का कार्य करते हैं। केंद्र सरकार का हिट एंड रन कानून भी आमलोगों की मुश्किलों को बढ़ाने वाला कार्य है। कहा की केंद्र सरकार शीघ्र इस कानून को वापस ले नही तो इसके विरोध में व्यापक पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने कहा की एक वाहन चालक को काफी परेशानियों के बाद महीने में 10-12 हजार रूपए की आमदनी हो पाती है। ऐसे में सरकार के नए कानून के अनुसार वाहन चालक कहां से 7 लाख का जुमार्ना भर पाएंगे।

### रामगढ़ में नहीं चले वाहन



**रामगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को रामगढ़ में वाहनो का परिचालन बंद रहा। कानून के विरोध में चालकों ने सुभाष चौक, रांची रोड आदि स्थानो पर सड़क जाम कर दिया। जिससे आम लोगों को आने जाने में दिक्कत हुई।

### कुजू में चालकों ने किया प्रदर्शन



**कुजू।** केंद्र सरकार के द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण को लेकर हिट एंड रन कानून में किये गये बदलाव के विरोध में मंगलवार को कुजू क्षेत्र के वाहन चालकों ने कुजू चौक, श्री राम चौक व नयामोड़ फोरलेन चौराहा को जाम कर दिया। साथ ही कानून में बदलाव करने का मांग किया। चक्का जाम के समर्थन में कुजू के ट्रांसपोर्ट नगर में सैकड़ो ट्रक खड़े हैं। वाहन चालकों का चक्का जाम का विरोध 1 जनवरी से ही शुरू होकर 3 जनवरी तक चलने वाला है। नया मोड़ में जाम की वजह से सैकड़ो छोटे-बड़े वाहन फंसे रहे। वहीं जाम की वजह से भूख -प्यास से व्याकुल लोगों ने स्थानीय दुकानदारों से खाने पीने के समान खूब खरीदे। स्थानीय ऑटो चालकों ने भी वाहन चालकों के तीन दिवसीय हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने अपने ऑटो को खड़ा कर विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन रोजी रोटी के लिए कई क्षेत्रों में ऑटो चालकों के द्वारा चुपके-चुपके यात्रियों को लेकर आते -जाते देखा गया। यात्री वाहनों के सड़कों पर नहीं चलने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस प्रशासन के समझाने पर जाम को छोड़ा गया. इधर आंदोलन को लेकर कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में दर्जनों ट्रक खड़े है।

### पिकनिट स्पॉटों पर उमड़ी भीड़



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में सोमवार को नये वर्ष का स्वागत जोरदार तरीके से हुआ। इस दौरान लोगों ने रविवार की मध्य रात्रि से ही नये साल का स्वागत किया। लोगों ने पटाखे छोड़ते हुए नव वर्ष का स्वागत धूमधाम से तरीके से किया। इधर सुबह में क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर पर लोगों की भीड़ रही। वहीं चौक-चौराहों में मीठ-मुर्गे सहित सब्जी दुकानों में समान खरीदने के लिए लिए लोग नजर आये। साथ ही पिकनिक स्पॉटों पर लोगों ने जमकर डीजे पर थिरके।

### डीएवी के प्राचार्य का स्वागत



**कुजू।** कुजू निवासी समाजसेवी गोपाल ठाकुर ने मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, आरा-कुजू के नए प्राचार्य आलोक कुमार औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गोपाल ठाकुर ने प्राचार्य आलोक कुमार को नववर्ष की शुभकामनाएं व बधाइयां दी। साथ ही, अनेक मुद्दों पर बातचीत के अलावे शैक्षणिक व्यवस्था पर चर्चा हुई। साथ ही, उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# झरपो में अबुआ आवास के आमसभा में हंगामा

## जनप्रतिनिधि बोले-पंचायत सेवक व जांच टीम ने की मनमानी, कराएंगे जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत भवन में अबुवा आवास के सत्यापन को लेकर ग्राम सभा किया गया। अध्यक्षता झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी ने किया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल, उपमुखिया राजेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य रवि कुमार यादव, केदार गौरव, पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, रोजगार सेवक संतोष दास शामिल थे।

अग्राम सभा में उपस्थित पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद ने लोगों को अबुवा आवास लेने के नियम को बताया। मुखिया ने कहा कि पंचायत के योग्य लाभुक को ही अबुआ आवास का लाभ मिलेगा। पंचायत के कोई गरीब परिवार और योग्य लाभुक नही छुटे इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। लेकिन जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि झरपो पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद संग जांच टीम ने सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए योग्य लाभुको को आयोग्य बनाकर अबुवा आवास सूची से नाम गायब कर दिया है। झरपो मुखिया शिबूप्रसाद सोनी, टाटीझरिया उपप्रमुखरवि वर्णवाल, उपमुखिया राजेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य रवि यादव, केदार गौरव ,समाज सेवियों में महेश राम, राहुल राम ,सरजू प्रसाद समेत अन्य जन प्रतिनिधियों संग समाज सेवियों ने जांच टीम द्वारा योग्य लाभुक को आयोग्य लाभुक के सूची में रखने पर नाराजगी जताई और कहा की पंचायत सेवक संग अबूवा आवास जांच टीम अपनी मन की मर्जी करते हुए सिर्फ अपना कोरम पूरा किया है। कहा कि यदि योग्य लाभुको को आवास नही दिया गया तो टाटीझरिया बीडीओ,हजारीबाग डीसी समेत अन्य वरिष्ट पदाधिकारी गणों से योग्य लाभुको के लिए अबूवा आवास हेतु न्याय की गुहार कर जांच टीम पर लिखित आवेदन देकर ग्रामीणों संग न्याय की मांग करेंगे।





मौके पर वार्ड सदस्य मनोज सिंह ,मुन्नी देवी,राजेंद्र प्रसाद,सरजू प्रसाद, बद्री भुइंया, मनोज माली,गंगाधर पंडा, कैलाश राम , पिंटू राम ,कांती देवी,आरती देवी ,सरिता देवी संग सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# पतरातू में डैम लौट से रही नाबालिग के साथ दुष्कर्म

## भुइया समाज ने आरोपियों को फांसी देने की मांग की

## पीड़िता ने थाना में की शिकायत, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पतरातू।** न्यू इयर पर पतरातू डैम घूम कर लौट रही एक नाबालिग हरिजन लड़की के साथ पतरातू थाना अंतर्गत ऑर्किड स्कूल के पास दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। घटना को लेकर पीड़िता अपने परिजन के साथ मंगलवार को थाना पहुंचकर लिखित शिकायत की। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि सोमवार को वह अपनी सहेली के साथ पतरातू डैम घूम कर घर लौट रही थी। इसी दौरान खैरा मांझी द्वार से कुछ दूरी पर स्थित ऑर्किड स्कूल के पास 5-6 युवक उक्त दोनों को घेर लिया। जिसमें से कुछ युवक मेरी सहेली के साथ छेड़छाड़ करने लगे। वही बावनधारा खटाल निवासी नितेश चौबे मुझे जबरन उठाकर पास के एक महुआ पेड़ के पास ले जाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। फिर धमकी दिया की अगर घटना के बारे में किसी को बताया तो जान से मार देंगे। वहीं किसी तरह मेरी सहेली उक्त युवकों के चंगुल से भाग कर ग्रामीण और परिजनों को घटना की जानकारी दीं। सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नितेश चौबे को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपी नितेश चौबे को पुलिस के हवाले कर दिया। पतरातू थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने बताया कि लड़की की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया जा रहा है। एक आरोपी हिरासत में है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। भुइया समाज के रामगढ़ जिला अध्यक्ष आजाद भुइया, गोविंद राम, रीना देवी, दिलीप भुइया आदि पतरातू थाना पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। साथ ही आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की।




थाने में भुइया समाज के लोग।

### नाबालिग युवती का शव कुंआ से बरामद

**केरेडारी।** केरेडारी थाना क्षेत्र के कराली पंचायत के जोको गांव से पुलिस ने स्थानीय गांव निवासी सुखदेव साव के नाबालिग युवती मनीषा कुमारी (17) का शव घर से कुछ दूर कुआ से मंगलवार की सुबह सात बजे के करीब बरामद किया है। बताया जा रहा है कि वह 31 दिसंबर की शाम पांच बजे से लापता थी। परिजन खोजबीन भी कर रहे थे। हालांकि परिजन उसके लापता होने की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।मंगलवार की सुबह कुंआ के सामने से गुजर रहे थे तो वहां चप्पल देखा। तब कुंआ में झांक कर देखा तो नही पता चला। तब लोगों ने कुआं में झगर डाल कर देखा तो झगर के साथ तब शव निकला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही केरेडारी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है। मृतिका के पिता सुखदेव साव ने मामले को लेकर केरेडारी थाना में आवेदन दिया है। थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने बताया कि युवती के पिता ने आवेदन दिया है। हत्या या आत्महत्या यह अभी कहा नहीं जा सकता। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हिट एंड रन चालकों के लिए काला कानून : यमुना यादव



**बरही।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा घोषित नए हिट एंड रन कानून चालकों के लिए काला कानून है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस पार्टी के युवा नेता यमुना यादव ने चालक जान हथेली पर रख कर देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे है। चौबीसों घण्टे खतरों से खेलते हुए,पुलिस प्रशासन की धुत्कार को सहते हुए, लोगो का गुस्सा का सामना करते है,अपनी व अपने आश्रित परिजनों की जीविका के कारण मेहनत कर रहें है।ऐसी परिस्थिति में और एक नए कानून को उनके ऊपर थोप देना उनके लिए बेमानी है।अगर हिट एंड रन मामले में चालक किसी को टोक कर भागा तो उनको 10 साल की सजा एवं भारी जुर्माना उनके लिए मौत की सजा से कम नहीं है। चुकी वे मशीनों को चलाते है और मशीन कब खराब हुआ, कब राह चलते लोगो से गलती हुई और जाने अंजाने कोई किसी चालक के वाहन के नीचे आ गया ऐसे में घायल मरीज को उठाने जाने के साथ भीड़ उनको पीट पीट कर मार देगी, मरीज को नही उठाएंगे तो कानून उनको 10 साल की सजा एवं भारी जुर्माना दे देती। उन्होंने सरकार से कानून में बदलाव की मांग की।

# बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र का करेंगे विकास : जानकी प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग/टाटीझरिया। पूर्व विधायक जानकी यादव अभी से चुनाव को लेकर कमर कस चुके है। हालांकि वे किस पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे इसको लेकर तस्वीर साफ नहीं है। बहरहाल, जानकी प्रसाद यादव व उनकी अर्धांगिनी चंदन देवी ने बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के लोगो को नव वर्ष की शुभकामना दी है। मौके पर श्री यादव ने कहा कि जनता ने अपना बहुमूल्य मतदान देकर मुझे विधायक बनाया था। अपने विधायकी के कार्यकाल में मुझसे जितना हो सका मैंने अथक प्रयास कर बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के विकास किया। मैं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के तमाम जनता का आभार प्रकट करता हूं और निवेदन करता हूं कि मुझे आगामी विधानसभा चुनाव में आशीर्वाद दें और जिताए ताकि फिर से लंबित योजनाओं पर कार्य कर सकूं और आपकी सेवा कर सकूं। मै नेता नही बल्कि बेटा बनकर विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष हमारा नारा है, विकास हमारा वादा है। उन्होंने कहा कि वे अगर जीत के आये तो राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज जयनगर कोडरमा, डिग्री कॉलेज नवाडीह में पठन पाठन का कार्य सुचारू ढंग से आरंभ कराएंगे। झरपो बिजली पावर सब स्टेशन चालू करने तथा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना ही उनका उद्देश्य होगा। साथ ही बहूत सारी जरूरी योजनाएं हैं जिसपर कार्य कराना है। विकास की गति रूकी हुई है। बताया की बरकट्ठा स्थित आवास में 14 जनवरी को दही चूड़ा कार्यक्रम वा संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के उन्होंने क्षेत्र की जनता को शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।



# जन क्रांति फाउंडेशन का वनभोज आयोजित

- सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं का लाभ हर गरीब और असहाय को मिले यही फाउंडेशन का लक्ष्य : कच्छप

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नव वर्ष के पावन अवसर पर जन क्रांति फाउंडेशन द्वारा पतरातु के आरासाहा नदी के समीप वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर जन क्रांति फाउंडेशन के अध्यक्ष विकाश कुमार कच्छप ने कहा कि हमारा फाउंडेशन वर्ष 2016 से ही कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य कर रही है। सरकारी एंव गैर सरकारी योजनाओं का लाभ हर गरीब और असहाय को मिले यह हमारे फाउंडेशन का लक्ष्य है। उन्होने कहा की वर्तमान में जन क्रांति फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, गरीबी उन्मूलन, महिलाओ का स्वरोजगार से जोड़ना, महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह, बाल श्रम इत्यादि पर विशेष रूप से काम करना है। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का भी सामूहिक रूप से आनंद लिया।




मौके पर मुखिया विकाश कुमार नायक, सुकेश उरांव, आर्यन टोप्पो, इशा टोप्पो, लक्ष्मी, काजल, रवि कुमार, संजीव कुमार मुंडा, रोमा कुमारी, संजय कुमार मुंडा, अर्चना कुमारी पूजा कुमारी, सुनिल उरांव, विनोद मुंडा, जितेंद्र कुमार नायक, अरूण साव, रवि उरांव, शशिकांत पाहन, रविन्द्र कुमार, अकाश कुमार नायक, देवनाथ प्रसाद, गोलू कुमार बेदिया आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### एसपी से मिले एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख



**हजारीबाग।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षकअरविंद कुमार सिंह से औपचारिक भेंट की। इस दौरान उन्होंने एसपी के साथ परियोजना से संबंधित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से एनटीपीसी अपने क्रियाकलापों को सुचारू रूप से जारी रखेगा। परियोजना प्रमुख ने आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी ।पुलिस अधीक्षक के अलावा परियोजना प्रमुख निवर्तमान एसपी मनोज रतन चोथे से उनके आवास पर मुलाकात की और एनटीपीसी की ओर से उनकी पदोन्नति और डीआइजी स्पेशल सेल झारखंड पुलिस के रूप में पोस्टिंग पर बधाई दी ।श्री जलोटा ने निवर्तमान एसपी को उनके कार्यकाल के दौरान हजारीबाग में एनटीपीसी के कोयला खनन परियोजनाओं को निरंतर सहयोग देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मनोज रतन चोथे ने भी एनटीपीसी द्वारा हजारीबाग पुलिस को उसकी विभिन्न पहलों के लिए दिए गए समर्थन के लिए परियोजना प्रमुख को धन्यवाद दिया। इस दौरान पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना मानव संसाधन विभाग अपर महाप्रबंधकअमित कुमार अस्थाना और वरिष्ठ प्रबंधक एचआर, मोहित कोतवाल भी मौजूद रहे।

### अंतर सीमांत एंटी सबोटाज प्रतियोगिता शुरू

**दारू।** बल मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल नई दिल्ली के निदेर्शानुसार प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय सीमा सुरक्षा बल मेरू कैम्प में राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक(प्रशासन) की अध्यक्षता में 22 वी अन्तर सीमान्त एन्टी सबोटाज चैक प्रतियोगिता 2023-24 के विधिवत शुभारम्भ की घोषणा की गई जो कि दो जनवरी से प्रारंभ होकर छह तक चलेगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सीमा सुरक्षा बल में एन्टी सबोटाज चैक में सीमा सुरक्षा बल की प्रचुर टुकड़ियों और उनके हुनर को बढाने के अलावा अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में सीमा सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करने वाली एन्टी सबोटाज चैक टीम को तैयार करना है। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतिवर्ष अलग-अलग राज्यों द्वारा आयोजित की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए बल मुख्यालय द्वारा इस संस्थान को यह प्रतियोगिता कराने की जिम्मेवारी प्रतिवर्ष दी जाती है। यह प्रतियोगिता वर्ष 2000 में शुरू हुई और अभी तक कुल 21 प्रतियोगिताओं का आयोजन इस संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस पूरी प्रतियोगिता में सीमा सुरक्षा बल की सभी सीमान्तों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। यह प्रतियोगिता 04 भागों में आयोजित की जायेगी ।सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नामित कर आगामी अखिल भारतीय पुलिस ड्युटी मीट के लिए सीमा सुरक्षा बल की एक टीम का गठन किया जाएगा।

### भराजो पंचायत भवन में आम सभा आयोजित

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत भवन में अबुवा आवास के सत्यापन को लेकर ग्राम सभा किया गया जिसका अध्यक्षता मुखिया स्वातिका कुमारी ने की। ग्राम सभा में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि , पंसस शोभा देवी,पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे,रोजगार सेवक अरूण रवि शामिल हुए। ग्राम सभा में उपस्थित पंचायत सेवक ने उपस्थित लोगों को अबुवा आवास लेने के नियम को बताया। मुखिया ने कहा कि पंचायत के योग्य लाभुक को ही अबुवा आवास का लाभ मिलेगा। पंचायत को कोई गरीब परिवार और योग्य लाभुक नही छुटे इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा ।मौके पर उपमुखिया कौलेश्वर कुमार,वार्ड सदस्य सुरज कुमार,सुनिता देवी,रोहित कुमार,रघुनंदन प्रसाद,दीपक कुमार,सुरेंद्र राम,अजीत कुमार,आदित्य आलोक,मनोज तुरी,कृष्णा प्रसाद,धीरज कुमार,मंसुर अंसारी,सरयू ठाकुर,गीता देवी,नेहा कुमारी,कांती देवी,आरती देवी,गायत्री कुमारी,मनोज कुमार शांति देवी,पुष्पा देवी,चंपा देवी,सोनी देवी समेत अन्य महिला-पुरूष उपस्थित था ।

### बरही में पत्रकार को मातृशोक, शोक की लहर

बरही। प्रखंड अंतर्गत बरसोत गांव निवासी पत्रकार धनंजय पाठक,पत्रकार प्रभाकर पाठक व वरिष्ठ समाजसेवी दिवाकर पाठक एवम उदय पाठक की माता सकुंतला देवी पति स्व. भरत पाठक का आकस्मिक निधन हो गया। इनके निधन की खबर सुनते ही पूरे बरही विधानसभा समेत बरसोत पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार साथी व विभिन्न राजनीतिक व समाजिक कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। परिजनों ने बताया की वे काफी मृदुलभाषी व मिलनसार थे, सभी का ख्याल रखते थे। उनके मार्गदर्शन में ही हम लोग कोई कार्य करते थे, उनके चले जाने से हम लोगों काफी दुख है। वही मृतिका के बड़े पुत्र दिवाकर पाठक ने बताया की बुधवार सुबह करीब 9 बजे मां का अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दे की स्व. भरत पाठक बरही में पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य किए थे और बरही के सहारा इंडिया कार्यालय के फाउंडर भी थे। इधर मृतिका शकुंतला देवी ने अपने चार पुत्र व एक पुत्री से भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। इधर इस दुखद खबर की जानकारी मिलने पर स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी सहित अन्य उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया।

### नये कानून के विरोध में सड़क पर उतरे चालक



**बरही।** लोकसभा से पारित नए हिट एंड रन कानून ट्रक चालकों के लिए काला कानून साबित हो रहा है,जिसमे प्रावधान है कि कोई भी चालक अगर राह चलते किसी को टक्कर मारता है तो उसको अस्पताल पहुंचाए अन्यथा उसपर नए हिट एंड रन कानून लागू होगा। जिसमे 10 साल का सजा एवं 10 लाख रुपए जुर्माना देय होगा। जिसे चालक खुद के लिए काला कानून बता कर जगह जगह विरोध प्रदर्शन एवं हड़ताल कर रहे है। इसका असर मंगलवार की सुबह बरही में भी देखने को मिला, जहां रसोईया धमना स्थित टोल प्लाजा के आगे यादव लाइन होटल के समीप सैकड़ों की संख्या में चालक अपना अपना वाहन सड़क पर खड़ाकर सड़क पर उतर गए और नए कानून के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। जिससे एनएच-02 जाम हो गया ।स्थानीय पुलिस जाम स्थल पर पहुंच कर जाम को छुड़वाया ।घंटो बाद लोगों को समझाने के पश्चात जाम छूटा। चालको की मांग है कि नए हिट एंड रन कानून को पहले की तरह सरल बनाया जाए अन्यथा इस नए कानून को संपादित करते हुए हमारे सुरक्षा के लिए भी प्रावधान किया जाए। यह कानून हमारे लिए मौत का कानून है। अगर घायल को उठाने जायेंगे तो भीड़ मार डालेगी नही उठाए तो कानून हमे मार डालेगी ऐसे में हम अपना जान को जोखिम में डालकर भारत के अर्थव्यवस्था की गाड़ी को कैसे चलाएंगे। सरकार हमारी गुहार सुने और हमारे लिए कोई रास्ता निकाले। जिससे हम लोगों के साथ मुख्यधारा से जुड़कर रहे। मौके पर सैकड़ों चालको ने सड़क पर प्रदर्शन किया।

# मोदी का जादू, 4 जातियां और टाइगर जिंदा है वाली इमेज के सामने इंडी एलायंस

## 2024 के लिए विपक्ष याद रखेगा ये 7 सबक

**भाजपा** ने 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव को 3-1 के स्कोर से जीत लिया है। इसमें भी खासतौर पर हिंदी पट्टी यानी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है। खासतौर पर छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा ने चौंकाया है, जहां उसकी हालत कमजोर बताई जा रही थी। मध्य प्रदेश में उसे लेकर फिफ्टी-फिफ्टी की भविष्यावाणी थी तो वहीं छत्तीसगढ़ में सभी पोल उसकी हार बता रहे थे। लेकिन सभी गलत साबित हुए और भाजपा ने जोरदार हासिल कर 54 सीटें हासिल कर ली हैं। यहां 2018 में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। अब इसके कुछ सबक भी होंगे, जिन्हें कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को 2024 में याद रखना होगा...

### पीएम मोदी की फिर बनी टाइगर जिंदा है वाली इमेज

राजस्थान से लेकर तेलंगाना तक पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रचार की कमान संभाली थी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बिना सीएम कैंडिडेट के ही चुनाव लड़ा था। इस तरह पूरा चुनाव पीएम मोदी के नाम पर ही लड़ा गया और अब नतीजे बता रहे हैं कि मोदी की गारंटी पर लोगों को भरोसा है और उनका जलवा कायम है। विपक्ष को 2024 के चुनाव में उतरते हुए यह याद रखा होगा कि पीएम मोदी की इमेज बेहद मजबूत है और उन पर निजी हमले करने से कोई फायदा नहीं होगा बल्कि नुकसान ही होगा।

### भाजपा की चुनावी मशीनरी अब भी सब पर भारी

भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छ्त्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर केंद्रीय नेताओं को भेजा था। इसके अलावा राज्यों से ताल्लुक रखने वाले केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव भी लड़ाया गया। संगठन मंत्री से लेकर दूसरे राज्यों के विधायक तक चुनाव में उतरे थे। इस तरह भाजपा ने चुनावी मशीनरी की अपनी ताकत दिखा दी है। खुद शिवराज सिंह चौहान ने जीत के बाद केंद्र के सभी नेताओं को संगठन मंत्रियों को धन्यवाद दिया।

### मंडल पार्ट-2 और जातीय सर्वे पर भारी मोदी की 4 जाति

बिहार में जातीय जनगणना के बाद से ही विपक्ष पूरे देश में इसकी मांग कर रहा है। इसके अलावा आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग कर पिछड़े और दलितों को एकजुट करने की रणनीति बनाई जा रही है।



हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार चुनाव प्रचार में कहा कि सबसे बड़ी जाति देश में गरीबों की है। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं और युवाओं समेत 4 जातियों का जिक्र किया था। अब नतीजे बता रहे हैं कि देश में मंडल पार्ट-2 के भरोसे ही विपक्ष जीत नहीं हासिल कर पाएगा। यहां यह तथ्य है कि मध्य प्रदेश में भाजपा ने ओबीसी बहुल 67 सीटों में से 49 पर जीत हासिल की है।

### आदिवासियों के बीच भी मोदी का जलवा कायम

भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 29 आदिवासी आरक्षित सीटों में से 18 पर जीत हासिल की है। साफ है कि भाजपा को आदिवासी समाज के लोगों का बड़ा वोट मिला है। यह उसके लिए अन्य राज्यों में भी अच्छा संकेत है। इसके अलावा 2024 के लिए भी भाजपा को उम्मीद बंधाता है।

**मुसलमान कांग्रेस के साथ, पर हर जगह कैसे भुनाएंगे**

तेलंगाना के नतीजे बता रहे हैं कि मुस्लिम वर्ग ने कांग्रेस को समर्थन दिया है। तेलंगाना की मुस्लिम बहुल सीटों पर कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे संकेत मिलता है कि कांग्रेस के मजबूत होने पर क्षेत्रीय दलों को छोड़कर मुस्लिम उसके साथ आ रहे हैं। बीआरएस ने इस बार मुस्लिम बहुल 39 में से 12 सीटों पर ही जीत दर्ज की है। वहीं ओवैसी की पार्टी को भी तीन पर ही जीत मिली है। अब इस समीकरण पर अखिलेश यादव, ममता और तेजस्वी जैसे नेताओं की भी नजर होगी।

### उत्तर भारत में भाजपा के मुकाबले अब भी कमजोर है कांग्रेस

कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत हासिल की है, जहां भाजपा से उसका सीधा मुकाबला नहीं था। वहीं हिंदी बेल्ट के तीन राज्यों में वह भाजपा से बुरी तरह हारी। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस अब भी भाजपा के मुकाबले कमजोर है। इलेक्शन मशीनरी के तौर पर भी कांग्रेस कमजोर नजर आई। इसके अलावा केंद्रीय नेतृत्व भी उतना सक्रिय नहीं था, जितना भाजपा की ओर से पीएम मोदी,



अमित शाह और जेपी नड्डा जैसे नेताओं ने जमकर कैंपेन किया।

### महिलाओं ने पलटा गेम, आगे भी पीएम मोदी चलेंगे दांव

मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना और छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना जैसी स्कीमों ने भाजपा को बंपर वोट दिलाए। पहले से ही चर्चा थी कि भाजपा को महिलाओं के समर्थन का फायदा मिल सकता है और अंत में वही हुआ। एमपी में तो इस बार महिलाओं ने मतदान भी किया था। भाजपा ने धीरे-धीरे योजनाओं के जरिए एक लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसके जरिए वह तमाम समीकरणों की काट करती रही है।

### राजस्थान-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के हारने की राहुल गांधी की भविष्यवाणी सच, वीडियो शेयर कर मजे ले रही बीजेपी

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलता दिख रहा है। इसे लेकर भाजपा कार्यकताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। इस बीच, बीजेपी लीडर व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने मजे लेते हुए लिखा, 'सच हुई राहुल जी की भविष्यवाणी'। यह महज 10 सेकंड लंबा वीडियो क्लिप है जिसमें राहुल राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनाव पर बयान देते नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, 'राजस्थान में भी सरकार जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी जा रही है।' इसके बाद वायरल 'मोये-मोये' गाने की धुन बजने लगती है। इससे पहले राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'पनौती' कहा था। भाजपा की ओर से इसका कड़ा विरोध जताया किया था। साथ ही इस मामले को चुनावों में भुनाने का भी प्रयास किया गया।

# कनक-कनक से सौ गुणा मादकता अधिकाय, एक खाये बौराये नर एक पाये...

मधुरेन्द्र सिन्हा


**सोने** की चमक हर किसी को आकर्षित करती है। सोना के मूल्य में रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गयी है। कोई व्यक्ति हो या देश- सोना सबकी आर्थिक ताकत-क्षमता दर्शाता है। सोना उम्दा व सुरक्षित निवेश माना जाता है क्योंकि इसकी कीमतें निरंतर बढ़ी ही हैं। हमारा देश बहुत बड़े पैमाने पर स्वर्ण आयात करता है क्योंकि यहां सोना संस्कारों में है। स्टेटस सिंबल भी है। जब कानूनी पाबंदियां व भारी भरकम कर लगे तो भी भारतीयों ने सोना खरीदा। सोने का मोह दीवानगी की हद तक।

भारत से सोना लूटकर ले जाने के लिए कई मुस्लिम आक्रांता आये और सैकड़ों मन सोना लूट ले गये। अंग्रेज आये तो उन्होंने भी यही किया। भारत सोने की चिड़िया यूं ही नहीं कहलाता था। यहां की खदानों से बड़े पैमाने पर सोना निकलता था और राजा-रानियों के बदन की शोभा बढ़ाता रहा था। कोलार की विश्वविख्यात खदानों से हजारों मन सोना निकला। जिसे पहले मुगलों ने और फिर अंग्रेजों ने जमकर लूटा।

भारतीय सोने का इस्तेमाल गहने बनाने में करते थे। स्वणाभूषण बनाने में उन्हें महारत हासिल रही। सबसे बड़ी बात यह थी कि भारतीय नारियों में सोने के प्रति बला का आकर्षण सदियों से देखने में आता रहा है। इतना ही नहीं, सोना यहां समृद्धि का प्रतीक भी रहा है, जितना धनी परिवार उतना ही ज्यादा सोना। यही कारण रहा कि सोने की मांग यहां हमेशा बनी रही। सोने की मांग बढ़ाने में हमारे स्वर्णकारों का बड़ा हाथ रहा। उन्होंने एक से बढ़कर एक कारीगरी की मिसाल दी और आज भी दे रहे हैं। उनके द्वारा निर्मित स्वणाभूषणों की खूबसूरती देखकर हर कोई दीवाना होता है। गरीब से गरीब भारतीय भी छोटा सा गहना बनवाने को लालायित रहता है। लड़कियों की शादी में सोने के गहने देने का रिवाज यहां हमेशा रहा है। जितना समृद्ध पिता, उतने ही गहने देने की परंपरा है। दक्षिण भारत में तो शादियों में सोने के गहने बहुत ज्यादा दिये जाते हैं और यह कई बार समस्याओं का कारण भी बनता है। केरल के विवाहों में आज भी सौ तोले सोना देना आम बात है।

### मुश्किल वक्त का गहना

बेटियों के विवाह में सोने के आभूषण देना दरअसल उन्हें



भविष्य के उतार-चढ़ाव से निश्चिंत करना है। असल में सोना हमेशा बुरे समय का साथी रहा है। जब कोई संकट आता है तो सोने को बेचकर परिवार उससे छुटकारा पाने की कोशिश करता है। ऐसा नहीं है कि यह बात भारतीयों तक ही सीमित है, सारी दुनिया में इसे माना जाता है और इसलिए दुनिया के सारे देशों के सेंट्रल बैंकों के खजाने में बड़ी मात्रा में सोना हमेशा रखा जाता है। जरूरत के हिसाब से उस स्टॉक को बढ़ाया या घटाया जाता है। यानी ये सेंट्रल बैंक सोना बेचते या खरीदते भी रहते हैं। इनके बेचने और खरीदने से सोने की कीमतों में फर्क भी पड़ जाता है।

### आयातक और उपयोगकर्ता देश

सोना इन दिनों महंगा होता जा रहा है। इसकी कई वजहें हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत की खानों में अब सोना नहीं पाया जाता है और हम सोने का इम्पोर्ट बड़े पैमाने पर करते हैं। सोने के गहनों के पाश में बंधे लोगों की वजह से भारत एक समय सोने का सबसे बड़ा आयातक देश था। लेकिन चीन ने कुछ सालों से यह जगह ले ली है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण उसे लगने लगा कि उसके पास भी सोने का बड़ा भंडार हो जिससे उसकी अर्थव्यवस्था का स्थायित्व बना रहे। लेकिन चीनी हमारी तरह सोने के गहने नहीं पहनते। उनकी महिलाएं कुछ हल्के-फुल्के हार अपने गले में डालती हैं और वह अमूमन सोने का नहीं बल्कि किसी रत्न वगैरह का होता है। अमेरिका और यूरोप को अगर देखें तो हम पायेंगे कि वहां भी बहुत कम गहने पहने जाते हैं। ज्यादातर गहने हीरा-पन्ना और बेशकीमती रत्नों के होते हैं। इसलिए वहां सोने का वह क्रेज नहीं है जो हमारे भारत में है। लेकिन अरब देशों में सोने के गहने पहनने का रिवाज काफी समय से रहा है जबकि उनके यहां औरतें बुरका पहनती हैं फिर भी गहने पहनती हैं। कच्चे तेल को बेचकर इन देशों ने बेशुमार पैसा बनाया और सोने की खूब खरीदारी की। सोने के इस्तेमाल में तो वे एक कदम आगे निकल गये और मोटे-मोटे गहनों के अलावा पलंग, टेबल, बाथरूम फिटिंग, कारें वगैरह भी सोने की बनवाने लगे। यानी उनके लिए यह समृद्धि दिखाने का एक माध्यम ही है।

### भारी-भरकम टैक्स

बाद की सरकारों ने सोने की देश में खपत रोकने के लिए कई कदम उठाये जिसमें इस पर टैक्स लगाना भी शामिल था। लेकिन कोई भी कदम कारगर नहीं रहा। सरकारों को टैक्स से काफी प्राप्ति हो रही है इसलिए इन्हें घटाया नहीं गया। आज हालत यह है कि भारत में सोने पर 16 फीसदी से भी ज्यादा टैक्स है। इसमें इम्पोर्ट ड्यूटी, जीएसटी वगैरह हैं। सोने की छड़ों पर सीधे 10 फीसदी इम्पोर्ट ड्यूटी है। और ऐसे में विदेशों से इसकी तस्करी स्वाभाविक है। अब दुबई से भी ज्यादा सोना म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, थाईलैंड वगैरह देशों से तस्करी के जरिये आ रहा है। म्यांमार के घने जंगलों से गुजरते रास्ते सोने की तस्करी के मार्ग बन गये हैं। इस धंधे में वहां के छापामार गुटों के अलावा उनके सैनिक भी कई बार शामिल होते हैं। इसके अलावा हवाई जहाजों से भी सोने की तस्करी की जा रही है। बड़े तस्कर अपने कैरियरों के जरिये बाहर से सोना भेजते रहते हैं। हर रोज देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर सोने की जब्ती की खबरें आती रहती हैं। यह चिंताजनक है और इससे हमारी अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचती है। इसे रोकना जरूरी है लेकिन इसके लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा नहीं है।

### सोने की कीमतें कब गिरेंगी?

सोना अभी कुछ दिनों तक और ऊपर जा सकता है क्योंकि इंटरनेशनल सटोरिये अभी भी इस पर ध्यान लगाए बैठे हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि सोने के दाम भारत में मांग बढ़ने से नहीं बढ़ते बल्कि इंटरनेशनल प्लेयर ही इसे उठाते-चढ़ाते हैं। इस समय भी यही हालात हैं। अरबपति जॉर्ज सोरोस, वारेन बफे, जेफरी गनलाक, रे डेलियो, जॉन पॉलसन, पॉल ट्यूडर वगैरह सोने में पैसा लगातार लगा रहे थे जिससे इसकी तेजी को बल मिला। इसके पीछे इनका हाथ तो था ही लेकिन परिस्थितियां भी ऐसी बनीं कि सोना चढ़ता ही गया। एक और बात है कि सोने की कीमतों का संबंध डॉलर से भी है। डॉलर जब कमजोर होता है तो विदेशी निवेशक सोने में निवेश करते हैं और इस समय कमोबेश यही स्थिति है। यानी भारत में सोने के दाम यहां से नहीं बल्कि विदेशों से तय होते हैं। इसलिए सोने की कीमतों का बढ़ना या गिरना उस पर ही निर्भर करता है। हां, यह जरूर है कि स्थानीय कारणों जैसे पर्व-त्योहार, शादियों के कारण यहां सोने की कीमतें घटती-बढ़ती रहती हैं। लेकिन भारतीयों का सोने के प्रति क्रेज खत्म नहीं होता है और वे सोना खरीदते ही रहते हैं। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी काउंसिल के मुताबिक पिछले कुछ सालों में हर धनतेरस में 20-22 टन सोने की खरीदारी होती है जबकि इस साल यह आंकड़ा 30 टन तक पहुंच गया। ऐसा देश में आर्थिक स्थिति में तेजी के कारण हुआ है। हमारा मिडल क्लास इस समय खर्च करने की स्थिति में है और वह जमकर खरीदारी कर रहा है। भारत में भारी खपत के कारण भी सोने के दाम पर फर्क तो पड़ता ही है।

### कीमतें इन ऊंचाइयों पर रहने वाली नहीं

सोने की कीमतें हमेशा इन्हीं ऊंचाइयों पर नहीं रहने वाली हैं। उतार-चढ़ाव एक आर्थिक प्रक्रिया है और इससे कोई भी नहीं बच पाता है। सोने को ही लीजिये 1970 में अमेरिकी आर्थिक संकट के दौरान इसकी कीमतें पांच गुनी बढ़ीं और कई वर्षों तक इसमें तेजी आती रही लेकिन उसके बाद यह लगभग अपने पुराने स्तर पर आ गया था। साल 2008 के विश्व आर्थिक संकट में यह तेजी से बढ़ा लेकिन 2011 आते-आते फिर ठंडा पड़ गया। इसलिए यह तय है कि सोना भी गिरेगा लेकिन कब, यह कोई नहीं जानता है। ऐसे में इस समय सोना खरीदना समझदारी का काम नहीं है बल्कि अगर पैसे की जरूरत है तो कुछ सोना बेहिचक बेच दीजिये। बाद में जब इसके दाम घट जायें तो फिर खरीद लीजिये।

### भारत दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश


सोने के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार देश है। हर साल औसतन यह 800 टन से भी ज्यादा सोना खरीदता है और करीब 100 टन सोना तस्करी के जरिये यहां आता है। पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 3.4 खरब रुपये का सोना खरीदा था और इस वित्त वर्ष में यह आंकड़ा इसे भी पार कर जायेगा। सोने के इतने बड़े आयात के कारण देश का व्यापार संतुलन गड़बड़ा रहा है। हालांकि सरकार ने सोने के आयात को रोकने के लिए गोल्ड बॉन्ड भी जारी किया लेकिन सोने के खरीदारों ने उस पर ध्यान नहीं दिया और सोने की खरीदारी जारी रखी।

# दुबई कैसे बना सोने का सबसे बड़ा बाजार

### दुबई स्वर्णाभूषणों का सबसे बड़ा बाजार

दुबई स्वणार्भूषणों का सबसे बड़ा बाजार है और वहां दुनिया के कोने-कोने से खरीदार आते हैं। कम दाम और बेहतरीन कारीगरी के लिए वहां के ह्यगोल्ड सूकह्ल सारी दुनिया में जाने जाते हैं। यही कारण है कि यह भारत में सोने की तस्करी का बहुत बड़ा अड्डा रहा है। दशकों से यहां से भारत को सोने की तस्करी की जाती रही है। सोने से लदी नावें जिन्हें धाऊ कहते थे, दुबई से समुद्री रास्ते से निकल कर मुंबई और गुजरात के तट पर पहुंचती थीं जहां भारत के उनके पार्टनर उतार लेते थे। लेकिन भारत में सोने की इतनी बड़े पैमाने पर तस्करी क्यों होती है? इसके कई कारण रहे हैं।

पहले तो गोल्ड कंट्रोल एक्ट जिसने सोने के रखने पर एक लिमिट लगा दी थी। तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई ने देश में 1968 में सोने की खरीद को



रोकने के लिए एक कानून बनाया। दरअसल उस समय देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी थी और बड़े पैमाने पर विदेशों से सोने का आयात हो रहा था और इसे रोकने के लिए यह कानून बना। यह कानून बेहद सख्त था और इसके तहत स्वर्णकार भी 100 ग्राम से ज्यादा सोना अपने यहां नहीं रख सकते थे।

लाइसेंसधारी सुनारों को दो किलो से ज्यादा सोना रखने की इजाजत नहीं थी। इसका नतीजा यह हुआ कि देश में स्वणार्भूषणों के कारोबार पर रोक लग गई। लाखों कारीगर बेरोजगार हो गये। लेकिन लोगों का सोने के प्रति मोह इतना था कि वे ब्लैक मार्केट से भी खरीददारी करने से हिचक नहीं रहे थे। देश में बाहर से बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी होने लगी। मुंबई महानगरी सोने की तस्करी का केन्द्र बन गया। अंडरवर्ल्ड का जन्म हुआ और करीम लाला जैसे नाम सामने आने लगे। यह खेल कई वर्षों तक चला और फिर बाद की सरकारों को समझ में आने लगा कि इससे देश का बड़ा नुक्सान हुआ। नतीजतन 1990 में इस कानून को खत्म कर दिया गया लेकिन तब तक यह नाकारा भी हो गया था और इसे कोई नहीं मान रहा था।

### दुबई कैसे बना सोने का सबसे बड़ा बाजार

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया में कारोबार के कई नये केन्द्र बने। आयात-निर्यात के लिए नये देश ढूंढ़े जाने लगे। ऐसे देश जहां बंदरगाह हों। इसमें संयुक्त अरब अमीरात ने बाजी मार ली। उसके पास दुबई का बंदरगाह था जहां से बड़े पैमाने पर शिपिंग होती है। इसकी भौगोलिक स्थिति भी आदर्श थी। यह यूरोप और एशिया के बीच में है तथा यहां से यूरोप में उत्पादित माल को भारत सहित विभिन्न देशों में भेजना आसान था। यह व्यापार का नया केन्द्र बनने लगा। इसके लिए वहां के शासकों ने पूरी कोशिश की। लेकिन सत्तर के दशक में यह सोने का बड़ा बाजार बन गया क्योंकि भारत में सोने की खरीद-बिक्री पर सख्त कानून बन गया था।

यूरोप खासकर स्विट्जरलैंड से वहां सोना आता था और वहां के बाजारों में बिकता था। दरअसल सोने की तमाम बड़ी खानें अफ्रीका में हैं लेकिन उनका स्वामित्व गोरों के पास था जो वहां से सोना निकलवा कर विश्व बाजार में बेचा करते थे और अभी भी बेच रहे हैं। हालांकि चीन, रूस, अमेरिका और कनाडा में भी सोने की खुदाई होती है लेकिन अफ्रीकी देश जैसे घाना, दक्षिण अफ्रीका, सुडान, तंजानिया, माली वगैरह देशों में सोने का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। यहां खुदाई की लागत विकसित देशों से ज्यादा है। वहां से खुदाई कर-के सोने को स्विट्जरलैंड भेजा जाता है जहां उनसे सोने की छड़ें बनाई जाती हैं। अगर आप सोने की छड़ों को जिन्हें गोल्ड बार कहते हैं, देखेंगे तो पायेंगे कि उन पर स्विट्जरलैंड खुदा होगा। ऐसे सोने की शुद्धता सबसे ज्यादा होती है।

यह सोना यूरोप, अमेरिका, दुबई, शारजाह, अबू धाबी वगैरह के बाजारों में बिकने के लिए आता है। भारतीयों के लिए यूएई के बाजार आकर्षक हैं क्योंकि वहां लाखों भारतीय काम करते हैं तथा गुजरात एवं महाराष्ट्र से बहुत नजदीक होने के कारण जाना आसान है। इसलिए भारतीयों के लिए ये बहुत बड़े बाजार में तब्दील हो गये हैं। यहां से भारतीय हर साल अरबों रुपये के सोने के गहने खरीद कर लाते हैं। यहां के शेखों ने स्वणाभूषणों के बाजारों को विकसित किया, उन्हें टैक्स या ड्यूटी से दूर रखा। नतीजा यह हुआ कि बड़े पैमाने पर सोने की बिक्री बढ़ी और तस्करी भी। पिछले साल दुबई के सोना बाजारों में लगभग 47 टन सोना बिका।

### निवेश का बड़ा माध्यम

जब निवेश की बात आती है तो दूरदर्शी लोग सोने को भी अपने पोर्टफोलियो में शामिल करते हैं। रियल एस्टेट के लिए बहुत ज्यादा निवेश की जरूरत होती है लेकिन सोना शेयरों या म्युचुअल फंडों की ही तरह है जिसमें कम से कम धन में निवेश हो सकता है और फायदा हो सकता है। सोने की कीमतें लगातार बढ़ती रहती हैं। संकट के समय ये और भी बढ़ जाती हैं। सोने के बारे में यह बात पूरे विश्वास से कही जाती है कि सोने ने अपने निवेशकों को कभी निराश नहीं किया है।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने जानी इवीएम हाउस की हकीकत



**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ईवीएम वेयर हाउस का मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी इआरओ, विभिन्न राजनीतिक पार्टी के सदस्यों सहित निर्वाचन विभाग के कर्मी मौजूद थे।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका : रमाकांत



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पटना 2 से 3 जनवरी तक दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम करा रहा है। जिसका विषय है : स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने रिसोर्स पर्सन एसआर डीएवी पुंदाग की इंदु प्रसाद एवं ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज की रवीना कुमारी को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। डॉ साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका है, इसलिए आज का यह सेमिनार काफी महत्वपूर्ण है। श्रीमती प्रसाद ने किशोर अवस्था में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक बदलावों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस प्रोग्राम में डीएवी गुमला एवं संत मेरिज सिमडेगा के लगभग 55 शिक्षक शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं।

### 22 को हनुमान जन्मस्थली आंजनधाम में हनुमान चालीसा पाठ, 501 दीप जलेंगे



**गुमला।** श्री राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला नगर के विभिन्न घरों में अक्षत वितरण प्रारंभ किया गया। गुमला नगर के विंध्याचल नगर, मेन रोड में सैकड़ों घरों में अक्षत देकर निमंत्रण दिया गया। इस दौरान श्री राम के जयकारे लगाये गये। इस कार्यक्रम के बीच श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के संयोजक मुकेश सिंह सह संयोजक कर्पूरी ठाकुर ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया है कि 1 से 15 जनवरी तक हर हिंदू समाज के घरों में अक्षत पहुंचाया जायेगा। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया जायेगा। 22 को हनुमान जन्मस्थली अंजान धाम में भी भव्य रूप से हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती की जाएगी और 501 दीया भी जलाया जायेगा। इस अभियान के बीच लालचंद अग्रवाल जी, केशव चन्द्र साय, आलोक गुप्ता दिलिप जी श्याम मंत्री रविन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### बदरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा।** प्रखंड के बदरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विकसित भारत को लेकर संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कई योजनाओं से संबंधित कई स्टॉल लगाकर जानकारी दी गयी। जहां आवश्यकतानुसार ग्रामीणों ने संबंधित स्टॅलों में आवेदन जमा किये। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य जांच कर लोगों को नि:शुल्क दवा बांटी। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना लेने को लेकर आप सभी ग्रामीण आवेदन दें ताकि आपको लाभान्वित किया जा सके। वहीं मुखिया फिरंगी उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही लाभकारी योजनाओं से आप सभी लाभान्वित हो जिसे लेकर आवश्यक्ता अनुसार आवेदन भर कर जमा करें। मौके पर कई पदाधिकारी कर्मी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### पूजित अक्षत का घाघरा में वितरण शुरू



**घाघरा।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत का विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्यों ने मंगलवार को घाघरा मुख्यालय में घर-घर वितरण प्रारंभ किया। इस क्रम में सदस्यों ने घाघरा थाना स्थित भगवान भोले नाथ की मूर्ति पर अक्षत रखा। जिसके बाद थाना प्रभारी को पूजित अक्षत और निमंत्रण कार्ड देकर शुरुआत की। इसके साथ ही प्रखंड मुख्यालय के कई घरों में लोगों को पूजित अक्षत और अयोध्या में बने भव्य मंदिर की फोटो भी दिया। मंत्री अजय गुप्ता ने बताया कि सभी सरना सनातनी धर्मावलंबियों के घरों में अयोध्या से आये पूजित अक्षत घर-घर वितरण किया जायेगा, जिसकी शुरुआत की गयी। मौके पर कुलदीप सिंह, संयोजक निखिल गुप्ता, मंटू ठाकुर, श्याम किशोर पाठक, मुरली मनोहर सिंह समेत कई लोग थे।

### झारखंड कांग्रेस के नये प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मिले सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर के मंगलवार को पहली बार रांची पहुंचने पर लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने उनसे मुलाकात कर बुके देकर स्वागत किया। नये प्रभारी के स्वागत को लेकर रांची मोराबादी में स्वागत समारोह कार्यक्रम रखा गया था। मौके पर पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत स्वागत समारोह कार्यक्रम में झारखंड के प्रभारी को बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही झारखंड के ताजा राजनीति पर चर्चा की।

# भू धंसान में कई घर जमींदोज

## पीड़ितों ने बीसीसीएल से की पुनर्वास की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** लकड़का 9 नंबर सोमवार को भू-धंसान की घटना घटीत हुई है। 4 घरो मे 8 से 12 संख्या वाले भारती परिवार का घर है। वहीं मंगलवार को भी पांच घरों में भू-धंसान की घटना हुई है। घर सुबह 6:30 बजे जोरदार आवाज के साथ जमीन दोज हो गया। पीड़ित राजेश कुमार भारती ने बताया कि सुबह जब हम बाथरूम जाने के बाद घर मे झाडू पोझा लगा रहे थे तब पाया कि बाथरूम की जमीन और घर की जमीन पूरा गर्म था। भूधंसान का संका हुई तो पूरा समान निकालने लगे। सभी परिवार के लोग बाहर निकल गए सुबह 6:30 बजे के करीब जोड़दार आवाज के साथ गोफ के रूप में जमीन मे समा गया। भूधंसान में लगभग 25 से 30 फीट गहरा गोफ हो गया है। स्थानीय ग्रामीण राजेश साव ने बताया की गोफ होने की सूचना बीसीसीएल प्रबंधक को देने के बाद भी किसी ने यहाँ आकर पीड़ित परिवार को देखने तक नहीं आया। हम लोग पुनर्वास चाहते हैं। हम लोगों को सुरक्षित स्थान पर बीसीसीएल जगह दे। इस घटना के बाद से लाकड़का 9 नंबर के ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों की माने तो एक बड़ी घटना होने से टल गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरा क्षेत्र कभी भी बड़ी भू धंसान की घटना की चपेट में आ सकता है। अगर बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा जल्द यहां से लोगों का पुनर्वास की व्यवस्था नहीं गई की गई तो आने वाले समय में बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जिसकी सारी जिम्मेदारी बीसीसीआई प्रबंधन की होगी।

## कुलहिया के युवक की ओड़िशा में हत्या शव पहुंचते ही गांव में मातम छाया

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड के कुलहिया ग्राम निवासी सरजू यादव के 34 वर्षीय पुत्र उमेश यादव की उड़ीसा के कोरापुट के आरिगुमा नामक स्थान पर गत दिनों अज्ञात द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को मृतक का शव उसके पैतृक आवास पर पहुंचा। जहां अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय कुमार यादव ने बताया कि उमेश यादव उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिला अन्तर्गत ऑरीगुमा में काम करने गए थे। जहां अज्ञात लोगों द्वारा बीते शनिवार को हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को मृतक का शव पैतृक गांव कुलहिया पहुंचा और नजदीकी बतरे नदी घाट पर दाह संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि मृतक के 12 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार ने गमगीन माहौल में जब अपने पिता की मुखाग्नि दी तो लोगों की आंखें भर आई। इस दौरान दाह संस्कार में राजद नेता पूर्व विधायक संजय यादव के पुत्र रवि यादव के आलावे प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, यादव महासभा प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय कुमार यादव, लखन यादव, विकास यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, दीपक यादव, प्रसाद यादव, सरजू यादव, उपेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, विजय यादव, वीरेंद्र यादव, प्रयाग यादव, अरुण कुमार, रामपति यादव, विकास यादव, अशोक यादव, कमलेश कुमार सहित सैंकड़ों लोग शामिल हुए और शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया।

# महाराष्ट्र से घर आये मजदूर की हत्या के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## हत्याकांड का सिसई पुलिस ने किया उद्भेदन, एक अभियुक्त अब भी फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** सिसई पुलिस ने महाराष्ट्र के गडेगांव निवासी 34 वर्षीय किरण मनोहर मोहुर्ले हत्याकांड का उदभेदन कर लिया है और हत्या में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सिसई थाना क्षेत्र के नागफेनी गांव निवासी रोहित साहु पिता पाजी साहु, सिसई के घाघरा गांव निवासी कोकडे उर्फ प्रदीप उरांव पिता सावना उरांव एवं घाघरा थाना क्षेत्र के टांगर शिकवार गांव निवासी पंचु मुंडा पिता लोहरा मुंडा के नाम शामिल है। मृतक किरण मनोहर मोहुर्ले के लापता होने की शिकायत बिनोद हिरामन बड़ाई ने की थी। कांड दर्ज होने के सिसई पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ व अनुसंधान के दौरान पूछताछ हेतु तीनों युवकों को हिरासत में लिया।

**चार लोगों ने मिलकर उसे मारा, फिर नागफेनी नदी में फेंक दिया था**

**क्या कहते हैं गिरफ्तार अभियुक्त**

पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे सिसई थाना क्षेत्र के घाघरा निवासी राजेश उरांव के साथ मिलकर मजदूरी उपलब्ध कराने की बात कहकर मनोहर मोहुर्ले को गुमला बुलाये। वहां से किरण को दारू पिलाकर राजेश अपने गांव घाघरा ले जाने के बहाने नागफेनी अंबाघाघ चेक डैम के पास ले गये। जहां सभी ने मिलकर किरण मनोहर मोहुर्ले को मारकर कोयल नदी में फेंक दिया। इधर घटना के बाद एसपी के निर्देश पर मामले के उदभेदन को लेकर एसडीपीओ गुमला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम दंडाधिकारी के साथ अभियुक्तों के बताये स्थल पर मृतक की तलाश की। जहां पानी अधिक था। जिसके बाद चेक डैम का पानी रोका गया। जिसके बाद चट्टान में फंसा मृतक का शव पाया गया। जिसके बाद परिजनों के बताये हुलिया व हाथ के गोदना से मृतक की पहचान हुई। अभियान में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी मिनकेतन कुमार, पुअनि दिवाकर मिश्रा, पुअनि शारिक अली, सअनि संजय ठाकुर, हवलदार निमन उरांव, आरक्षी नगीना यादव, नरेंद्र सरदार, गृह रक्षक बैजनाथ गोप शामिल थे।

## शहर को अतिक्रमणमुक्त कराने दल-बल के साथ उतरी नप टीम

# जेसीबी मशीन से ध्वस्त किये गये सड़क के किनारे हुए अवैध निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में नगर परिषद द्वारा नगर प्रशासक के नेतृत्व में दल बल के साथ शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर मंगलवार को अभियान चलाया गया। इस अभियान में सड़क किनारे हुए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। साथ ही सभी सामानों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। शहर में नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर ड्राइव चलाया जा रहा है जिसके तहत सड़क किनारे हुए निर्माण को हटाया गया। मंगलवार को नगर परिषद द्वारा पुराने नगर पालिका से कोर्ट रोड होते हुए मैना बगीचा तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कई जगहों पर लोगो का विरोध का भी सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि ये अभियान सब पर लागू हो भेदभाव नहीं हो। नगर परिषद की इस कार्रवाई से लोगों में आक्रोश है।



**क्या कहते हैं लोग :** लोगों का कहना था कि बिना सूचना दिये अतिक्रमण मुक्त को लेकर अभियान चलाये जाने को लेकर नगर परिषद से आक्रोशित नजर आये। लोगों ने कहा बिना सूचना के ही लोहरदगा नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। अगर सूचना पहले मिलती तो खुद से लोग अतिक्रमण हटा लेते लेकिन नप बिना सूचना के ही कार्रवाई कर रहा है। वही नगर परिषद के प्रशासक जयपाल सिंह ने कहा शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जो नियम संगत में है आगे भी शहरी क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को हटाया जायेगा लोगो से अपील है अतिक्रमण को खुद से हटा ले नहीं तो नगर परिषद की ओर से जेसीबी चलाया जायेगा। मौके पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर अनिल उरांव, विजय कुमार, एई सचिन कुमार, एएसआई संतोष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# तालाब में डूबने से एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव के समीप कदलेटी तालाब मे डूबने से धर्मनाथ सिंह (45) की मौत हो गई। घटना एक जनवरी की ढाई बजे की है। मृतक के शव को सुबह से ही काफी खोजने के बाद शव बरामद किया जा सका। बता दें कि घटना की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो व थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने शव को निकालने के लिए एनडीआरएफ टीम की मदद ली और अंतत काफी खोजबीन के बाद शव को बाहर निकाल लिया गया। पंचायत के मुखिया सुनीता देवी ने बताया कि 1 जनवरी को पति-पत्नी तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान फिसलने से पति तालाब में डूब गया। इसके बाद पत्नी द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को दी। सूचना के बाद से ही तालाब में शव खोजने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**विधायक प्रतिनिधि ने घटना स्थल लिया जायजा :** सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और जेसीबी मशीन उपलब्ध करवाकर तालाब की भीड़ को काटकर पानी निकालने का काम करवाया जिससे शव को निकाला जा सके। वहीं विधायक प्रतिनिधि ने परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की, वहीं परिजनों को ढांढस बंधाया।

# जेवर दुकान से 12.50 लाख की संपत्ति की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता




**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने प्रेम प्रकाश जेवर घर नामक दुकान में सोमवार रात्रि लगभग 12.50 लाख की संपत्ति की चोरी हो गई। घटना की सूचना उक्त दुकान के दुकानदार प्रेम प्रकाश ने मंगलवार को थाना को लिखित आवेदन के रूप में दी। चोरों ने दुकान के पीछे के दीवार को तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और घटना को अंजाम दिया। आवेदन में घटना की उल्लेख करते हुए बताया गया है कि सोमवार की शाम तकरीबन 04 बजे तक दुकान खुला था। इसके बाद दुकान को बंद करके मैं घर चला गया। दुकान से घर की दूरी लगभग आधा किमी है। मंगलवार को पौने बारह बजे दुकान खोलने के बाद दुकानदार ने देखा तो तिजोरी काटा हुआ था। समान गायब पाया दुकान में सामान बिखरा हुआ था। जिसमें सोना का नया आभूषण लगभग 80 ग्राम, सोना का पुराना आभूषण लगभग 20 ग्राम, चांदी का नया सामग्री व आभूषण लगभग 5 किलोग्राम, चांदी का पुराना आभूषण लगभग डेढ़ किलोग्राम व तिजोरी में रखा 80 हजार रुपया नगद की चोरी हुई। इस प्रकार दुकानदार को लगभग 12 लाख 50 हजार रुपए की संपत्ति की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी हुई। मुख्य बाजार स्थित मेन रोड इस तरह की चोरी से कांडी के दुकानदार व ग्रामीणों ने पुलिस से चोरों को जल्द गिरफ्तार करने और घटना का उद्भेदन करने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि पीड़ित ने थाना को आवेदन दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है।

### अयोध्या से आये पूजित अक्षत के साथ संघ ने शुरू किया निमंत्रण अभियान

**लोहरदगा।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोहरदगा जिला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगरीय क्षेत्र में पूजित अक्षत के साथ निमंत्रण अभियान की शुरुआत की। कहा गया कि लगभग 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद हिंदू समाज की आस्था और विश्वास का प्रतीक श्री राम मंदिर का निर्माण अयोध्या में होने जा रहा है, जिससे संपूर्ण हिंदू समाज में उत्साह का वातावरण है। मंदिर निर्माण के पश्चात जैसा कि ज्ञात है कि 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस निमित्त पूरे भारतवर्ष में 1 से 15 जनवरी तक प्रत्येक घर में जा-जाकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण पहुंचाना है। निमंत्रण अभियान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह संघचालक मनोज दास, जिला बौद्धिक प्रमुख देवेंद्र मंडल, नगर कार्यवाह तुलसी उरांव, शकुंतला देवी, इंदू सुधा भगत, सोनी देवी, इंदू चौधरी आदि थे।

## अवैध कोयला खनन के खिलाफ डीएमओ की कार्रवाई

### सिकनी कोलियरी के समीप अवैध कोयला खनन को लेकर किये गए गड्ढे को भरवाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने सिकनी के समीप छापेमारी करते हुए कार्रवाई की है। छापेमारी में सिकनी कोलियरी के आस-पास क्षेत्रों में अवैध रूप से खनन करने को लेकर बनाए गए गड्ढे को जेसीबी के माध्यम से भरवाया। वही अवैध खनन में संलिप्त अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चंदवा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि सिकनी कोलियरी के आस-पास के क्षेत्रों में कोयले का अवैध खनन किया जा रहा है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई भुनेश्वर यादव एवं पुलिस बल के साथ मंगलवार को छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान कोलियरी के पीछे कई स्थलों पर अवैध खनन करने को लेकर बनाए गए गड्ढे को पाया गया, जिसे अविलंब दो जेसीबी के माध्यम से भरवा दिया गया। उन्होने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है एवं संलिप्त व्यक्तियों को चिंहित करते हुए कार्रवाई को लेकर निर्देश दिया गया है।

## बीएलओ डोर टू डोर जाकर नये मतदाताओं को जोड़ें : उपायुक्त

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को आगामी चुनाव से संबंधित तैयारियों को लेकर जिले के प्रमुख पॉलिटिकल पार्टी के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि एक जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पूर्व पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन करते हुए दावा एवं आपत्ति निस्तार करने की अंतिम तिथि दिनांक 12 जनवरी तथा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि को विस्तारित करते हुए 5 जनवरी के स्थान पर 22 जनवरी को निर्धारित किया गया है।

**खास बातें :** बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से उपायुक्त ने कहा कि विस्तारित समय का उपयोग कर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डुप्लीकेट एंट्री, फोटो गड़बड़ी में सुधार, सूची में नये मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं मृत मतदाताओं का नाम हटाने जैसे विशेष कार्यों को सभी मिलकर शत प्रतिशत पूर्ण करें।

## टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने टीएसयूआइएसएल को दिया टास्क

# स्वच्छता में जमशेदपुर को बनायें नंबर वन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल मुख्यालय में आज 9 वर्ष का केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील के एमडी एंड सीईओ टीवी नरेंद्रन मुख्य अतिथि थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील यूआईएसएल के चेयरमैन चाणक्य चौधरी उपस्थित थे। नरेंद्र ने चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी ऋतुराज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय के साथ मिलकर नववर्ष का केक काटा और तमाम कर्मचारियों को वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जाहिर की की नववर्ष 2024 टाटा स्टील यूआइएसएल के लिए समृद्धशाली, सुरक्षित और लाभदायक साबित होगा। टाटा स्टील के एमडी एंड सीईओ टीवी नरेंद्रन ने उपस्थित श्रमिकों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर की कम्युनिटी और टाटा स्टील के बीच पुल का काम करता है टाटा स्टील यूआईएसएल कंपनी। हमें जमशेदपुर का स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर से आगे करने के लिए नगरपालिका सेवाओं में उन्नत तकनीक के इस्तेमाल के साथ-साथ जमशेदपुर के नागरिकों के साथ मिल कर काम करना चाहिए। नागरिकों के सहयोग के बिना हम शहर को देश में नंबर वन नहीं बना सकते। नरेंद्रन ने टीएसयूआइएसएल को स्वच्छता मामले में देश के नंबर वन की कुर्सी पर विराजमान इंदौर को पछाड़ने का टास्क दिया। नरेंद्रन ने याद किया कि जब टाटा स्टील यूआइएसएल पूर्व नाम जुस्को का गठन करने की बात चल रही थी तब वह टाटा स्टील के तत्कालीन एमडी बी मत्थुरमण के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर थे। एमडी मत्थुरामण चाहते थे कि टाटा स्टील सिर्फ स्टील के उत्पादन पर फोकस करें और वर्ल्ड क्लास कंपनी बने। इस तरह जमशेदपुर शहर को भी वर्ल्ड क्लास बनाया जाना चाहिए और इसके लिए एक वर्ल्ड क्लास कंपनी का गठन करना जरूरी है और तब टाटा स्टील टाउन डिवीजन को जुस्को के रुप में कंपनी का रूप दिया गया। हमें यह देख कर खुशी हो रही है कि जुस्को जो अब टाटा स्टील यूआइएसएल है, अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में वर्ल्ड क्लास कंपनी बनकर खड़ी हो गई है और आपकी सेवाओं की मांग देश भर में बढ़ रही है।

### कार दुर्घटना में मारे गये युवकों के परिजनों से मिले अर्जुन मुंडा

**आदित्यपुर।** नववर्ष का जश्न मनाने जा रहे आदित्यपुर के बाबाकूटी के रहनेवाले छः युवकों की जमशेदपुर के सर्किट हाउस के पास सड़क दुर्घटना के शिकार मृतकों के घर केंद्रीय कृषि एवं आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे। श्री मुंडा ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी वहीं घायलों के बेहतर इलाज की अस्पताल प्रबंधन से जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री के साथ निवर्तमान मेयर बिनोद श्रीवास्तव, डिप्टी मेयर अमित सिंह, भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, विजय महतो, सतीश शर्मा आदि मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शोक संतप्त परिवार के लोगो के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## टी20 विश्व कप के लिए तैयार हुए रोहित व विराट

**केपटाउन।** अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम का चयन करते समय माथापच्ची करनी पड़ेगी क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली जून में होने वाले विश्व कप में खेलने के इच्छुक हैं। रोहित और कोहली दोनों नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के बाद भारत की तरफ से सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेले हैं। पूरी संभावना है कि अगरकर और उनके साथी इस दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ तथा टेस्ट और वनडे के कप्तान रोहित और स्टार बल्लेबाज कोहली से बात करेंगे और उसी के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम का चयन किया जाएगा।

## एसीबी ने जॉनथन ट्रॉट का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाया

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने टीम के मुख्य कोच जॉनथन ट्रॉट का कार्यकाल एक वर्ष के लिये बढ़ा दिया है। ट्रॉट को इससे पहले जुलाई 2022 में डेढ़ वर्ष के अनुबंध पर अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम का कोच बनाया गया था नये अनुबंध के अनुसार वह अब 2024 तक अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बने रहेंगे।

## नडाल ने जीत के साथ की साल की शुरुआत

**ब्रिसबेन।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7.5, 6.1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है। 37 वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाए। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं। अन्य मैचों में जर्मनी के यानिका हांफमैन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7.5, 6.4 से मात दी। महिला वर्ग में 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वीं रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7.5, 7.6 से हराया।

## कोको गॉ की जीत के साथ शानदार शुरूआत



**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ ने मंगलवार को यहां ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में हमवतन क्लेरी लियु को सीधे सेटों में हराकर 2024 के अपने सत्र की शानदार शुरूआत की। गत चैंपियन गॉ ने अपने फोरहैंड का शानदार नमूना पेश किया तथा लियु को 6-4, 6-2 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। गॉ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने नए साल की शुरूआत हार के साथ की। उन्हें पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने 6-4, 6-3 से पराजित किया।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बचाने उतरेगा भारत

एजेंसी

**केपटाउन।** पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वापसी के लिए भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि विश्व चैंपियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके। इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है जबकि भारत छठे स्थान पर है। अब ऐसे में नए साल की शुरूआत यहां न्यूलैंड्स पर जीत के साथ करने के लिए वह बेताब होंगे । इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस टेस्ट के बाद विदा ले रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर नहीं चाहेंगे कि महेंद्र सिंह धोनी के बाद यहां टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराने वाले रोहित भारत के दूसरे कप्तान बनें। यहां टॉस की भूमिका अहम होगी क्योंकि तापमान 33-34 के बीच है और पिच पर हरी घास है। यह पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है जिस पर स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ऐसे में जडेजा के फिट होने पर टीम में रविचंद्रन अश्विन को रखने के कोई मायने नहीं है।

### तीसरे व चौथे पेसर की भूमिका अहम

भारत के लिए तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका अहम होगी। प्रसिद्ध कृष्णा अभी टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं और शार्दुल ठाकुर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। बल्लेबाजों में शीर्ष तीन जायसवाल, शुभमन गिल और अय्यर के खराब फॉर्म ने टीम की चिंता बढा दी है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के बाउंसर झेलने होंगे। पहले टेस्ट की पहली पारी में राहुल और दूसरी पारी में कोहली को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज सेंचुरियन में अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर सका।



### साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज पलट सकते हैं फिर गेम

बल्लेबाजों की मददगार पिच पर एल्गर, एडेन मार्करम, टोनी डि जोर्जी, कीगन पीटरसन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। ऐसे में नई गेंद की भूमिका अहम होगी। बुमराह दुआ करेंगे कि आसमान में बादल घिरे हों और पहले टेस्ट की तरह वह बदकिस्मत साबित नहीं हो जब भारत की फील्डिंग भी लचर साबित हुई थी। रोहित को बल्लेबाजी में अपना हुनर दिखाना होगा। तेज गेंदबाज रबाडा ने उन्हें बार बार परेशान किया है। लुंगी एंगिडि भी उतने ही खतरनाक गेंदबाज हैं। विराट कोहली पहले टेस्ट में अच्छे फॉर्म में दिखे और यहां उन्हें टिककर पारी के सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी।

### भारत-अफ्रीका हेड टू हेड

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अब तक 43 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इंडिया 15 मैच जीती है। अफ्रीका को 18 मुकाबलों में जीत मिली है। 10 मैच ड्रॉ हुए हैं। दक्षिण अफ्रीकी जमीन पर टीम इंडिया के रिकॉर्ड को देखें तो अब तक 24 मैच खेले गए हैं। भारत को सिर्फ चार मुकाबलों में जीत हासिल हुई। 13 मैच मेजबान टीम ने जीते। सात ड्रॉ पर छूटे हैं।

## धोनी को पीछे छोड़ सकते हैं राहुल

केएल राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के मैदान पर अब तक टेस्ट में 361 रन बनाए हैं। उनका औसत 30.08 का रहा है। राहुल ने दो शतक भी लगाए हैं। दक्षिण अफ्रीका में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वह फिलहाल 10वें स्थान पर हैं। उनसे आगे नौवें नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी (370 रन), वीरेंद्र सहवाग (382 रन), अजिंक्य रहाणे (402 रन), सौरव गांगुली (506 रन), चेतेश्वर पुजारा (535 रन), वीवीएस लक्ष्मण (566 रन), राहुल द्रविड़ (624 रन), विराट कोहली (833 रन) और सचिन तेंदुलकर (1161 रन) हैं। राहुल अगर दूसरे टेस्ट में 10 रन बना लेते हैं धोनी से आगे निकल जाएंगे। वहीं, 22 रन बनाने पर सहवाग और 42 रन बनाने पर रहाणे को पीछे छोड़ देंगे। सौरव गांगुली के 506 रन से आगे निकलने के लिए उन्हें 146 रन बनाने होंगे। राहुल ने पहले टेस्ट में शतक लगाया था तो उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद है। अगर वह ऐसा करते हैं तो गांगुली को पीछे छोड़ सकते हैं।

### क्या रोहित शर्मा करेंगे धोनी वाला कारनामा?



नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में एक हार और एक ड्रॉ के बाद भारत जीत के लिए बेताब होगा। इस मैदान पर हालांकि पिछले छह में से चार मैच भारत गंवा चुका है। पिछले छह सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के लिए अच्छे नहीं रहे हैं जो वनडे विश्व कप फाइनल की हार के बाद उबरने की कोशिश कर रहे हैं। इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस टेस्ट के बाद विदा ले रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर नहीं चाहेंगे कि महेंद्र सिंह धोनी के बाद यहां टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराने वाले रोहित भारत के दूसरे कप्तान बनें।

### अश्विन का बाहर होना लगभग तय, तेज गेंदबाजी में भी बदलाव

यह पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है जिस पर स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ऐसे में जडेजा के फिट होने पर टीम में रविचंद्रन अश्विन को रखने के कोई मायने नहीं है। रोहित को यह भी देखना होगा कि वह अपने विशेषज्ञ बल्लेबाजों पर भरोसा करके शार्दुल और प्रसिद्ध की जगह मुकेश कुमार या आवेश खान को जगह देंगे। मुकेश ने नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया और वह शार्दुल से अधिक प्रभावी हैं। वहीं आवेश लाल गेंद से अतिरिक्त उछाल का फायदा उठा सकते हैं।



### दोनों टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अभिमन्यु ईश्वरन, केएल राहुल, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मुकेश कुमार, आवेश खान, मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका:** डीन एल्गर (कप्तान), टोनी डि जोर्जी, एडेन मार्करम, कीगन पीटरसन, जुबैर हमजा, मार्को यानसेन, वियान मुल्डर, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, कायेल वेरेयेन, नंद्रे बर्गर, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एंगिडी, गेराल्ड कोएट्जी।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 190 रन से हराया, वनडे सीरीज 3-0 से जीत कर किया क्लिनस्वीप

एजेंसी

**मुंबई।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 190 रन से जीत लिया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने भारत का सूपड़ा साफ कर दिया और सीरीज 3-0 से अपने नाम की। भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, वनडे सीरीज 3-0 से जीतकर कंगारू टीम ने दमदार वापसी की है। अब दोनों टीमों के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 339 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में भारतीय टीम 148 रन पर सिमट गई और मैच 190 रन से हार गई। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए फीबी लिचफील्ड ने 119 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए सबसे ज्यादा 29 रन स्मृति मंधाना ने बनाए। 339 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छी शुरूआत की। चार ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर बिना किसी नुकसान के 27 रन था। इसके बाद यास्तिका भाटिया 14 गेंद पर छह रन बनाकर आउट हो गईं। मेगन शूट ने उन्हें बोल्ड किया। शूट ने मंधाना को भी आउट किया। मंधाना ने 29 गेंद में 29 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत भी 10 गेंद में तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। ऋचा घोष ने 29 गेंद में 19 रन का योगदान दिया। जेमिमा रोड्रिग्ज 27 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर आठ गेंद में तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। पूजा वस्त्राकर 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। श्रेयांका पाटिल 10 गेंद में दो रन बनाकर आउट हुईं। रेणुका ठाकुर अपना खाता तक नहीं खोल सकीं। मन्नत कश्यप आठ रन बनाकर आउट हुईं और दीप्ति शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। मेगन शूट, अलाना किंग और एनाबेल सदरलैंड ने दो-दो विकेट झटके। एश्ले गार्डनर को एक विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया की दोनों ओपनर बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड और एलिसा ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई।



## कमिंस टेस्ट क्रिकेट की घटती लोकप्रियता को लेकर चिंतित

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की है। कमिंस ने सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता में गिरावट उतनी नाटकीय नहीं है जितनी कभी-कभी इसके बारे में बात की जाती है।' लेकिन वह कभी-कभी पांच दिवसीय खेल के भविष्य को लेकर चिंतित हो जाते हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि दस साल या 20 साल में यह अब से भी ज्यादा मजबूत होगा।' उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस टेस्ट समर के संबंध में कुछ सवालिया निशान पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज के खिलाफ थे। हमने पाकिस्तान के खिलाफ दो शानदार टेस्ट मैच खेले हैं, वास्तव में इस दौरान अच्छी समर्थन वाली बड़ी भीड़ थी।

## दक्षिण अफ्रीका में चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी जिसमें उसका सामना मेजबान देश के अलावा फ्रांस और नीदरलैंड से होगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट से पहले 39 सदस्यीय कोर ग्रुप राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेगा जो बुधवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित परिसर में शुरू होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम 11 दिन के शिविर के बाद केपटाउन रवाना होगी। दक्षिण अफ्रीका में 28 जनवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट से भारतीय टीम को फरवरी में ओडीशा में होने वाले प्रो लीग की तैयारी करने का भी मौका मिलेगा। भारत को प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, स्पेन और आयरलैंड का सामना करना है। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमारे खिलाड़ी अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के बाद तरोताजा होकर वापसी कर रहे हैं। हम दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हॉकी सत्र की शुरूआत करेंगे। यहां से पेरिस ओलंपिक तक हमारा कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। हमारे कोर ग्रुप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं।

### कोर ग्रुप के लिए चुने गए खिलाड़ी

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश पीआर, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान।

**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत।

**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह।

**फॉरवर्ड :** एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

# 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में झारखंड टीम जयपुर रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जयपुर के सुरेश ज्ञान विहार विश्विद्यालय में 04 से 06 जनवरी तक स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम स्कॉय एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रही 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की बालक-बालिका टीम रांची स्टेशन से जयपुर के लिए रवाना हुई। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के खिलाड़ी प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं एवम कैटेगरी में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। बतौर टीम डेलीगेट्स टीम के साथ रवाना हुए वेदांत कोस्तव ने कहा कि टीम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सुसज्जित है। खिलाड़ी और एसोसिएशन दोनो ही आशान्वित हैं कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक की होड़ में झारखंड भी शामिल होगा। उन्होंने खिलाड़ियों को भी अनुशासन और खेल भावना के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से फाइट करने और अपने मजबूत पक्ष को ध्यान में रखकर प्रतियोगिता के लिए रणनीति बनाने हेतु खिलाड़ियों को प्रेरित किया। टीम के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. राजेश गुप्ता, मोहसिन खान, मुकेश कुमार, हरेलाल महतो, भरत कांशी, आशुतोष गोस्वामी, आनंद राव, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, सुनील जयसवाल, अशोक मल्होत्रा, नीतीश सिंह, मो. आमिर, रंजित मेहता, राम प्रवेश तिवारी, परवाज खान, गौतम सिंह, सुनील प्रसाद, क्वीन ठाकुर, शुभम कुमार आदि ने बधाई दी है।



### प्रतियोगिता में भाग लेने वालों में

**पुरुष वर्ग :** आकाश शीट, अंकित कुमार नायक, दीपक कुमार, ऋषभ शुक्ला, मुन्ना टुड्डू, नौशाद आलम, अजय वाल्मीकि, सूर्या कुमार रवि, विकास कुमार शामिल हैं।

**महिला वर्ग :** कुनामी सोरेन, सुष्मिता सोरेन, बसंती टुड्डू, सीमा रानी मांडी, शांति मोनी सोरेन, नेहा सिंह, सबिता मुर्मू, बसंती महतो, पार्वती महतो, सुमन एक्का, जयमती कुंटिया, पूजा तिर्की, चांदना महतो, शिवानी राय शामिल हैं।

**प्रशिक्षक :** बलराम कुमार, **प्रबंधक :** नीरज वर्मा।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड हॉकी टीम का 5 जनवरी को चयन ट्रायल

**रांची।** 21 से 27 जनवरी 2024 तक चेन्नई में आयोजित 6वां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 के लिए हॉकी झारखंड के बालक व बालिका टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों का खुली चयन ट्रायल 5 जनवरी को आयोजित होगी। चयन ट्रायल सुबह 9 बजे से बरियातू गर्ल्स स्कूल स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगी। इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद की हो। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र और स्कूल बोनोफाइड प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

## स्कॉटिश ओपन में झारखंड की आद्या बनी चैंपियन



**रांची।** स्कॉटलैंड में 28 से 30 दिसंबर तक स्कॉटिश ओपन स्क्वॉश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में झारखंड के रांची की आद्या बुधिया चैंपियन बनी। उन्होंने गर्ल्स अंडर 13 में नील चू को 9/11, 11/8, 8/11, 11/8, 11/9 से हराया। आध्या के कोच पुनीत पारीक, नितेश पाल, विजय उरांव और उदय चंद्र राय की अहम भूमिका रही। क्रॉस कोर्ट की मेंटर श्वेता बुधिया ने कहा कि ब्रिटिश जूनियर ओपन में भी आद्या बुढ़िया का अच्छा परफॉर्मेंस रहेगा। जिसका आयोजन 3 से 7 जनवरी के बीच होने वाला है।

## जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी पूरी



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती के शुभ अवसर बुधवार से 5 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड रांची में तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को जयंती के अवसर पर सुबह 9:00 से मैच शुरू होगा। जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि कई वर्षों के बाद जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता होने जा रही है, जो इस मैदान के लिए ऐतिहासिक सबित होगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए केंद्रीय सरना समिति सभी पदाधिकारियों को काम सौंपा गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विसवास उरांव, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुकेश मुंडा, सुरज टोप्पो, मोहन तिर्की, मुन्ना हेमरोम, विशाल मुंडा, महावीर उरांव, (खेल प्रभारी) मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# तस्वीर में गड़बड़ी, क्रिकेटर को गंवाना पड़ा एक करोड़ का आइपीएल अनुबंध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई के कोका-कोला एरिना में सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। बोली लगाने की घटना ने कई युवा क्रिकेटरों को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में खेलने के अपने सपनों को साकार करने में मदद की जिनमें से एक झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज सुमित कुमार थे, जिन्होंने 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर शुरूआत की और अंततः दिल्ली कैपिटल्स में 1 करोड़ रुपए में शामिल हुए। लेकिन यह एक गलती थी। सुमित बताया, 'मेरी मां बहुत खुश थीं। वह लगातार मेरे लिए प्रार्थना कर रही थीं। लेकिन यह कैसे संभव है? मैं मानता हूं कि नाम वही हो सकते हैं लेकिन उस तस्वीर का क्या जो टेलीविजन स्क्रीन पर दिखाई दे रही थी? मेरी तस्वीर वहां थी, मेरा नाम वहां था। सुमित ने आगे बताया कि नीलामी प्रसारक ने बोली लगाते समय उनकी तस्वीर भी दिखाई थी। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी मां को सांत्वना देने में असफल रहा। वह बहुत भावुक थीं। टेलीविजन स्क्रीन पर मेरा नाम और फोटो देखकर वह बहुत खुश हुईं और फिर यह चौंकाने वाली घटना घटी। दिल्ली कैपिटल्स एक बड़ी टीम है। मैंने उनसे खेलने की उम्मीद नहीं की थी। एक क्रिकेटर की भावनाएं। मेरे परिवार और मुझे इसके बारे में बहुत बुरा लगा। उन्होंने आगे कहा कि डीसी के इंस्टाग्राम हैंडल ने भी उन्हें बधाई देने के लिए एक पोस्ट डाला था लेकिन कुछ घंटों बाद इसे हटा दिया गया। सुमित ने कहा, 'उन्होंने मेरी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी डाली। उन्होंने मुझे खोजा। उन्होंने मुझे टैग भी किया। जब मुझे नोटिफिकेशन मिला तो मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त था। लेकिन जब उन्होंने कुछ घंटों के बाद इसे हटा दिया, तो मैं भ्रमित हो गया और स्तब्ध था। बोकारो के रहने वाले सुमित ने 10 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और उन्हें इस खेल से उनके पिता ने परिचित कराया, जो मैकेनिक का काम करते थे। 28 वर्षीय खिलाड़ी को 2014-15 में झारखंड की सीनियर टीम में भी शामिल किया गया था। हालांकि अपने राज्य में अवसरों की कमी के कारण उन्होंने हाल ही में झारखंड छोड़ कर नागालैंड चले गए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने करियर में 20 फर्स्ट क्लास, 26 लिस्ट-ए और 21 टी20 मैच खेले हैं।

### मैंने माही भाई से बहुत कुछ सीखा है : सुमित



सुमित एमएस धोनी को अपना आदर्श मानते हैं और उन्हीं की वजह से उन्होंने विकेटकीपिंग भी की। उन्होंने कहा, 'मैंने माही भाई (एमएस धोनी) से बहुत कुछ सीखा है। उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना, उनसे बात करना और उनसे सीखना बहुत बड़ी बात है। मैंने उनकी वजह से विकेटकीपिंग करना शुरू किया। उन्होंने हमेशा मेरे साथ अच्छा व्यवहार किया है। एक छोटे भाई की तरह। यह मेरे लिए राह का अंत नहीं है। मैं निराश हूं लेकिन अपने लक्ष्य के लिए कड़ी मेहनत करता रहूंगा।'

## प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस पर किया पथराव, तीन घायल

**कैमूर ।** बिहार के कैमूर स्थित भभुआ मोहनिया पथ पर बबुरा में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा सड़क जाम कर प्रदर्शन किया गया था। यह हिट एंड रन के नए कानून को वापस लेने की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना था कि सरकार द्वारा ड्राइवर के लिए लाया गया नया कानून का यह विरोध कर रहे है। इन्होंने सड़क को जाम कर दिया था। इस कारण आवागमन बाधित थी। लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हमला कर दिया। सड़क जाम हो जाने के कारण आमजन को आने- जाने में काफी दिक्कत हो रही थी। करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहा। वहीं, सूचना पर पुलिस जाम को हटाने के लिए पहुंची थी। यह जाम को हटाने का प्रयास कर रहे थे।

# 'सबके सिया, सबके राम' नारे के साथ मां सीता की धरती से शुरू हुई लव-कुश रथ यात्रा, 22 को पहुंचेगी अयोध्या

एजेंसी

**पटना।** अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। इस दिन मां जानकी की धरती से निकली लव-कुश यात्रा भी राम की नगरी पहुंचेगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लव- कुश समाज द्वारा लव कुश रथ यात्रा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को भाजपा के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय से भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। 'सबके सिया, सबके राम' स्लोगन के साथ निकला लव-कुश रथ विहार के सभी जिलों से होते हुए 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगा।



रथ रवानगी के वक्त भाजपा कार्यालय के पास भाड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने खूब जश्न मनाया। इस दौरान वहां मौजूद किन्नर समाज के लोगों ने भी नाच-नाचकर इस यात्रा की रवानगी का जश्न मनाया। वहीं इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि देश के सनातनी 500 वर्षों से उस दिन का इंतजार कर रहे थे जब उनके भगवान श्री राम भव्य राम मंदिर में पहुंचे। उन्होंने कहा कि राम सब के हैं और भव्य मंदिर स्थापना और प्रभु के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सब के जाने का आग्रह लव कुश रथ यात्रा के माध्यम से किया जायेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि लव कुश समाज सभी को अयोध्या चलने का आह्वान कर रही है, लेकिन कोई जाना चाहता है, कोई नहीं जाना चाहता है।

उन्होंने कहा कि बिहार माता जानकी की धरती है। बिहार और अयोध्या का पुराना रिश्ता है। इस कार्यक्रम में झांकी भी निकाली गई, जिसमें बच्चे भगवान राम, मां जानकी, लक्ष्मण और हनुमान का रूप धरे राम दरबार प्रस्तुत कर रहे थे। मौके पर विधान परिषद में विपक्ष के नेता हरि सहनी, पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव, प्रेम कुमार, संजीव चौरसिया, एमएलसी अनिल शर्मा, राजेंद्र गुप्ता और विधायक कृष्ण पटेल उपस्थित थे। यह यात्रा पार्टी के वरिष्ठ नेता जेपी वर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में पहुंचेगा।

## एक नजर में

### पत्नी और उसके दो आशिक की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिले में सुगौली थाना क्षेत्र के सुगांव निवासी तीन हत्याओं में वांटेड अखिलेश भगत को पुलिस ने सुगौली के कोबेया से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एएसपी सदर श्रीराज ने मंगलवर को बताया कि उसने 24 अक्टूबर 23 को अपने पत्नी स्मिता देवी उर्फ संजू के आशिक रितेश साह की हत्या कर उसके शव को केसरिया थाना के गोपालपुर गांव के पास जमीन के अंदर गाड़ दिया। पुलिस ने बाद में खुदाई कराकर शव के अवशेष को बरामद कर उसे एफएसएल में भेजा। इसके अलावे छठ के खरना के रोज 17 – 18 नवम्बर 23 की रात उसने नेपाल में पत्नी स्मिता व उसके एक और दूसरे आशिक ऋषभ कुमार की हत्या नेपाल के चितवन में कर दी। ऋषभ सुगौली के फुलवरिया गांव का निवासी था , जो नेपाल में अखिलेश के साथ विद्युत वायरिंग की ठेकेदारी का काम करता था। छठ होने की वजह से आसपास के कई लोग गांव चले गए इस बीच उसने पत्नी स्मिता व ऋषभ की हत्या कर डाली।

### घर में लगी आग से पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत

**बेगूसराय(हि.स.)।** बिहार के बेगूसराय जिले में बीती रात शॉर्ट सर्किट से घर में आग लगने से पति–पत्नी एवं दो बच्चों की मौत हो गई। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के अरवा गांव की है। घटना में आसपास की करीब आधा दर्जन झोपड़ी भी जल गई है। देर रात हुई इस भीषण घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। मौके बड़ी संख्या में लोग जुट गए हैं। स्थानीय पुलिस एवं अंचल प्रशासन भी मौके पर पहुंच गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रामकुमार पासवान के पुत्र नीरज पासवान अपने पत्नी और बच्चों के साथ रात में अपने घर में सोए थे, इसी दौरान अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि ठंड के कारण आग ने जब विकराल रूप ले लिया, तब तक पता चला। लेकिन जब तक लोग जुटते नीरज पासवान, उनकी पत्नी 26 वर्षीय कविता देवी तथा दो वर्षीय कुश कुमार एवं चार वर्षीय लव कुमार की मौत हो गई। इस दौरान आसपास की सभी झोपड़ी भी जल गई। लोगों ने काफी कोशिश के बाद आग पर काबू पाया है।

### अपराध की योजना बनाते चार अपराधी गिरफ्तार, हथियार एवं जिंदा कारतूस बरामद

**भागलपुर(हि.स.)।** भागलपुर के सिटी एसपी अमित रंजन ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब उसने अपराध की योजना बना रहे चार अपराधियों को बीते देर रात एक सेमी राइफल, एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और 21 जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा। सिटी एसपी अमित रंजन ने बताया कि यह सूचना मिली कि कुछ अपराधी नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाईंदासपुर में ललन यादव के घर बैठकर शराब पार्टी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मामले की सत्यता की जांच के लिए सिटी डीएसपी अजय चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम जब ललन यादव के घर पहुंची तो कई व्यक्ति तेजी से पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें पुलिस बल के द्वारा पकड़ा गया। ब्रेथ एनालाईजर मशीन से चारों व्यक्ति की जांच की गई तो सभी के अल्कोहल सेवन करने की पुष्टि हुई। उसके बाद चारों व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो ललन यादव के पास से एक लोडेड कट्टा बरामद हुआ। इसके बाद पूरे घर की तलाशी ली गई तो बक्से में एक लोडेड पिस्तौल, एक सेमी राइफल और 19 कारतूस बरामद किया गया। सिटी एसपी अमित रंजन ने बताया कि ललन यादव पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं संजय यादव, सुनील दास और मनीष कुमार का भी आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### टेक्नोलॉजी से बदल रहा है देश, गरीबों को मिल रहा है हक : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा मनरेगा को लेकर उठाए गए सवाल पर बड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस एक परिवार को मजबूत करने में लगी हुई है। कांग्रेस को यह बिलकुल नहीं पसंद है कि कोई भी ऐसे टेक्नोलॉजी का प्रयोग हो जो ट्रांसपेरेंसी और एकाउंटेबिलिटी लाये। इन लोगों ने डिजिटल पेमेंट टेक्नोलॉजी का मजाक बनाया, जीएसटी का विरोध किया, डीबीटी का सहयोग नहीं किया और अब मनरेगा में ट्रांसपेरेंसी का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि जयराम रमेश जी यह सब अब नहीं चलेगा। टेक्नोलॉजी से देश में सुधार लाएंगे और गरीबों को उनका हक भी दिलायेंगे। मनरेगा के तहत तकनीक का उपयोग करके पूर्व की सरकार में चल रहे सारे गड़बड़ घोटाले को समाप्त करने की दिशा में हमारी सरकार ने बहुत प्रयास किया है और उसके अच्छे परिणाम अभी दिख रहे हैं। इसी दिशा में आधार पर आधारित भुगतान की व्यवस्था को मनरेगा के तहत लागू किया गया है।

### समाज कल्याण, मंत्री वाल्मीकिनगर भ्रमण पर पहुंचे



पश्चिम चंपारण (बगहा) । बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में वाल्मीकिनगर भ्रमण पर सपरिवार पहुंचे। वाल्मीकिनगर पहुंच उसकी सुंदरता को करीब से देख प्रफुल्लित हुए। इस मौके पर वाल्मीकिनगर विधान सभा के विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह,विधायक अनुमंडल प्रतिनिधि उमेश श्रीवास्तव, जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष लड्डू शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहे। मंत्री ने मंगलवार को वीटीआर में चिरकाल से अवस्थित बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने तथा बिहार राज्य के कल्याण के लिए कमाना की। साथ ही उन्होंने पत्रकार वार्ता में बिहार सरकार के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं को दिए जा रहे सरकारी नौकरी की बात बताई।बिहार में मुख्य मंत्री के कार्यकाल में सर्वांगीण विकास हुआ है।

# मुख्यमंत्री नीतीश को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

## 22 जनवरी को अयोध्या जाएंगे जेडीयू अध्यक्ष?

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिल गया है। राम मंदिर के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल ने मंगलवार को कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नीतीश को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। एक दिन पहले वे उनसे मिलने भी गए थे, लेकिन सीएम के बाहर जाने की वजह से मुलाकात नहीं हो पाई। अब सीएम नीतीश को ट्रस्ट की ओर से निमंत्रण पत्र भेजा गया है, जिसमें उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या आने का न्योता दिया गया है। राम मंदिर के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल ने बताया कि वे जल्द ही नीतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित भी करेंगे। साथ ही उन्होंने 22 जनवरी को आम लोगों से अयोध्या न आने की अपील की है। कामेश्वर ने बताया कि 22 जनवरी के समारोह में 6500 लोगों को ही शामिल किया जाएगा। इसके बाद कोई भी अयोध्या आ सकेगा। सुरक्षा की दृष्टि से



22 तारीख को सिर्फ निमंत्रण वाले लोगों को ही अयोध्या आने की अपील की जा रही है। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने पिछले हफ्ते राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट किया था। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी को अभी तक प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण नहीं मिला है। अगर निमंत्रण मिलता है, तो जेडीयू के नेता बेहिचक अयोध्या जाएंगे। नीतीश कुमार को अब निमंत्रण मिल गया है, तो उनके अयोध्या जाने की संभावना नजर आ रही है। बता दें कि राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से कहा गया था कि 22 जनवरी को दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण नहीं दिया जाएगा। क्योंकि एक साथ इतने सारे वीवीआईपी का आदर-सत्कार कर पाना मुश्किल होगा। ट्रस्ट ने ये भी कहा था कि सुरक्षा प्रोटोकॉल की वजह से भी सारे सीएम को न्योता नहीं जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिल गया है। माना जा रहा है कि उनको बतौर जेडीयू पार्टी के अध्यक्ष यह न्योता मिला है। ललन सिंह के इस्तीफे के बाद नीतीश ने हाल ही में जेडीयू की कमान संभाली है। विपक्षी नेताओं में से कांग्रेस पार्टी को भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया है। सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने निमंत्रण स्वीकार लिया है। हालांकि, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर विपक्षी खेमे में असमंजस की स्थिति है। सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने इस समारोह में जाने से इनकार कर दिया है।

## रामभक्तों ने अयोध्या से आए कलश का विधिवत की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगट प्रखंड क्षेत्र के रूंजी पंचायत अंतर्गत महादेव मंदिर परिसर में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के राम भक्तों ने अयोध्या से आए कलश का विधिवत पूजन किया। विश्व हिंदू परिषद जिला गोरक्षा प्रमुख वीरेंद्र कुमार,मिथलेश शाह,गौतम सिंह, मिथुन कुमार मंडल,गोपाल यादव,उमेश शाह, इंद्रजीत मंडल आदि की अगुवाई में पुजारी मोहन बाबा के समक्ष कलश की पूजा पाठ की गई। फिर शिवलिंग पर बाबा भोलेनाथ को शिवलिंग पर रखकर अयोध्या से आए अक्षत और आमंत्रण पत्र रखकर आमंत्रण दिया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सहित राम भक्त को प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के प्रभारी को अयोध्या से आए अच्छत,कलश आमंत्रण पत्रक अन्य पूजन सामग्री वितरित की गई।सभी राम भक्त अपने-अपने पंचायत के गांव में घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत और आमंत्रण पत्र श्रद्धालुओं के बीच वितरित करेंगे।

## बैंकर दंपत्ति के घर से सीडब्ल्यूसी ने नाबालिग नौकरानी का किया रेस्क्यू

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट को ऐसी सूचना मिली थी कि दुमका शहर के एलआईसी कोलोनी में एक बैंकर दंपत्ति बालिका को नौकरानी के रूप में अपने घर में रखे हुए है और उसके साथ मारपीट भी करती है। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुए समिति के बैठक में इस मामले में धावा दल का गठन करते हुए बालिका का रेस्क्यू करने का निर्णय लिया गया। धावा दल एलआईसी कोलोनी के उस आवास तक पहुंचा तो वह बंद पाया गया। छानबीन करने पर वहां एक 14-15 साल की बालिका मिली। सूचना देने पर उसकी मालकिन घर पहुंची। सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी बिजय लक्ष्मी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र, चाइल्ड हेल्पलाइन के निक्कु कुमार, निशा कुमारी, इब्नूल हसन, ऋतिका कुमारी व खुशी कुमारी और नगर थाना के एएसआई राज राम के धावा दल ने बालिका का रेस्क्यू किया और उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कुमारी विजय लक्ष्मी और नूतन बाला ने बालिका और उसे काम पर रखनेवाली महिला का बयान दर्ज करते हुए इस मामले की सुनवाई की। बालिका ने अपने बयान में बताया कि उसकी उम्र 15 वर्ष है पर वह वर्ष 2019 से ही उस घर में काम कर रही है जब उसकी उम्र 11 वर्ष थी। वह सुबह 5:30 बजे उठती है घर का काम करने के बाद सब्जी भी काटती है। दंपत्ति को एक बच्ची है जिसकी देखरेख भी वह करती है। वह खुद सात बहन और एक भाई है। उसके पिता खेतीबाड़ी करते हैं।

# संदिग्ध अवस्था मे मिला आदिवासी युवती का शव, हत्या की आशंका

## पुलिस ब्वॉयफ्रेंड को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ, मना रही थी नए साल का जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लॉज के कमरे से संदिग्ध परिस्थिति में एक आदिवासी युवती का शव मिलने से मंगलवार को सनसनी फैल गई। शव शहर के नगर थाना क्षेत्र के बांधपाड़ा स्थित लॉज से मिली। सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस शव को कब्जे में लेकर तमाम बिंदुओं पर अनुसंधान में जुटी हुई है। मृतिका का नाम कुमुदिनी हांसदा है। जो दुमका जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि पहले कुमुदिनी इसी लॉज में रहती थी। लेकिन कुछ महीने पूर्व उसने यह लॉज खाली कर दिया था। इसके बाद भी उसका इस लॉज में आना जाना लगा रहता था। चुकी लॉज में उसके रिश्ते के चचेरे भाई और बहन रहते हैं। जानकारी के अनुसार एक जनवरी को कुमुदिनी



फाइल फोटो व जांच को पहुंची पुलिस

लॉज पहुंची, तो उसे अपनी रिश्ते की बहन से मुलाकात नहीं हुई। जबकि भाई लॉज में ही मौजूद था। बहन पिकनिक मनाने के लिए गई हुई थी। इसी बीच कुमुदिनी ने अपने बॉयफ्रेंड को लॉज में बुला लिया और भाई के कमरे में बॉयफ्रेंड के साथ चली गई। यह एक जनवरी की शाम की बात है। कहा जा रहा है कि कमरे के अंदर शराब पार्टी भी हुई और मारपीट करने की आवाज भी आई। इसके बाद लॉज में रहनेवाले अन्य छात्रों ने इस मामले में दखलंदाजी नहीं की। मंगलवार की सुबह कुमुदिनी का कथित प्रेमी कमरा खोल कर बाहर निकाला और उसके रिश्ते के भाई को बताया कि कुमुदिनी की तबीयत बिगड़ गई है। इतना कह कर वह कमरे से चला गया। भाई जब अंदर गया तो अंदर का दृश्य देखकर दंग रह गया।जहां कुमुदिनी बेड के नीचे बेसुध पड़ी हुई थी। उसके बाद इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अतिन कुमार और एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा अंसारी घटनास्थल पर फॉरेंसिक जांच टीम के साथ पहुंच पुलिस तमाम बिंदुओं पर अनुसंधान में जुटी हुई है। कुमुदिनी के रिश्ते में लगने वाली बहन ने बताया कि उसका प्रेम संबंध नगर थाना क्षेत्र के ही श्रीरामपाड़ा निवासी मो चीकू से था। वह ही कुमुदिनी से मिलने पहुंचा था। सूत्रों की माने तो पुलिस कथित प्रेमी मो चीकू को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है। चीकू फूल सजाने का काम करता है। मृतक कुमुदिनी बीएड कर टीचर के प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने को तैयारी कर रही थी।

> मामला संदिग्ध है। कुमुदिनी की हत्या की गई या फिर मौत की वजह कुछ और रही। यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।
>
> **मो नूर मुस्तफा**
> **एसडीपीओ, सदर, दुमका**

## पेज 1 का शेष

### ईडी के डराने से...

**झारखंड कांग्रेस में ऊर्जा की कमी नहीं है :** वहीं, मोराहबादी स्थित संगम गार्डन में आयोजित अभिनंदन समारोह में श्री मीर ने कहा कि झारखंड के अभिवादन से हम भाव-विभोर है। राज्य कांग्रेस में ऊर्जा की कमी नहीं है, यह अभी देखने को मिल रहा है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कि झारखंड जैसे गौरवमय प्रदेश का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि आप सबों के सहयोग से हम पूरी तरह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्रथमिकता दी जायेगी। कांग्रेस पार्टी ने सब को साथ लेकर चलती आयी हैं और आगे भी चलती रहेगी। **हमें अपने घर को देखने की जरूरत :** प्रदेश प्रभारी ने कहा कि झारखंड राज्य का मेरा यह पहला दौरा है। इस राज्य की जिम्मेदारी मुझे क्यों मिली, यह मैं भी सोच रहा हूं। हमें शीर्ष नेतृत्व के उम्मीद पर खरा उतरना है। राज्य में गठबंधन की सरकार है। सरकार अपना काम बखूबी कर रही है। इसकी वजह से चुनौती संभालना काम मुश्किल है। हमें अपने घर की ओर देखना है। दूसरे के यहां क्या हो रहा है? हमें इस पर ध्यान नहीं देना है। हमें बांटने की कोशिश की जायेगी, लेकिन कांग्रेस कभी बंटने वाली पार्टी नहीं है। परंतु इससे हमें सर्तक भी रहने की जरूरत है।

### इडी ने जेलर से पूछा...

जेल प्रशासन से बूथ में रिकॉर्ड हुए बातचीत की ऑडियो भी ईडी ने मांगी थी। जेल प्रशासन से मिली सूचना के मुताबिक, जेल से हुई पूरी बातचीत का ट्रांसस्क्रीप्ट ईडी को उपलब्ध कराया गया है। शराब घोटाले में रांची जेल में बंद योगेंद्र तिवारी ने ही जेल से खबर लिखने वालों को धमकी दी थी। जेल से आखिर कैसे कोई धमकी दे रहा है, इसी की तफ्तीश ईडी कर रही है।

### ट्रांसपोर्टरों का विरोध...

**गृह मंत्रालय कर रहा बातचीत :** इस हड़ताल की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार और संगठन की मंगलवार आपातकालीन बैठक भी हुई। सरकार ने भी ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का लोगों पर असर न पड़े, इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। पूरे देश में रोजाना औसतन एक लाख से ज्यादा ट्रक देश के अलग-अलग हिस्सों में दवाओं को पहुंचाते हैं। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक तकरीबन इससे ज्यादा ही ट्रक फल और सब्जियों को पहुंचाते हैं। तकरीबन साढ़े चार लाख से ज्यादा ट्रक रोजाना एक जोन में रोजमर्रा से जुड़ी जरूरत के अन्य छोटे-छोटे सामान पहुंचाते हैं। पिछले 48 घंटों में दवाइयों से लेकर फल और सब्जियां समेत डीजल, पेट्रोल और सीएनजी जैसी जरूरतें सप्लाई करने के लिए ट्रक नहीं चल रहे हैं। **हड़ताल खत्म कराने का निर्देश :** जबलपुर हाईकोर्ट ने सरकार को ड्राइवरों की हड़ताल तुरंत खत्म कराने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में सरकार के अधिवक्ता ने जवाब देते हुए कहा कि आज शाम तक ही इस मामले फैसला ले लिया जायेगा। उम्मीद है कि कभी भी ड्राइवरों की हड़ताल खत्म हो जाये। हड़ताल से आमजन को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल नहीं मिलने के कारण वाद विवाद और झड़प भी हो रही है। ऐसे में हाईकोर्ट ने इस हड़ताल को असंवैधानिक बताते हुए सरकार को तुरंत हड़ताल खत्म कराने के निर्देश दिये हैं। **क्या है हिट एंड रन कानून :** ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) को कैंसिल करने वाला नया कानून, दुर्घटना स्थल से भागने और घटना की रिपोर्ट न करने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान करता है। सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 'हिट एंड रन' कानून में बदलाव किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 10 साल तक कैद और सात लाख रुपए तक का जुमार्ने का प्रावधान है। **इस वजह से डरते हैं ड्राइवर :** ड्राइवरों को दुर्घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों द्वारा परेशान किये जाने का डर रहता है। इसी के वजह से ड्राइवर अधिकारियों को रिपोर्ट किए बिना भागने की कोशिश करते हैं। पुलिस से जुड़ी लंबी प्रोसेस एक और कारण है जो उन्हें कानूनी रास्ता अपनाने से निराश करती है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे आंदोलन जारी रखेंगे।

### अबकी बार 400 पार...

बैठक में बताया गया है कि जल्दी ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे शुरू हो जायेंगे। **वरिष्ठ नेताओं की बैठक :** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति और अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर चर्चा करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में पार्टी महासचिव सुनील बंसल, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव और मनसुख मंडाविया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा मौजूद रहे।

### आतंकी शर्तों पर...

मगर हम उन शर्तों के आधार पर बातचीत नहीं होगी। पाकिस्तान बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद की प्रथा को वैध और प्रभावी माना जाता है। **कनाडा को लेकर कही ये बात :** कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों के फैलने को लेकर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी ताकतों को भारत और कनाडा के राजनयिक रिश्तों के लिए हानिकारक गतिविधियों में शामिल होने की जगह दी गयी है। उन्होंने कहा, 'मुख्य मुद्दा यह है कि कनाडा की राजनीति में खालिस्तानी ताकतों को बहुत जगह दी गयी है। उन्हें ऐसी गतिविधियों में शामिल होने की छूट दी गयी है जिससे संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है। मुझे लगता है कि ये न भारत के हित में हैं और न कनाडा के हित में हैं। **चीन को भी चेताया :** जयशंकर ने कहा कि भारत को चीन के साथ आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और साझा हितों के आधार पर रिश्ता कायम करने की जरूरत है। उन्होंने चीन की आक्रामकता से निपटने के लिए भारत के दृष्टिकोण में बदलाव की बात की। साथ ही उन्होंने चीन को लेकर पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू के की नीतियों की आलोचना की। पंचशील समझौता एक और ऐसा उदाहरण है। उन्होंने कहा, 'आत्मविश्वास और आश्वासन की भूमिका हमें बताती है कि हम एक बहुत पुरानी सभ्यता हैं।

### गर्भगृह में स्थापना...

**21 जनवरी ऐतिहासिक दिन होगा :** रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी देते कर्मकांडी विद्वान सुनील लक्ष्मीकांत दीक्षित 50 विद्वानों के साथ अयोध्या पहुंचेंगे। वैसे तो 17 तारीख से अलग-अलग अधिवास के साथ अनुष्ठान शुरू होगा, लेकिन, सबसे महत्वपूर्ण होगा 21 जनवरी का दिन। उस दिन जब सैय्या अधिवास के साथ भगवान रामलला को निद्रा करवाने का क्रम पूरा किया जायेगा। एक बच्चे की तरह भगवान को सुलाया जायेगा और 24 घंटे की गहरी नींद के बाद 22 जनवरी की सुबह तालियों और मंत्रोचार के साथ घंटे घड़ियाल की ध्वनि से भगवान रामलला को जगाकर उनका आह्वान करते हुए गर्भगृह में स्थापना की प्रक्रिया को शुरू किया जायेगा। वहां मंडप और मंदिर के गर्भग्रह की तैयारी भी चल रही है। जो-जो कार्यक्रम होने हैं जो सामग्री आनी है, वह प्रक्रिया अपने आप में चल रही हैं। **17 को भगवान की मूर्ति का नगर भ्रमण :** 16 जनवरी से पूर्व रंग प्राण प्रतिष्ठा का आरंभ होगा। प्रायश्चित संस्कार होने के बाद जल यात्रा होगी। जल यात्रा के बाद 17 जनवरी को भगवान की मूर्ति का नगर भ्रमण अयोध्या नगरी में किया जायेगा। 17 जनवरी को यह प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 18 जनवरी को इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आरंभ मध्यान्ह में लगभग 1 बजे से शुरू हो जायेगा। उस दिन गणेश पूजन इत्यादि जो सामान्य प्रक्रिया होती है और मंडप के सभी देवताओं की स्थापना की जायेगी। 19 जनवरी की सुबह प्रातः काल लगभग 8 बजे से 9 बजे के बीच अर्णी मंथन द्वारा अग्नि स्थापना अग्नि को प्रकट किया जायेगा। हवन कुंड में अग्नि को स्थापित करने के बाद नवग्रह होम हवन की शुरूआत होगी। 20 जनवरी को घृता अधिवास यानि भगवान को घृत (घी) में रखा जायेगा और उनको स्नान करवाया जायेगा। इसके अलावा पुष्पा अधिवास, रत्ना अधिवास, जिसमें पुष्प में और अलग-अलग महंगे रत्नों में भी भगवान को विराजमान किया जायेगा।

# सभ्यता ज्ञान पर केंद्रित है भारत : मोदी

## बीयू में 38वें दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री बोले- शिक्षा के महान केंद्र थे गंगईकोंडा चोलपुरम और मदुरै

एजेंसी

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और उसकी सभ्यता हमेशा ज्ञान पर केंद्रित रही है। श्री मोदी ने भारतीदासन विश्वविद्यालय (बीयू) में 38वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा और तक्षशिला जैसे कुछ प्राचीन विश्वविद्यालय प्रसिद्ध हैं। इसी तरह कांचीपुरम जैसे स्थानों में महान विश्वविद्यालयों का भी उल्लेख है। उन्होंने कहा कि गंगईकोंडा चोलपुरम और मदुरै भी शिक्षा के महान केंद्र थे।

उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में आना मेरे लिए विशेष है, क्योंकि 2024 में यह मेरी पहली सार्वजनिक सभा है। बीयू ने एक मजबूत और परिपक्व नींव पर शुरुआत की है। इस परिपक्वता ने विश्वविद्यालय को कई क्षेत्रों में प्रभावशाली बना दिया है। चाहे वह मानविकी, भाषा, विज्ञान या यहां तक कि उपग्रह हो- बीयू एक

**2047 तक विकसित भारत बनाने में योगदान दें स्नातक**

अद्वितीय पहचान बनाता है।

उन्होंने कहा कि आप ऐसे समय में दुनिया में कदम रख रहे हैं, जब हर क्षेत्र में हर कोई आपको और एक नई आशा के साथ देख रहा है। युवा यानी ऊर्जा, इसका अर्थ है गति, कौशल और पैमाने के साथ काम करने की क्षमता। पिछले कुछ वर्षों में हमने गति और पैमाने में आपकी बराबरी करने के लिए काम किया है, ताकि हम आपको लाभान्वित कर सकें।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या 74 से दोगुनी होकर लगभग 150 हो गई है। तमिलनाडु में एक जीवंत समुद्र तट है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि भारत में प्रमुख बंदरगाहों की कुल कार्गो प्रबंधन क्षमता 2014 से दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि कई मायनों में स्थानीय और वैश्विक कारकों के कारण



भारत में युवा होने का यह सबसे अच्छा समय है। यह कहते हुए कि प्रत्येक स्नातक 2047 तक एक विकसित भारत बनाने में योगदान दे सकता है, उन्होंने कहा कि जो विज्ञान आप (छात्र) सीखते हैं वह आपके गांव के एक किसान की मदद कर सकता है, जो तकनीक आप सीखते हैं वह जटिल

समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है। आप जो व्यवसाय प्रबंधन सीखते हैं, वह व्यवसाय चलाने में मदद कर सकता है और दूसरों के लिए आय वृद्धि सुनिश्चित कर सकता है।

उन्होंने कहा कि आप जो अर्थशास्त्र सीखते हैं, वह गरीबी को कम करने में मदद कर सकता

### वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाजार खुलेंगे

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्थाओं के साथ कई व्यापार समझौते भी किये हैं। उन्होंने कहा कि सौदे हमारी वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाजार खोलेंगे। वे हमारे युवाओं के लिए अनगिनत नए अवसर भी पैदा करते हैं। चाहे जी20 जैसे संस्थानों को मजबूत करना हो, जलवायु परिवर्तन से लड़ना हो या वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाना हो, हर वैश्विक समाधान के हिस्से के रूप में भारत का स्वागत किया जा रहा है।

है और एक तरह से यहां का प्रत्येक स्नातक 2047 तक एक विकसित भारत बनाने में योगदान दे सकता है। प्रसिद्ध कवि भारतीदासन के तमिल छंदों का हवाला देते हुए (जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नाम पुथियाथोर उलगम सेइवोम रखा गया था) श्री मोदी ने कहा कि इसका मतलब एक बहादुर नयी दुनिया का निर्माण करना है, जो विश्वविद्यालय का आदर्श वाक्य भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पहले से ही ऐसी दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिक चंद्रयान जैसे मिशनों के

माध्यम से विश्व मानचित्र पर हैं और हमारे नवप्रवर्तकों ने पेटेंट की संख्या 2014 में लगभग 4,000 से बढ़ाकर अब लगभग 50,000 कर दी है। उन्होंने कहा कि हमारे मानवता विद्वान भारत की कहानी को दुनिया के सामने इस तरह प्रदर्शित कर रहे हैं जैसे पहले कभी नहीं किया गया। साथ ही, देश के संगीतकार और कलाकार लगातार देश के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार ला रहे हैं। इससे पहले श्री मोदी ने छात्रों से बातचीत की और स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित किया।

# शाह ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा को लेकर की बैठक

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में जम्मू कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। पिछले कुछ समय में सीमा पार से आतंकवादी घटनाओं के बढ़ने के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही इस बैठक में केन्द्र शासित प्रदेश में बाह्य और आंतरिक सुरक्षा संबंधी सुरक्षा ग्रिड पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। साथ ही साथ, केन्द्रीय पुलिस बलों तथा स्थानीय पुलिस के बीच तालमेल और राज्य में विकास परियोजनाओं की प्रगति तथा केन्द्रीय योजनाओं के बारे में भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार की आतंकवाद का कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और उसके परिणामों पर भी बातचीत की गयी।

बैठक में उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

**आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और परिणामों पर भी हुयी चर्चा**



अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिदेशक और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। खुफिया एजेन्सी तथा सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने राज्य के सुरक्षा हालातों के बारे में गृह मंत्री को जानकारी दी।

### मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में 6 सुरक्षाकर्मी घायल

**इंफाल।** टेंग्नौपाल जिले के सीमावर्ती मोरेह में मंगलवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में मणिपुर पुलिस के पांच कमांडो और एक बीएसएफ जवान घायल हो गए। इंफाल में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने पुलिस कमांडो और सीमा सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे वाहनों को निशाना बनाया। इस हमले में पांच पुलिस कमांडो और एक बीएसएफ राइफलमैन घायल हो गए। उन पर तब हमला किया गया जब वह म्यांमार के करीब सीमावर्ती शहर मोरेह के रास्ते में थे। पुलिस कमांडो और बीएसएफ जवान जब संयुक्त रूप से उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रहे थे, तभी उन्होंने अत्याधुनिक हथियारों से सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। घायल सुरक्षाकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से इंफाल ले जाया गया। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने हमले की निंदा की है। सीएम ने उन अस्पतालों का दौरा किया जहां घायल सुरक्षाकर्मियों का इलाज चल रहा है।

# सीइसी, ईसी की नियुक्ति के नए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति के लिए चुनाव करने वाली समिति के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करने का प्रावधान वाले दिसंबर 2023 के नए कानून की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए दो याचिकाएं दायर की गई हैं।

मध्य प्रदेश कांग्रेस नेता जया ठाकुर और वकील गोपाल सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम- 2023 को संविधान के विभिन्न प्रावधानों और शीर्ष अदालत के एक फैसले के विपरीत बताते हुए उसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अलग-अलग

**नए कानून की वैधता को चुनौती देते हुए दो याचिकाएं हुयीं दायर**



याचिकाएं दायर की हैं। कांग्रेस नेता ठाकुर ने 2023 कानून के प्रावधानों को निर्धारित सिद्धांतों के विपरीत बताया। साथ ही, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों का उल्लंघन करने वाला होने के अलावा अनूप बरनवाल बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में शीर्ष अदालत के फैसले के विपरीत होने का दावा किया। याचिका में दावा किया गया है कि शीर्ष अदालत ने 02 मार्च 2023 को अपने फैसले

में कहा था कि सीईसी और ईसी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सलाह पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होंगे। उन्होंने 2023 के उस कानून को संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 50 और 324 के तहत अधिकारातीत घोषित करने का निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई। याचिकाकर्ता सिंह ने अपनी याचिका में कहा है कि शीर्ष अदालत सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए चयन समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को उचित आदेश जारी करने का निर्देश दे सकती है। चयन समिति में वर्तमान में प्रधानमंत्री, सदन में विपक्ष के नेता शामिल हैं। गौरतलब है कि कानून और न्याय मंत्रालय ने 28 दिसंबर को नए अधिनियम को अधिसूचित किया था।

### ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दायर, सील वज़ूखाना साफ करने की मांग

**नयी दिल्ली।** ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक और अर्जी दाखिल की गई है। हिंदू पक्ष ने इस याचिका में सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग वाले सील वज़ूखाने को साफ करने की मांग की गई है। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन की ओर से दाखिल अर्जी में मांग की गई है कि वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किया जाए कि वो टैंक की सफाई कराए। अर्जी में कहा गया है कि मई, 2022 से मुस्लिम पक्ष के वज़ूखाने की सफाई नहीं हुई है, जिसकी वजह से 20 से 25 दिसंबर के बीच मछलियों की मौत हो गई। इस वजह से वज़ूखाना में सर्वे में मिला शिवलिंग अपवित्र हो गया है। यह हिन्दू धर्म की आस्था के विपरीत है, ऐसे में टैंक की सफाई का आदेश दिया जाए।

# पाक में नवाज शरीफ दो जगहों से लड़ेंगे चुनाव

**लाहौर।** पाकिस्तान में इस साल होने वाले आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ दो जगहों से चुनाव मैदान में उतरेंगे। वहीं पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के 90 फीसदी नेताओं के नामांकन खारिज होने से विपक्ष में आक्रोश है। चुनाव आयोग ने लाहौर असेंबली सीट से नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार लिया है। वहीं इसके खिलाफ जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने कोर्ट में चुनौती दी है। पीटीआई नेताओं का इसके पीछे तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ को 2017 में आजीवन अयोग्य घोषित किया था। हालांकि, चुनाव आयोग ने मानसाहारा और लाहौर

**इमरान खान की पार्टी के 90 फीसदी नामांकन हुये खारिज**

की दो नेशनल असेंबली सीटों से नवाज शरीफ की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के 90 प्रतिशत महत्वपूर्ण नेताओं के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया है। सोमवार को पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पीटीआई अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही, पूर्व गृह मंत्री मुनिस इलाही और जरताज गुल सहित कई पीटीआई नेताओं ने हाई कोर्ट के चुनाव न्यायाधिकरणों में नामांकन पत्र को खारिज करने को लेकर चुनौती दी।

### भारत-संयुक्त अरब अमीरात का सैन्य अभ्यास शुरू

**नयी दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात की सेनाओं के बीच मंगलवार को राजस्थान की महाजन रेंज में संयुक्त सैन्य अभ्यास डेजर्ट साइक्लोन शुरू हो गया। दोनों सेनाओं की टुकड़ियों के बीच अभ्यास 15 जनवरी तक चलेगा।

संयुक्त अरब अमीरात की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व जायद फर्स्ट ब्रिगेड के सैनिक कर रहे हैं अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के शांति सेना अभियान चार्टर के तहत दोनों सेनाओं के बीच रेगिस्तानी और अर्ध रेगिस्तानी अभ्यास दौरान संयुक्त निगरानी केंद्र की स्थापना, घेराबंदी और खोज अभियान, निर्मित क्षेत्र का प्रभुत्व और हेलिबोर्न संचालन शामिल हैं। यह अभ्यास दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद करेगा।

# देश की सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक है अग्निपथ : कांग्रेस


**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल (सेनि.) रोहित चौधरी ने कहा कि अग्निपथ स्कीम देश की सुरक्षा प्रणाली के लिए बेहद खतरनाक है। सेना के पूर्व प्रमुख एमएम नरवणे ने खुद अपनी किताब में लिखा है कि अग्निपथ स्कीम सेनाओं के लिए चौंकाने वाली योजना थी। नरवणे के अनुसार ये उनकी मांगी हुई स्कीम नहीं थी। चौधरी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे बड़ी बात, जो भर्तियां रद्द की गई, उसमें आवेदकों से फॉर्म फीस के नाम पर 100 करोड़ से ज्यादा रुपये इकट्ठा किए गए। ये 100 करोड़ का

भर्ती स्कैम है! आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? चौधरी ने कहा कि अग्निपथ स्कीम आने से पहले करीब 1.5 लाख से ज्यादा युवा आर्मी, एयरफोर्स और नेवी में चयनित किए गए थे लेकिन अग्निपथ स्कीम आने के बाद मोदी सरकार ने इनके सपनों को चूर-चूर कर दिया। 7,000 युवा एयरफोर्स में अपने जॉइनिंग लेटर का इंतजार करते रहे लेकिन उन्हें लेटर नहीं दिया गया। इसी तरह आर्मी में 2,500 नर्सिंग असिस्टेंट को देश सेवा का मौका नहीं दिया गया। चौधरी ने कहा कि हमारी मांग है कि आर्मी-एयरफोर्स की जिन 100 भर्तियों में 1.5 लाख से ज्यादा बच्चे चयनित किए गए थे, उन्हें तुरंत जॉइनिंग दी जाए।

# आमिर खान की बेटी आज ट्रेनर नुपुर के साथ करेंगी शादी

**बांद्रा के ताज लैंड एंड होटल में महाराष्ट्रियन अंदाज में होगी शादी**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर आमिर खान का घर इस वक्त खुशियों से भरा हुआ है। आमिर की लाडली बेटी इरा खान 3 जनवरी को फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखर के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। नुपुर एक मशहूर फिटनेस ट्रेनर हैं और कई सेलिब्रिटिज को फिटनेस ट्रेनिंग देते हैं। आमिर के घर में शादी के माहौल का वीडियो सामने आया है। दोनों की शाही शादी का आयोजन बांद्रा के ताज लैंड एंड होटल में किया गया है। पिछले कई दिनों से इरा और नुपर की शादी की चर्चा चल रही थी। नवंबर, 2022 में इरा और नुपुर ने गुपचुप तरीके से सगाई कर सभी को चौंका दिया था। अब बेटी की शादी के लिए आमिर खान का घर अच्छे से सजाया गया है।



आमिर का घर रोशनी से जगमगा उठा है। इस सजावट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इरा और नुपुर की शादी पारंपरिक महाराष्ट्रियन अंदाज में

होगी। 6 से 10 जनवरी तक दिल्ली और जयपुर में रिसेप्शन पार्टियां होंगी। आमिर ने खुद अपनी बेटी की शादी में बी-टाउन कलाकारों को आमंत्रित किया है।

### अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा के साथ डेटिंग कर रही शाहरुख खान की बेटी

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान फिल्म द आर्चीज के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं। फिल्म की रिलीज के बाद सुहाना खान और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की चर्चा शुरू हो गई है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही सुहाना खान के अफेयर की चर्चा शुरू हो गई। शाहरुख की बेटी सुहाना का नाम अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा से जुड़ चुका है। दोनों को फिल्म द्वारा आर्चीज में साथ देखा गया था। मिहिर आहूजा ने कहा कि मैं सुहाना और अगस्त्य के रिश्ते को लेकर श्योर नहीं हूं। मिहिर के बयान के बाद सुहाना और अगस्त्य के रिश्ते पर कई सवाल उठ रहे हैं। द आर्चीज में उनके कई रोमांटिक सीन भी



वायरल हो रहे हैं। फिल्म द आर्चीज में सुहाना का काम दर्शकों को पसंद नहीं आया, लेकिन अगस्त्य नंदा के काम को काफी सराहा गया। फिल्म द आर्चीज के बाद सुहाना ने किसी भी फिल्म के लिए हामी नहीं भरी, लेकिन अगस्त्य की फिल्म इक्कीस दर्शकों के सामने आ रही है।


### माधुरी दीक्षित ने किये सिद्धिविनायक के दर्शन



**मुंबई।** मराठी फिल्म पंचक के रिलीज होने से पहले माधुरी दीक्षित ने सपरिवार सिद्धिविनायक के दर्शन किये। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित पंचक के लिए पूजा-अर्चना करने और बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए अपने पति डॉक्टर श्रीराम नेने और बेटों अरिन-रयान के साथ प्रभादेवी स्थित सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं और बाप्पा का आशीर्वाद लिया। दीक्षित ने कहा कि उनकी फिल्म पंचक रिलीज हो रही है। उन्होंने सभी से फिल्म देखने का आग्रह किया। माधुरी ने कहा कि भले ही फिल्म मराठी भाषा में है, लेकिन सबटाइटल तो होंगे ही।

## एक नजर में

### बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री को छह महीने की सजा



**ढाका।** बांग्लादेश में श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में दोषी पाए जाने पर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉ मोहम्मद यूनुस को सोमवार को छह माह कैद की सजा सुनाई गई। डॉ. यूनुस पर ग्रामीण टेलीकॉम कंपनी में मजदूर कल्याण कोष को नहीं बनाने का आरोप था। हालांकि सभी को पांच हजार टका के बॉन्ड पर एक महीने की जमानत दे दी गई। इस सजा के बाद यूनुस के समर्थकों ने फैसले को राजनीति से प्रेरित बताया है। 83 वर्षीय अर्थशास्त्री ने गरीब विरोधी अभियान चलाने के लिए 2006 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। श्रम न्यायालय तृतीय की जस्टिस शेख मेरिना सुल्ताना ने कानून का उल्लंघन करने के आरोप में दोषी मानते हुए ग्रामीण टेलीकॉम अध्यक्ष यूनुस और कंपनी के उनके तीन अधिकारियों को छह महीने साधारण कैद की सजा सुनाई। जस्टिस मेरिना ने यूनुस समेत सभी दोषियों पर 25 हजार टका (तकरीबन 18 हजार रुपये) का जुर्माना लगाया।

### जापान में सुनामी की चेतावनी घटाया गया

**टोक्यो।** जापान ने सोमवार को पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए जाने के बाद सुनामी को लेकर जारी अपनी चेतावनी के स्तर को घटा दिया है लेकिन तटीय इलाकों के निवासियों से कहा गया कि वे अपने घरों में ना लौटें क्योंकि घातक लहरें अब भी आ सकती हैं। वहीं रिएक्टर स्केल पर 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के कई झटकों के बाद लोगों में डर और भारी तबाही देखी गई। लोगों में भूकंप के बाद खौफ देखा गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा के समुद्र तटीय क्षेत्र और आसपास के प्रांतों में एक दर्जन से अधिक भूकंप आने की सूचना दी, जिनमें से सबसे अधिक 7.6 तीव्रता वाला भूकंप था। भूकंप के कारण जापान के मुख्य द्वीप होंशू के पश्चिमी तट पर आग लग गई और कई इमारतें ढह गई। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग हताहत हुए होंगे। सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने कहा कि भूकंप से कम से कम छह घर क्षतिग्रस्त हो गए और लोग अंदर फंस गए। उन्होंने कहा कि इशिकावा प्रान्त के वाजिमा शहर में आग लगने से 30,000 से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई।

### अमेरिका के संघचालक प्रो. नंदा का निधन



**डेनवर (अमेरिका)।** हिन्दू स्वयंसेवक संघ, अमेरिका के संघचालक प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा का 1 जनवरी को निधन हो गया। प्रोफेसर नंदा अमेरिका में हिन्दू स्वयंसेवक संघ के प्रमुख होने के साथ ही अनेक स्वयंसेवक संस्थाओं के लिए एक मजबूत स्तंभ थे। अविभाजित भारत के गुजरांवाला (अब पाकिस्तान में) में 1934 में जन्मे प्रोफेसर नंदा और उनके परिवार को विभाजन की भीषण त्रासदी को सहन करना पड़ा और उसके बाद पंजाब में एक शरणार्थी के तौर पर भी बहुत कठिन जीवन व्यतीत किया। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से एमए अर्थशास्त्र, दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री और नॉर्थ वेस्टर्न विश्वविद्यालय से एलएलएम करने के बाद अमेरिका में येल विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करके एक अनुकरणीय करियर बनाया। 1972 से डेनवर विश्वविद्यालय के स्टर्म कॉलेज ऑफ लॉ में एक सफल अंतरराष्ट्रीय कानून प्रोफेसर रहे।

### भारत में कोरोना के 573 नये केस, दो की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के नये मामले में लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 573 नए मामले सामने आए हैं। इसी दौरान इससे दो लोगों की मौत हुई है। साथ ही इस अवधि में 400 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मामले बढ़कर 4565 हो गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक कर्नाटक से सबसे ज्यादा कोरोना के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। यहां एक दिन में 245 नए मामले सामने आए हैं। केरल की स्थिति में अब सुधार हुआ है। कोरोना से हरियाणा और कर्नाटक में एक-एक मौत हुई।

### 72 हजार अंक से नीचे आया सेंसेक्स

**मुंबई।** चीन के मिश्रित आर्थिक आंकड़ों से एशियाई बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को शेयर बाजार ने तेजी गंवा दी। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 379.46 अंक की गिरावट लेकर चार दिन बाद 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 71,892.48 अंक पर आ गया। इसी तरह 76.10 अंक लुढ़ककर 21,665.80 अंक रह गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत फिसलकर 37,007.65 अंक और स्मॉलकैप 0.03 प्रतिशत उतरकर 42,974.48 अंक रह गया। बीएसई में 3929 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1992 में तेजी जबकि 1811 में गिरावट रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 19 कंपनियों में लिवाली जबकि 31 में बिकवाली हुई। बीएसई के 14 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.06, सीडी 0.33, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.01, आईटी 1.03, दूरसंचार 0.62, यूटिलिटीज 0.18, ऑटो 1.32, बैंकिंग 1.16, कैपिटल गुड्स 1.42, पावर 0.11, रियल्टी 1.04 और टेक समूह के शेयर 0.75 प्रतिशत लुढ़क गए। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03, जापान का निक्केई 0.22, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत गिर गया। वहीं, जर्मनी के डैक्स में 0.43 प्रतिशत की बढ़त रही।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!